राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 100 वें टेस्ट पर भारतीय खिलाड़ियों ने...

प्रकाश आंबेडकर ने महा विकास... 12

वर्ष : 14 | अंक : 295 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 25°C
न्यूनतम तापमान 22°C

**बाजार**

सोना 66,865

चांदी 78,500

सेंसेक्स 74,119

निफ्टी 22,493

## संक्षिप्त खबरें

### बस-ट्रक भिड़ंत में तीन की मौत, 35 घायल

सागर। मध्यप्रदेश के सागर जिले के खुरई खिमलासा रोड पर आज बस और ट्रक की आमने सामने की भिड़ंत में तीन की मौत हो गयी और 35 यात्री घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुरई में भर्ती कराया गया है, जिनमें गंभीर रूप से दो घायलों को जिला चिकित्सालय सागर रैफर किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि सुबह खिमलासे से खुरई के रास्ते सागर की ओर जा रही यात्री बस की सागर की ओर से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में बस और ट्रक चालकों सहित एक अन्य महिला की मौत हो गयी। वहीं, बस में सवार घायल 35 यात्रियों मे 31 को खुरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जिसमे से गंभीर रूप से दो घायलो को जिला चिकित्सालय सागर रैफर किया गया है।

### केरल: ट्रेन की चपेट में आने से महिला और बच्चे की हुई मौत

कोट्टायम (केरल)। कोट्टायम में बृहस्पतिवार को रेलवे ओवर ब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक महिला और बच्चे की मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना यहां के पास आदिचिरा 101 कावला में सुबह करीब 10.48 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि दूसरे राज्य की रहने वाली महिला और पांच साल के बच्चे की तिरुवनंतपुरम-हैदराबाद सबरी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। आधे घंटे तक मार्ग पर यातायात नियंत्रित करने के बाद शवों को हटाया गया। शवों को यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### राजस्थान में भाजपा ने आठ जिलाध्यक्ष बदले

जयपुर, 07 मार्च (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में आठ जिलों में नए जिलाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर बुधवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। इसके तहत झुंझुनूं में बनवारीलाल सैनी को, सीकर में कमल सिकवाल को, टोंक में अजीत मेहता को, डूंगरपुर में हरीश पाटीदार को, कोटा शहर में राकेश जैन को, कोटा देहात में प्रेम गोचर को, बूंदी में सुरेश अग्रवाल और बारां में नंदलाल सुमन को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि पार्टी ने किसान मोर्चा के जिलाध्यक्षों सहित कई पदों पर हाल ही में नियुक्ति की हैं।

### भाजपा और बीजद एक ही सिक्के के दो पहलू: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन के स्पष्ट संकेत मिलने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि ये दोनों दल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अब यह सच्चाई सामने आती हुई दिख रही है कि बीजद और भाजपा द्वारा एक दूसरे का विरोध करना सिर्फ दिखावा है। ओडिशा में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और बीजू जनता दल में गठबंधन के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों का कहना कि भाजपा और बीजद में गठबंधन होने की पूरी संभावना है लेकिन इस पर शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेगा और यह विभिन्न पहलुओं, खासतौर पर सीट बंटवारे पर निर्भर करेगा।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है: पीएम मोदी

प्रात: किरण/एजेंसी

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी 'अग्रिम शुभकामनाएं' दीं। महाशिवरात्रि शुक्रवार को है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एक जनसभा में मोदी ने कहा, ''जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है।'' उन्होंने कहा, ''ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौंसला है।'' भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा, ''आज जो विकास परियोजनाएं समर्पित की जा रही हैं, उनसे जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है।'' जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन संभावनाओं और किसानों के सशक्तीकरण से निकलेगा।

उन्होंने कहा, ''जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं है। जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। और ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए विकसित जम्मू कश्मीर, विकसित भारत की प्राथमिकता है।'' उन्होंने कहा, ''विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं का नेतृत्वङ्क विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता यहीं से निकेलगा।'' प्रधानमंत्री ने जनता से मिले प्यार के लिए उनका आभार जताया और और कहा कि वह इस कर्ज को चुकाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा, ''साल 2014 के बाद मैं जब भी आया, मैंने यही कहा कि मैं ये मेहनत आपका दिल जीतने के लिए कर रहा हूं। और मैं दिनों-दिन देख रहा हूं कि आपका दिल जीतने की सही दिशा में मैं जा रहा हूं।''



## अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोदी श्रीनगर पहुंचे

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरुवार को एक दिवसीय कश्मीर दौरे पर श्रीनगर पहुंचे। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री यहां बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे और इस दौरान वह जम्मू-कश्मीर के लिए प्रमुख विकासपरक परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। रैली स्थल पर भाजपा कार्यकताओं समेत हजारों की संख्या में लोग यहां जुटे हैं। रैली के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए श्रीनगर में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। यातायात पुलिस ने प्रधानमंत्री की श्रीनगर यात्रा के दौरान कुछ मार्गों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सार्वजनिक रैली स्थल को सुरक्षित कर लिया गया है और विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) ने इसे अपने कब्जे में ले लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24(2) के प्रावधानों के अनुसार, तत्काल प्रभाव से ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के संचालन के लिए श्रीनगर शहर को ह्यअस्थायी रेड जोनह्न घोषित किया गया है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली कश्मीर यात्रा है।

# हर परिवार के उत्थान के लिए पारिवारिक शासन चलाती है : मुख्यमंत्री एम के स्टालिन

प्रात: किरण/एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन पर लगाये 'परिवारवाद' के आरोप का जबाव देते हुए बीते बुधवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार वास्तव में ₹परिवार का शासन₹ है, लेकिन यह वो सरकार है जो सही मायने में हर परिवार के कल्याण के लिए प्रयास करती है। समाचार वेबसाइट इंडिया टुडे के अनुसार मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक आधिकारिक बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना कहा, ₹कुछ लोग डीएमके सरकार को पारिवारिक शासन कहते हैं। हां, यह सच है कि हमारे यहां एक पारिवारिक शासन है, लेकिन हमारा एक ऐसा परिवार है, जो तमिलनाडु के हर परिवार को मदद का हाथ देता है।

मालूम हो कि पिछले दिनों तमिलनाडु यात्रा के दौरान मोदी ने सूबे की डीएमके सरकार पर हमला करते हुए कहा था, ₹जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक शासन करने वाले राजनीतिक परिवारों के बीच भाजपा को लेकर बहुत चिंता है। डीएमके, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल केवल परिवारवाद के भरोसे जिंदा हैं। पीएम मोदी ने स्टालिन सरकार पर 'वंशवादी राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए एक जनसभा में कहा था, तमिलनाडु में चल रही द्रमुक की वंशवादी राजनीति एआईएडीएमके के दिवंगत संस्थापक एमजी रामचंद्रन का बहुत बड़ा अपमान है। स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी के हालिया उस दावे पर भी सवाल उठाया कि तमिलनाडु में केंद्र से मिल रहे धन से राज्य के लोगों को सीधे लाभ पहुंच रहा है और यहां की सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्र के साथ सहयोग नहीं कर रही है। स्टालिन ने केंद्र सरकार पर अपना पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र ने लगातार तमिलनाडु के लिए आवंटित होने वाले धन में ₹भारी कटौती₹ की है, जिसके कारण राज्य सरकार को बहुत परेशानी हो रही है। सीएम एमके स्टालिन ने कहा, जब पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले चेन्नई का दौरा किया था तो उन्होंने झूठ बोला था कि धन राज्य सरकार को दिए जाने के बजाय सीधे लोगों के खातों में भेजा जा रहा है। अगर उन्होंने लोगों के मिले धन के विवरण का उल्लेख किया होता तो हम उनसे पूछ सकते थे कि उन्हें धन मिला या नहीं।

# कैफे ब्लास्ट मामला: संदिग्ध की तस्वीर जारी, सुराग देने वाले को मिलेंगे दस लाख

प्रात: किरण/एजेंसी

बेंगलुरु। बीते 1 मार्च को रामेश्वरम कैफे में बड़ा धमाका हुआ और कई लोग घायल हो गए। इसकी जांच एनआईए और सीबीआई की स्पेशल विंग कर रही है। आरोपियों को तलाशने के लिए एजेंसियों ने कई लोगों से पूछताछ कर दबिश दी है। इसके बाद भी संदिगध अभी तक हाथ नहीं लगे हैं। आरोपियों के संबंध में पुख्ता जानकारी देने वाले को दस लाख का इनाम घोषित किया गया है। संदिग्ध की एक तस्वीर भी जारी की है। जांच एजेंसी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को चिन्हित कर लिया, जिसके बाद उसकी तस्वीर सार्वजनिक कर दी गई है। हालांकि अब तक आरोपी गिरफ्त में नहीं आ सका है और उसकी तलाश अभी भी जारी है। एनआईए ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोपी की फोटो पोस्ट कर लिखा- बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने हमलावर के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



# 'डबल इंजन' सरकार में न्याय मांगना गुनाह: राहुल

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कथित दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और दावा किया कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार में न्याय की मांग करना गुनाह है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में दो बच्चियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर आरोप लगाया कि राज्य में ह्यजंगल राजह्न है, जहां कानून नाम की चीज नहीं बची है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नरेन्द्र मोदी की डबल इंजन सरकारों में हो रहे 'डबल अन्याय' को इन दो घटनाओं से समझिए! उत्तर प्रदेश में दो बहनों ने अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद फांसी लगा ली, अब न्याय न मिलने और मुकदमा वापस लेने के दबाव पर उनके पिता को भी फांसी लगानी पड़ी।''

उन्होंने कहा, ''मध्य प्रदेश में एक महिला की इज्जत सरेबाजार तार-तार हुई। गरीब पति ने न्याय की गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई न होने से निराश होकर वह अपने दोनों बच्चों के साथ फांसी पर झूल गया।'' उन्होंने दावा किया कि 'डबल इंजन सरकार' में न्याय मांगना गुनाह है। राहुल गांधी के मुताबिक, ''मित्र मीडिया द्वारा बड़ी मेहनत से गढ़ी गई झूठी छवि की रक्षा के लिए पीड़ित ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों तक से दुश्मन जैसा व्यवहार भाजपा शासित राज्यों में परंपरा बन चुकी है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज में हाथरस से लेकर उन्नाव और मंदसौर से लेकर पौड़ी तक महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार के बाद उनके परिवारों को न्याय के लिए तरसाया गया।

राहुल गांधी ने कहा, ''इस भयंकर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाइए, वरना आज नहीं तो कल इस अत्याचार की आग आप तक भी पहुंचेगी।''

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, कानपुर में सामूहिक बलात्कार की पीड़ित दो नाबालिग बच्चियों ने आत्महत्या कर ली। अब उन बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है।

आरोप है कि पीड़ित परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने कहा, ह्यउत्तर प्रदेश में पीड़ित बच्चियां-महिलाएं अगर न्याय मांगती हैं तो उनके परिवारों को बर्बाद कर देना नियम बन चुका है। उन्नाव, हाथरस से लेकर कानपुर तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ, उनके परिवार बर्बाद कर दिए गए। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि इस जंगलराज में महिला होना मात्र अपराध हो गया है, जहां कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, ह्यआखिर प्रदेश की करोड़ों महिलाएं क्या करें, कहां जाएं?



# मध्य प्रदेश में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए बसपा ने ठोकी ताल

प्रात: किरण/एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी बहुजन समाज पार्टी कर रही है। इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती ने उम्मीदवारों की सूची मांगी है। यदि बसपा सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारती है तो कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। इससे भाजपा और कांग्रेस के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो सकती है। सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में पार्टी सुप्रीमो मायावती राज्य के पदाधिकारियों से चर्चा कर रही हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है। इन उम्मीदवारों पर विचार विमर्श करने के बाद एक सप्ताह के अंदर ही बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर सकती है। मध्य प्रदेश में यूं तो लोकसभा के रण में बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होता है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी की एंट्री से इन दोनों ही पार्टियों के वोट में कटौती होने का खतरा बढ़ गया है। बता दें की समाजवादी पार्टी भी मध्य प्रदेश में उम्मीदवार उतारने वाली है। कांग्रेस के साथ गठबंधन के दौरान सपा ने मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की थी, जिसे कांग्रेस ने मान लिया था। बहुजन समाज पार्टी ने हाल ही में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तेलंगाना में भी गठबंधन का ऐलान किया है। तेलंगानाम में मायावती की बीएसपी ने के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति के साथ गठबंधन किया है। ये दोनों दल तेलंगाना में मिलकर उम्मीदवार उतारेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश में भी बीएसपी सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है।



# विपक्ष ने दलितों-शोषितों को सिर्फ वोटबैंक की नजर से देखा : नड्डा

प्रात: किरण/एजेंसी

आगरा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि राजनीतिक पार्टियों ने दलित, वंचित शोषित को सिर्फ वोटबैंक की दृष्टि से देखा और उनका उपयोग किया। कहा कि जब हम लोग सत्ता के कहीं आसपास भी नहीं थे। तभी हम लोगों ने कह दिया था जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास नहीं होगा, तब तक समाज आगे नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इसी को देखते हुए हम लोग अंत्योदय की अवधारणा लाए। तब कांग्रेस पूछ रही थी कि यह अंत्योदय क्या होता है? तब हम लोगों ने कहा था कि जब तक अंत में खड़े व्यक्ति का उदय नहीं होगा तब तक समाज आगे नहीं बढ़ेगा। यूपी के आगरा में बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में शामिल होने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी बाबा साहेब का सम्मान नहीं किया। कहा कि जब भारत रत्न संविधान निमार्ता चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए तो कांग्रेस ने उनके सामने प्रत्याशी खड़ा कर दिया। तब उन्हें चुनाव लड़ने के लिए बंगाल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में बाबा साहेब की तस्वीर लगाने के लिए भी जगह नहीं मिली। जब भाजपा की सरकार आई तब उनका चित्र लगाया गया। कहा कि कांग्रेस ने मरणोपरांत बाबा साहेब को भारत रत्न देने की जहमत नहीं उठाई। कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार ने उन्हें भारत रत्न दिया।



### यूको बैंक के 65 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूको बैंक के देशभर के करीब 62 ठिकानों पर छापा मारा है। जांच एजेंसी की यह कार्रवाई बैंक के इमीडिएट पेमेंट सर्विस में 850 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़ी है। सीबीआई ने यह रेड राजस्थान के जोधपुर, जयपुर, जालोर, नागौर और बाड़मेर सहित महाराष्ट्र के पुणे में की। रेड के दौरान जांच एजेंसी ने यूको और आईडीएफसी से जुड़े 130 डॉक्यूमेंट्स, 40 मोबाइल, 2 हार्ड डिस्क और एक इंटरनेट डोंगल सीज किया। एजेंसी इन सभी चीजों की फॉरेंसिक जांच कराएगी। सीबीआई ने इस दौरान मौके पर तीस संदिग्धों की भी जांच की। इस मामले में दिसंबर 2023 में सीबीआई ने 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# मैं बीजेपी में शामिल हो जाऊं तब नहीं आएगा ईडी का समन: सीएम केजरीवाल

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व टीएमसी नेता तापस रॉय, जो हाल ही में अपने आवास पर ईडी की छापेमारी के बाद बीजेपी में शामिल हुए थे, पर कटाक्ष कर अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी मंत्रियों को परेशान करने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि वे अगर बीजेपी में शामिल हो गए तब उन्हें ईडी का समन मिलना बंद हो जाएगा। केजरीवाल ने कहा, ये है ईडी और मोदी सरकार की सच्चाई। किस तरह ईडी से परेशान कर लोगों को बीजेपी में शामिल किया जाता है। ईडी का छापा पड़ने के बाद पूछते हैं, कहां जाओगे-बीजेपी या जेल? केजरीवाल ने कहा, जो लोग भाजपा में जाने से इंकार करते हैं, वे उन्हें जेल भेज देते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद सत्येन्द्र जैन और दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद मनीष सिसौदिया और संजय सिंह भाजपा में शामिल हो गए होते, तब उन्हें अगले दिन जमानत मिल जाती। ऐसा नहीं है कि इन तीनों ने कोई अपराध किया है, इन्होंने सिर्फ बीजेपी में शामिल होने से इंकार किया है।




**हमला** अदन की खाड़ी में दो विदेशी जहाजों पर समुद्री डाकुओं का ड्रोन से मिसाइल हमला

# भारत के युद्धपोत कोलकाता ने समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना लगातार सक्रिय है लेकिन इसके बावजूद विदेशी व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डाकुओं के हमले थम नहीं रहे हैं। पिछले दो दिनों के भीतर दो विदेशी जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल से हमले किये गए हैं। शिपिंग लेन से जा रहे बारबाडोस और लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाजों पर हमले के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने तुरंत प्रतिक्रिया देकर समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया है। अदन की खाड़ी में सोमालियाई समुद्री डकैतों की घटनाएं पिछले साल दिसंबर से शुरू हुई थीं। तब से दो दर्जन से अधिक वारदात हो चुकी हैं लेकिन समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने विदेशी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बचाकर अरब सागर में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी के साथ भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी, लाल सागर और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुई घटनाओं को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। नौसेना ने लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों के साथ अपने 10 युद्धपोत तैनात किये हैं। इन सब के बावजूद 06 मार्च को अदन की खाड़ी से गुजर रहे बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर अदन से लगभग 55 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में एक ड्रोन के जरिये मिसाइल हमला किया गया। इसके बाद जहाज पर आग लग गई और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे चालक दल को जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसी बीच समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात आईएनएस कोलकाता को सूचना मिली, जिस पर भारतीय युद्धपोत 04.45 बजे घटनास्थल पर पहुंचा। युद्धपोत ने अपने हेलीकॉप्टर और नौकाओं का उपयोग करके एक भारतीय नागरिक सहित 21 चालक दल के सदस्यों को लाइफ बेड़ा से बचाया। जहाज की चिकित्सा टीम ने घायल चालक दल को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता दी। गंभीर रूप से घायल कर्मियों सहित बचाए गए दल को आईएनएस कोलकाता के जरिये अपराह्न जिबूती ले जाया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### परिवहन निगम का डिपो न बनने पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने कहा कि हरबर्टपुर में अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा बनकर तैयार हो गया है। आनन-फानन में कुछ दिन पूर्व इसे शुरू कर दिया गया, लेकिन एक दिन बाद ही बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही प्रदेश की भाजपा सरकार इसे ड्रीम प्रोजेक्ट बनाकर प्रचारित कर रही है। यह ड्रीम प्रोजेक्ट तभी साबित होगा, जहां यहां से हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली के लिए बसों का संचालन होगा। यदि हरबर्टपुर में डिपो नहीं बनता तो बस अड्डा महज शोपीस बन कर रह जाएगा। कहा कि वर्तमान में परिवहन मंत्रालय मुख्यमंत्री के अधीन है। मुख्यमंत्री को पछवादून क्षेत्र के हित को देखते हुए हरबर्टपुर में डिपो स्थापित करने की घोषणा करनी चाहिए। इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर खुलेंगे। कहा कि घोषणा न होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### भाजपा सरकार में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य : मधु चौहान

**देहरादून, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम तहत रैली निकाली। शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने किया। ब्लॉक मुख्यालय से शुरू हुई रैली बाजार में संपन्न हुई। इसके माध्यम से लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां बताई गईं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएगी। चकराता विधानसभा के संयोजक नरेश चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए कई कल्याकारी योजनाएं चलाई हैं। रैली में ब्लॉक प्रमुख मठोर सिंह चौहान, कनिष्ठ उपप्रमुख रितेश, प्रशांत नेगी, सुमित्रा चौहान, मीरा जोशी, गीता, आदि उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी ओर भाजपा महिला मोर्चा ने ग्राम पंचायत सुद्धोवाला में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत रैली निकाली। शुभारंभ विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। रैली में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कृष्णा तोमर, सुधा रावत, सुनीता गुलेरिया, रीता, पिंकी देवी, लक्ष्मी अग्रवाल, कुसुम सकलानी, अर्चना क्षेत्री, रमा थापा, लीला देवी, किरण पंवार आदि शामिल रहीं।

### जब तक मांगें पूरी नहीं होती जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन

**देहरादून, एजेंसी।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन मंगलवार को 15वें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ता 19 फरवरी से ब्लॉक मुख्यालय विकासनगर में धरने पर बैठी हुई हैं। वे मानदेय बढ़ाने की मांग कर रही हैं। ब्लॉक अध्यक्ष संयोगिता ने कहा कि सरकार उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना देने वालों में सुनीता, बबली, लक्ष्मी देवी, सीमा, मीना, रजनी आदि उपस्थित रहीं। वहीं, दूसरी ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कालसी ब्लॉक मुख्यालय में भी धरने पर डटी रहीं। उन्होंने सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

### प्रत्येक कॉलेज में अनुशासन समिति का गठन हो : सीओ

**देहरादून, एजेंसी।** पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर रीना राठौर ने मंगलवार को सेलाकुई थाने में कॉलेज और हॉस्टल संचालकों की बैठक ली। उन्होंने सभी को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि कॉलेज एवं हॉस्टल के सभी छात्रों का अनिवार्य रूप से सत्यापन कराएं। प्रत्येक कॉलेज में अनुशासन समिति का गठन करें। थाना प्रभारी को हॉस्टल और कॉलेज का औचक निरीक्षण के निर्देश दिए।

# प्रवासी उत्तराखंडवासी विदेशों में हमारे ब्रांड एम्बेसटर, वर्चुअल संवाद के दौरान बोले पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में विभिन्न देशों में निवास कर रहे प्रवासी उत्तराखंडियों से वर्चुअल संवाद करते हुए उन्हें विदेशों में उत्तराखंड का ब्रांड एम्बेसडर बताया। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखंड वासियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं बौद्धिक क्षमता से उत्तराखंड के बाहर देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे अपनी जन्म भूमि के किसी दुर्गम क्षेत्र के गांव को गोद लेकर उसके समग्र विकास में सहयोगी बनें। इसमें राज्य सरकार भी सहयोगी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडवासियों के सहयोग एवं सहायता के लिए पूर्व में प्रवासी सेल बनाया गया था। इसे और अधिक सुविधा युक्त बनाए जाने के लिए प्रवासी उत्तराखंड बोर्ड का भी गठन किया जाएगा। साथ ही प्रवासी भारतीय दिवस की भांति राज्य में देश व विदेशों में रहने वाले प्रवासियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा ताकि उनके विचार एवं सुझावों पर चिन्तन एवं मनन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मंथन से निकलने वाला अमृत निश्चित रूप से देश व प्रदेश के विकास में फलीभूत होगा।



संवाद के दौरान धामी ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, अमेरिका, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस सहित 12 देशों में रह रहे 22 प्रवासी उत्तराखंडियों के विचार व सुझाव जाने। उन्होंने सभी के सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए प्रदेश हित में संचालित योजनाओं की जानकारी भी साझा की। सभी प्रवासियों ने प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, सूचना तकनीकि आदि के क्षेत्र में सहयोग का भी आश्वासन मुख्यमंत्री को दिया। सभी प्रवासी लोग अपने पैतृक क्षेत्रों से जुड़ने के लिए भी उत्साहित नजर आए ताकि उनकी भावी पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ सके। संवाद के दौरान जिन्होंने अपने सुझाव रखे, उनमें ऑस्ट्रेलिया से सुरेन्द्र सिंह रावत, न्यूजीलैंड से जोत सिंह बिष्ट, चीन से देव रतूड़ी, अमेरिका से शैलेश उप्रेती, जापान से इंदिरा भट्ट, यूके से मनीष जुगराण, थाईलैंड से चन्द्र शेखर सिलोड़ी, सिंगापुर से सुनील थपलियाल, फ्रांस से उत्तम रावत, ओमान से राकेश बेलवान प्रमुख रहे।

वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य का युवा रिवर्स माइग्रेशन की ओर बढ़ रहा है। स्वरोजगार के प्रति ध्यान दे रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं भी संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आयोजित वैश्विक निवेश सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के उद्यमियों ने प्रतिभाग कर प्रदेश में उद्योग व व्यापार इच्छा जताई है। अब तक 71 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग हो चुकी है। राज्य में भी उद्योग की स्थापना से युवां को रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रवासियों से अपेक्षा की कि देवभूमि उत्तराखंड आपके पूर्वजों की पैत्रिक भूमि है। आपकी भावी पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे इसके लिए भी प्रयासरत रहने की उन्होंने जरूरत बताई।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश व दुनिया में भारत का मान, सम्मान बढ़ा है। भारतीयों को विदेशों में आदर व सम्मान से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद देश की अर्थ व्यवस्था 11वीं से 5वीं में रही। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे काल में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इसमें आप सभी का भी योगदान रहेगा। बता दें कि इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी प्रवासियों का अलग-अलग टाइम जोन में रहते हुए संवाद से जुड़ने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रवासी विकसित भारत के साथ विकसित उत्तराखंड में अपना योगदान दें। उन्होंने इस संवाद श्रृंखला को आगे भी जारी रखने की बात कही।

## श्रीपृथ्वीनाथ मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं शिव

**देहरादून, एजेंसी।**
दून का पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर महाभारत काल से ही भक्तों की आस्था का केंद्र है। मंदिर में भगवान शिव स्वयंभू शिवलिंग के रूप में विराजमान है। उनके साथ मां पार्वती शक्ति स्वयंभू पिंडी के रूप में स्थापित हैं। मान्यता है कि मंदिर में सच्चे मन से आराधना करने पर मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

श्रीपृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सहारनपुर चौक के पास अवस्थित है। यहां वैश्य वर्णोत्पन्न वामन नामक संन्यासी की तपस्या पर भगवान शिव का स्वयं प्रकट होकर शिवलिंग के रूप में अवस्थित हैं। इसका वर्णन स्कंद पुराण के केदारखंड में है। माना जाता है कि गुरु द्रोणाचार्य ने इस मंदिर में तपस्या की थी। मंदिर का संचालन पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी करता है। मंदिर में श्री त्रयंबकेश्वर महादेव के दर्शन तीन स्वरूपों में होते हैं। इनमें दो स्वरूप लिंग, पिंडी के रूप में प्रत्यक्ष जबकि एक स्वरूप अलोप है जो जल में होना बताया जाता है।

मान्यता है कि मंदिर में भगवान सच्चे मन से पूजा करने पर जीवन में दुख दूर होते हैं। श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव 108 महंत रविंद्र पुरी महाराज बताते हैं कि श्रीपृथ्वीनाथ महादेव के दर्शन और पूजन की महिमा भगवान शिव ने की है। स्वयं भगवान शिव ने कहा कि यहां पृथ्वीश्वर यानी पृथ्वीनाथ नाम का शिवलिंग होगा। मंदिर के संजय गर्ग बताते हैं कि यहां जो भी शिवभक्त सच्चे मन से आता है उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंदिर में हनुमानजी, राधा-कृष्ण, मां भगवती, भैरव बाबा के साथ 15 से अधिक भगवानों की प्रतिमाएं हैं।

पृथ्वीनाथ महोदव मंदिर में करीब 200 साल पुराने दो बेल के पेड़ हैं। खास बात है कि इनपर सालभर फल आते हैं। इसके साथ ही मंदिर में सैकड़ों वर्ष पुराना एक पीपल का वृक्ष है।

सेवादार संजय गर्ग बताते हैं कि मंदिर में करीब 20 साल पहले खोदाई हुई थी। इसमें एक चिमटा और एक बड़ा हवन कुंड मिला था जिसे लोग महाभारत काल से जुड़ा मानते हैं।

## शहरी आजीविका मेले में समूहों ने लगाए 56 स्टॉल

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून नगर निगम परिसर में मंगलवार को शहरी आजीविका मेला लगाया गया। इसमें जिलेभर के नगर निकायों और पालिकाओं ने हिस्सा लिया। पूरे जिले के स्वयं सहायता समूहों ने यहां 56 स्टॉल लगाए। इसमें शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं में कुछ कर दिखाने का जज्बा है। महिलाओं का प्रबंधन बहुत सटीक होता है। महिलाएं पूरे दिन काम करने के बाद भी समय निकाल लेती हैं। इस बात की सभी को सराहना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भी मानना है कि गरीब, युवा, अन्नदाताओं के साथ महिलाओं का भी विकास होना चाहिए। 56 स्टॉल लगाए गए। इनमें देहरादून नगर निगम ने 42, ऋषिकेश नगर निगम ने सात, नगर पालिका परिषद मसूरी ने दो, नगर पालिका परिषद डोईवाला ने तीन और नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर ने दो स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, निवर्तमान मेयर विमल उनियाल गामा ने समूहों से उनके उत्पादों की जानकारी लेकर उनकी सराहना की।

## उत्तराखंड के इस जिले में गरजा धामी सरकार का बुलडोजर, प्लाटिंग की गई ध्वस्त

**विकासनगर, एजेंसी।**
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की पछवादून में अवैध प्लाटिंग व निर्माण पर चल रही कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। मंगलवार को एमडीडीए की टीम ने एक व्यावसायिक भवन को सील करने के साथ 50 बीघा जमीन पर की जा रही प्लाटिंग के रास्ते व नींव आदि ध्वस्त कर दिया।



एमडीडीए की टीम ने ग्राम बैरागीवाला में चकराता रोड पर स्थित एक नवनिर्मित व्यावसायिक भवन को सील कर दिया। एमडीडीए ने भवन के संबंध में हुकम सिंह नामक के व्यक्ति को पूर्व में नोटिस दिया था। इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम लखनवाला खास में नितिन त्यागी, अनूप बडोनी के माध्यम से की जा रही प्लाटिंग में कराए गए निर्माण कार्यों को प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया।

प्राधिकरण के सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज ने बताया भवन व प्लाटिंग के संबंध में पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। इसके अलावा भवन निर्माण से संबंधित कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराया गया। कार्रवाई में अवर अभियंता जितेंद्र मौर्य, अवर अभियंता युगांत रावत, सुपरवाइजर अमरलाल भट्ट, अजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागनी में पांच दिन से लटके ताले

**देहरादून, एजेंसी।**
विकासखंड चकराता के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागनी में विगत 29 फरवरी से ताला लटका हुआ है। इस कारण छात्रों की पढ़ाई ठप पड़ी है। अभिभावकों ने शीघ्र शिक्षकों की तैनाती न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद चौहान, पीटीए अध्यक्ष रतिया, अभिभावक बचन सिंह, अजब सिंह, भगत सिंह, कृपाल सिंह, ज्ञान सिंह रमिया, लाल सिंह आदि ने बताया कि विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका बाल्य अवकाश पर हैं। इस कारण विद्यालय में ताले लटके हुए हैं। 28 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। 18 मार्च से वार्षिक परीक्षा शुरू होनी है। कहा कि बीईओ ने व्यवस्था के आधार पर निकटवर्ती विद्यालय बेगी और डिंडा खेड़ा में नियुक्त शिक्षकों की ड्यूटी लगाई थी, लेकिन शिक्षक एक दिन भी पढ़ाने के लिए नहीं आए। कहा कि रोज छात्र विद्यालय जा रहे हैं, लेकिन ताला लटका देख लौट रहे हैं। बीईओ चकराता बुशरा ने कहा कि ग्रामीणों ने विद्यालय बंद होने की सूचना दी है। व्यवस्था पर नियुक्त शिक्षकों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए जाएंगे। स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है।

## भाजपा के लिए आसान नहीं हरिद्वार का चुनावी समर, चुनाव प्रबंधन की कड़ी परीक्षा

**देहरादून, एजेंसी।**
हरिद्वार संसदीय सीट के चुनावी समीकरण बाकी सीटों की तुलना में ज्यादा जटिल है। जिताऊ उम्मीदवार तलाशने में भाजपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। हरिद्वार लोस से लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा पार्टी दूसरे दावेदारों के नामों पर भी गंभीरता से विचार कर रही है।

भाजपा प्रदेश में बेशक पांचों लोकसभा सीटों पर अपनी जीत का दावा कर रही है, लेकिन हरिद्वार का चुनावी समर उसके लिए उतना आसान नहीं माना जा रहा। इस संसदीय सीट के चुनावी समीकरण उतने सरल नहीं है, जितने भाजपा मानकर चल रही है। सियासी जानकारों का मानना है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से इस



सीट पर भाजपा का चुनाव प्रबंधन कठिन चुनौतियों से होकर गुजरेगा। इन्हीं चुनौतियों के कारण पार्टी को इस सीट पर जिताऊ प्रत्याशी की तलाश के लिए तगड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस सीट पर पार्टी के चुनाव व बूथ प्रबंधन की भी परीक्षा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में हारी 23 विधानसभा सीटों में सात अकेले हरिद्वार जिले से हैं। इनमें भगवानपुर, झबरेड़ा, ज्वालापुर, हरिद्वार ग्रामीण व पिरान कलियर सीट कांग्रेस के पास है, मंगलौर और लक्सर में बसपा और खानपुर निर्दलीय ने जीती थी। हरिद्वार जिले में भाजपा 11 में से सिर्फ तीन सीटों पर है। जबकि 2017 के चुनाव में भाजपा ने 11 में से आठ सीटें जीतीं थी। यानी 2019 के चुनाव में भाजपा हरिद्वार जिले में राजनीतिक तौर पर अधिक मजबूत थी। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव के लिहाज से जिले में राजनीतिक रूप से वह उतनी सशक्त नहीं है। यही वजह है कि केंद्रीय नेतृत्व को इस सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर काफी सोच-विचार करना पड़ रहा है। हरिद्वार लोस से लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा पार्टी दूसरे दावेदारों के नामों पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक मदन कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के अलावा दो बड़े संत भी दावेदार बताए जा रहे हैं।

## अस्पताल का भवन तैयार, हस्तांतरण का इंतजार

**देहरादून, एजेंसी।**
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरबर्टपुर का भवन बनकर तैयार हो गया है। अब कार्यदायी संस्था के हस्तांतरण का इंतजार है। उसके बाद अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। वर्तमान में अस्पताल नगर पालिका के पुराने कार्यालय में चल रहा है। यहां जगह की कमी से मरीजों को उपचार में दिक्कत आ रही है।

हरबर्टपुर और आसपास की करीब 25 हजार की आबादी को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू किया गया था। अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने, दवाई और उपकरण रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। सराकारी पैथोलॉजी लैब भी नहीं बन पाई थी। लैब के उपकरण भी पेटियों में पैक पड़ी हैं।

पिछले साल जनवरी में हरबर्टपुर में 4.46 करोड़ रुपये की लागत वाले अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। अब तक स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल भवन का हस्तांतरण नहीं हो पाया है। हस्तांतरण के बाद भवन का लोकार्पण किया जाएगा। उसके बाद अस्पताल शिफ्ट होगा।

## उत्तराखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी झेलने के लिए रहें तैयार



**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक धूप और बादलों की आंख-मिचौनी जारी है। मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं धूप खिलने से पारा चढ़ने लगा है, लेकिन सुबह-शाम ठिठुरन बरकरार है। ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। हालांकि, अगले कुछ दिनों में पारे में तेजी से इजाफा हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा-बर्फबारी हो सकती है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में आमतौर मौसम शुष्क रहने से लेकर कहीं-कहीं आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

बुधवार को सुबह दून समेत आसपास के क्षेत्रों में धूप खिली। हालांकि, दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल मंडारने लगे। पर्वतीय क्षेत्रों में धूप की आंख-मिचौली रही। चोटियों पर कहीं-कहीं हल्के हिमपात की भी सूचना है। इस बीच दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से कम होने के कारण वातावरण में ठंडक है। सुबह-शाम ठिठुरन बनी हुई है। अगले कुछ दिन तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि संभव है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश में उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा-बर्फबारी होने के आसार हैं। निचले इलाकों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने से लेकर हल्के बादल मंडराने की आशंका है।

## महाशिवरात्रि के लिए सजे शिवालय, 72 साल बाद बन रहा अद्भुत संयोग

**देहरादून, एजेंसी।**
महादेव की उपासना व साधना का पर्व महाशिवरात्रि आठ मार्च को मनाया जाएगा। इसके लिए दून के शिवालयों में तैयारियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में मेले को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। टपकेश्वर में 10 दिवसीय मेले के अलावा रायपुर, क्लेमेनटाउन व प्रेमनगर में भी भव्य मेला लगेगा।

वहीं, मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों से जुड़े सेवादार व्यवस्था बनाएंगे। अधिकांश मंदिरों में मध्यरात्रि से पूजा के बाद जल चढ़ना शुरू हो जाएगा। दिनभर पूजा के साथ ही जलाभिषेक, रुद्राभिषेक होगा। धार्मिक सामाजिक संगठनों की ओर से मंदिर परिसर में भंडारे की व्यवस्था की जाएगी।

श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर के मैदान में सबसे बड़ा 10 दिवसीय शिवरात्रि मेला आठ मार्च से शुरू होगा। यहां की भांग-ठंडई और भांग-पकौड़े का प्रसाद काफी प्रसिद्ध है। दूर-दराज से आए शिव भक्त यह प्रसाद ग्रहण करते हैं और भोले बाबा का गुणगान करते हैं।

मंदिर के 108 श्री कृष्णा गिरी महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखते हुए इस बार पुलिस के साथ ही सेवादार भी जगह जगह तैनात रहेंगे। इसके अलावा 32 सीसीटीवी कैमरे से से जगह जगह नजर रहेगी। मंदिर में दर्शन के लिए वीआईपी गेट भी जगह बनाया जाएगा। मेले के लिए एंबूलेंस व चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी। वहीं रायपुर सिद्धपीठ शिव मंदिर में सात से शुरू होगा मेला सिद्धपीठ शिव मंदिर रायपुर रोड में सात मार्च दोपहर से दो दिवसीय मेला शुरू होगा।

मंदिर के पंडित अंकित मिश्रा ने बताया कि मध्यरात्रि से मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। ब्रह्म मुहूर्त में भगवान शिव का रुद्राभिषेक के बाद जलाभिषेक किया जाएगा। दोपहर, शाम व रात्रि पूजा के बाद श्रृंगार होगा। बताया कि मंदिर को सजाने की तैयारी चल रही है। शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक रहती है इसको देखते हुए विभिन्न धार्मिक संगठनों से जुड़े सेवादार भी व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे।

क्लेमेनटाउन स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर मेला लगेगा। मंदिर समिति के सचिव दीपक नेगी ने बताया कि सुबह ढ़ाई बजे रुद्राभिषेक के बाद श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। वहीं प्रेमनगर के दशहरा ग्राउंड में महावीर सेवा समिति की ओर से दो दिवसीय शिवरात्रि मेला लगाया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी रवि भाटिया ने बताया कि ग्राउंड को रंगीन लाइटों से सजाया गया है। मेले में बच्चों के लिए झूले से लेकर बड़ों की खरीदारी के लिए विभिन्न स्टाल लगाए जाएंगे।

पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सहारनपुर चौक, जंगम शिवालय पलटन बाजार, कमलेश्वर महादेव मंदिर जीएमएस रोड, नर्वदेश्वर मंदिर



डानलनवाला, प्राचीन शिव मंदिर धर्मपुर, आदर्श मंदिर पटेलनगर, श्याम सुंदर मंदिर पटेलनगर।

आचार्य डा. सुशांत राज के मुताबिक शिवरात्रि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। जो आठ मार्च को पड़ रही है। इस दिन शुभ योग में सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग व चतुर्गही योग बन का अद्भुत संयोग 72 वर्ष के बाद बाद बन रहा है। इस दिन प्रदोष व्रत भी रखा जाएगा।

सुबह व्रत धारण कर मिट्टी के लोटे में पानी या दूध भरकर ऊपर से बेलपत्र, धतूरे के फूल, चावल आदि डालकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। अगर आस-पास कोई शिव मंदिर नहीं है तो घर में ही मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पूजन करें। शिवपुराण का पाठ और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। शिवरात्रि के व्रत में व्रतधारियों को चावल, दाल और गेहूं का सेवन नहीं करना चाहिए। फल, दूध और चाय पी सकते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran

www.pratahkiran.com



# आईटीआई मयूर विहार में एडवांस्ड वेल्डिंग एंड रोबोटिक्स लैब की शुरूआत की

## रोबोटिक्स वेल्डिंग आर्म, प्लाज्मा वेल्डिंग हो या फिर सीखने के लिए वर्चुअल रियलिटी वेल्डिंग सिम्युलेटर सभी वर्ल्ड क्लास मशीनों से लैस है ये लैब

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- 2012-14 तक बांसुरी स्वराज ललित मोदी की वकील रहीं और डबल बेंच के फैसले से पहले ही उनका पासपोर्ट रिन्यू कराकर विदेश भेज दिया- सोमनाथ भारती

दिल्ली के युवाओं को स्किल्ड बनाने के क्रम में केजरीवाल सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए आईटीआई मयूर विहार में एडवांस्ड वेल्डिंग एंड रोबोटिक्स लैब की शुरुआत की है। गुरुवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका उद्घाटन किया। वेल्डिंग व रोबोटिक्स वेल्डिंग के क्षेत्र में स्टेट ऑफ आर्ट सुविधाओं से लैस ये लैब अपने आप में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है, जहां अत्याधुनिक मशीनों के जरिए आईटीआई के छात्र इंडस्ट्री के माँगों के अनुरूप जरूरी स्किल ले सकेंगे। आज उद्घाटन के दौरान, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आईटीआई के एंबेसडर्स के साथ भी मुलाकात की। आईटीआई के ये छात्र एंबेसडर के रूप में स्कूलों में जाते है और बाकी छात्रों को तकनीकी शिक्षा को लेकर गाइडेंस देने का काम करते है। उद्घाटन के अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने होमी जहांगीर भाभा आईटीआई, मयूर विहार के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, इस अत्याधुनिक वेल्डिंग और रोबोटिक्स लैब में उपलब्ध कराई गई वर्ल्ड क्लास मशीनें और सुविधाएं यहां पढ़ने वाले छात्रों के लिए कई नए अवसर तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि, यहाँ इस लैब में छात्रों को जो सुविधाएं दी जा रही हैं, वैसी सुविधाएँ शायद प्राइवेट कॉलेजों-संस्थानों में भी देखने को नहीं मिलती है। इस लैब के जरिए हमारा उद्देश्य अपने आईटीआई के छात्रों को उन स्किल से लैस करना और जिसकी आज इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा माँग है। ऐसे में हमने लैब में उन मशीनों को स्थापित किया है, जो सबसे हाईटेक हो।

उन्होंने कहा कि हमारे संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को सबसे शानदार शिक्षा और संसाधन देना हमेशा ही दिल्ली सरकार की प्राथमिकता रही है। यही कारण है कि, आधुनिक लैब के जरिए हम उन्हें वर्ल्ड के टॉप मशीनों पर काम करना सिखा रहे है ताकि वो तकनीकी की इस तेजी से बदलती दुनिया में पीछे न रहे। उन्होंने आगे साझा किया कि, मैं आज आईटीआई में कई उन छात्रों से मिली, जो दिल्ली सरकार के स्कूलों से पढ़कर निकले हैं, और उनके स्कूलों में पिछले 10 सालों में एक बड़ा बदलाव आया है। पहले सरकारी स्कूल अभिभावकों और बच्चों की पहली पसंद नहीं थे। बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने का सपना देखते थे। लेकिन आज, दिल्ली सरकार के स्कूल हर मायने में प्राइवेट स्कूलों से आगे निकल गए हैं।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आगे कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के वे छात्र अपने साथ बहुत सकारात्मक आत्मविश्वास लेकर आए हैं। आज मैं विश्वास से कह सकता हूं कि हमारे दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्र और आईटीआई के छात्र किसी से कम नहीं हैं।क्योंकि उन्हें अपने संस्थानों में वर्ल्ड क्लास शिक्षा और एक्सपोजर मिल रहा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, हमारे आईटीआई में पढ़ रहे छात्रों की पढ़ाई केवल किताबी पढ़ाई नहीं है, उनकी पढ़ाई प्रैक्टिस पर आधारित है जिसके लिए सबसे आधुनिक और उन्नत उपकरणों की जरूरत होती है। उन्हें इन मशीनों का जितना ज्यादा एक्सपोजर मिलेगा, वे उतनी ही स्किल्ड बनेंगे, जॉब रेडी-इंडस्ट्री रेडी-मार्केट रेडी बनेंगे। इस दिशा में आज उद्घाटित रोबोटिक्स वेल्डिंग लैब एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, आईटीआई में बच्चे केवल छात्र के रूप में नहीं है बल्कि दिल्ली और देश के आर्थिक तरक़्की का रास्ता है। ऐसे में हमारे छात्र यहाँ से जितनी अच्छी स्किल ट्रेनिंग लेकर जाएँगे, आगे इंडस्ट्री में जाकर जितना शानदार काम करेंगे उतना ही देश की आर्थिक तरक़्की होगी। ये स्किल ट्रेनिंग केवल हमारे छात्रों को ही अच्छा भविष्य नहीं देगी बल्कि इस देश को भी एक शानदार भविष्य देगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, दिल्ली सरकार इस साल से अपने सभी यूनिवर्सिटी और आईटीआई के छात्रों के लिए बिजनेस ब्लास्टर्स सीनियर्स की शुरूआत कर रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अपना स्टार्टअप शुरू करने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में हमारे आईटीआई से इस देश के सबसे शानदार स्टार्टअप्स निकलेंगे। आने वाले समय में हमारे छात्र अब ह्यनौकरी मांगने वाले नहीं; नौकरी देने वाले बनेंगे। आईटीआई मयूर विहार में स्थापित एडवांस्ड वेल्डिंग और रोबोटिक्स लैब की विशेषताएँ आईटीआई मयूर विहार में स्थापित एडवांस्ड वेल्डिंग और रोबोटिक्स लैब इन्वर्टर-आधारित आर्क वेल्डिंग पावर सोर्सेज से लैस है, जो शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग (एसएमएडब्ल्यू), गैस मेटल आर्क वेल्डिंग (जीएमएडब्ल्यू), और गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग (जीटीएडब्ल्यू) जैसी विभिन्न वेल्डिंग तकनीकों को कवर करती है।

# बारात जाने के एक दिन पहले युवक की हत्या

- धारदार हथियार से वार, शादी के घर मे पसरा मातम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



साउथ दिल्ली के देवली एक्सटेंशन इलाके में शादी से ठिक एक दिन पहले एक शख्स की बीती रात हत्या कर दी गई। उसकी बॉडी देवली एक्सटेंशन के फ्लैट में मिली है। मृतक की पहचान गौरव के रूप में हुई है। वह अपने नजदीक के इलाके में ही जीम चलाता था। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि देर रात 12:30 बजे इस मामले की पीसीआर कॉल पुलिस को मिली थी। जिसमें बताया गया कि देवली एक्सटेंशन के राजू पार्क में एक शख्स पर जानलेवा हमला किया गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो, जिस पर हमला किया गया उसकी पहचान 29 साल के गौरव सिंघल के रूप में की गई। शार्प हथियार से उसपर वार किया गया था। उसे तुरंत मैक्स हॉस्पिटल में परिवार वालों के द्वारा ले जाया गया था लेकिन डॉक्टर ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एम्स मोर्चरी में भेज दिया गया है। इस घटना के बाद घर मे मातम पसर गया है. घर मे काफी सारे मेहमान आए हुए थे। सभी इस शादी को लेकर काफी खुश थे। चूंकि शादी की रश्म पहले से ही चल रही थी। गाना बजाना भी चल रहा था, लेकिन अचानक इस घटना के बाद घर से लेकर पुरे इलाके मे मातम का माहौल हो गया है। हर कोई इस घटना से सन्न है। फिलहाल पुलिस बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की छानबीन तिगड़ी थाना की पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 90 मामलों में शामिल जग्गा गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

विकासपुरी थाना की पुलिस टीम ने स्कूटी और मोटरसाइकिल चोरी के बड़े मामले का खुलासा किया है। उस मामले में चोरी की कई मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। साथ ही इस मामले में एक मास्टरमाइंड ऑटो लिफ्टर जगजीत उर्फ जग्गा को भी गिरफ्तार किया गया है। जो अकेले मौका इस तरह की चोरी की वारदात को अंजाम देता था। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से 18 मामलों का खुलासा किया गया है, जो जनकपुरी, तिलक नगर, ख्याला, पश्चिम विहार, विकासपुरी आदि थाना इलाकों के शामिल हैं। इसे एसीपी सुरेंद्र राठी की देखरेख में एसएचओ राजवीर सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। जब यह चोरी की एक मोटरसाइकिल से जा रहा था। इस दौरान चेकिंग में इसे रोका गया। बाइक के कागज मांगे गए तो इसमें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जांच में पता चला वह बाइक चोरी की है। तलाशी ली गई तो उसके पास से बटनदार चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि यह जगजीत उर्फ जग्गा उर्फ लकी है। पुलिस को आगे की पूछताछ में यह पता चला कि 41 साल की उम्र के जग्गा पर पहले से 90 मामले चल रहे हैं। 18 और मामले खुलने के बाद कुल 108 मामले में यह अब तक शामिल हो चुका है।

### राम लाल कालेज में बम की सूचना से अफरातफरी

प्रात : किरण संवाददाता

साउथ वेस्ट दिल्ली के रामलाल कॉलेज में आज बम की सूचना मिलने से अफरा तफरी मच गई। सुबह पुलिस को 9:34 पर इस मामले की जानकारी मिली थी। बताया गया कि व्हाट्सएप कॉल पर बम की इनफॉरमेशन कॉलेज के एक स्टाफ को किसी ने दी थी। पुलिस को कॉल मिलते ही मौके पर तुरंत एंबुलेंस, बम निरोधक दस्ता इत्यादि की टीम पहुंच गई और कॉलेज में मौजूद स्टूडेंट को वहां से खाली कराया गया। पूरे कॉलेज परिसर की तलाशी ली गई। लेकिन छानबीन में और तलाशी में कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। पुलिस की टीम मौके पर लगातार तलाशी अभियान में जुटी रही। इसकी पुष्टि डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीणा ने की।

### सैंकड़ों एनडीएमसी अधिकारियों के फोन अमान्य घोषित

नई दिल्ली। एनडीएमसी एरिया के आरडबलूए, बिजली, पानी, सीवर, स्वास्थ्य, उद्यान तथा सिविल सर्विसेज जैसी समस्याओं से जुड़े पालिका कर्मचारियों, अधिकारियों और एडमिनिस्ट्रेशन कोऑर्डिनेशन से लोगों की समस्या समाधान के लिए सैंकड़ों वोडा फोन बेहतर सेवा प्रदान करने को दिए गए थे। नागरिक से मिली फीड बैक लेकर अधिकारी गण संबंधित कर्मचारियों से काम करवा कर अपडेट करती थी। 72 से शुरू होने वाले वोडा कंपनी के तमाम फोन अब ह्यनोट इन एक्सिस्टेंस -अमान्यह्न घोषित किए जा चुके हैं। लोग शिकायत करने को जिस किसी अधिकारी को फोन करते हैं तो जवाब मिलता है -ये नंबर एक्सिस्ट नहीं करता कृपया जांच ले।

# हरियाणा के दो शूटर के साथ दिल्ली में अअळर से मुठभेड़

- दोनो तरफ से चली कई राउंड गोलियां, एक शूटर घायल
- हरियाणा सरकार से 7 लाख के ईनामी गैंस्टर के ये साथी
- 6 साल से उस गैंगस्टर की मर्डर, लूट की वारदात में तलाश


नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



हरियाणा से बोर्डर पार करके दिल्ली देहात में सड़कों पर और राह चलते लोगों से गोल्ड चेन और मोबाइल लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को द्वारका पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो बदमाशों को पकड़ा गया है, जिसमें से एक पुलिस की गोली से घायल भी हुआ है। इनकी पहचान सतीश उर्फ शाका और सोनू के रूप में हुई है। यह दोनों बदमाश हरियाणा के झज्जर के रहने वाले हैं और दिल्ली में आकर लूट और स्नेचिंग की सरेआम वारदात को अंजाम देते हैं। ये दोनों हरियाणा के गैंगस्टर मणिपाल उर्फ बादली के एसोसिएट हैं और आजकल उनके शूटर के रूप में काम करते हैं। मणिपाल की गिरफ्तारी पर हरियाणा सरकार ने 07 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा है। वह मर्डर के कई मामलों में फरार चल रहा है। हरियाणा की पुलिस कई सालों से तलाश कर रही है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया की द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने छावला इलाके में कल शाम मुठभेड़ के बाद इनको गिरफ्तार किया है। एक बदमाश को गोली इसलिए लगी है, क्योंकि जब पुलिस ने इनको ट्रैक कर लिया तो यह लोग सरेंडर करने की बजाय पुलिस टीम पर कई राउंड गोली चला दी। फिर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई और इन्हें भागने के दौरान दबोच लिया गया। इनके पास से सोफिस्टिकेटेड पिस्टल, सिंगल शॉट का पिस्टल, जिंदा कारतूस, तीन चली हुई गोलियों के खाली खोखे और मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है। इन्होंने 3 मार्च को भी छावला इलाके में महिला को सड़क पर गिराकर उनसे गोल्ड चेन और मोबाइल फोन लूटा था। उस मामले में एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उनके बारे में पता लगाना शुरू किया। उसके बाद एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम ने पपरावट गांव के पास इनको ट्रैक किया। यह लोग पुलिस को देखकर भागने लगे और इस दौरान उन्होंने एक-एक करके कई राउंड गोलियां पुलिस टीम पर चला दी। दो गोली पुलिस कर्मियों के नजदीक से निकली। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। जिसमें शूटर सतीश उर्फ शाका के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया और फिर शाका को और इसके साथी सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। शुरूआती पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि पकड़े गए शूटर सतीश उर्फ शाका पहले से मर्डर, लूट और दूसरे आपराधिक मामलों में शामिल है। जबकि सोनू पर भी पुराना मामला है। आगे की विस्तृत पूछताछ पुलिस टीम इन दोनों से कर रही है।

# चिकित्सक से सेक्सटॉर्शन मे गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने 71 वर्षीय चिकित्सक से 8.6 लाख के सेक्सटॉर्शन मामले में एक गिरोह का पदार्फाश कर दो जालसाजों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान राजस्थान निवासी महफूज और आमिर खान के रूप में हुई। आरोपी मेवात से ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। पीड़ित बुजुर्ग पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक हैं। 13 जुलाई 2023 को उनके व्हाट्सऐप पर एक वीडियो कॉल आई, जिसमें दूसरी ओर मौजूद एक महिला कपड़े उतारने लगी। यह देखकर बुजुर्ग ने फोन काट दिया। इसके बाद 16 जुलाई अन्य मोबाइल नंबर से वीडियो कॉल आई। पुलिस की वर्दी में बैठे व्यक्ति ने खुद को इंस्पेक्टर प्रमोद राठौड़, मंडावली साइबर सेल बताया और उनकीअश्लील वीडियो वायरल होने की बात कही। इसे रोकने के लिए रुपयों की मांग की। इसके बाद वीडियो वायरल होने से बचाने के नाम पर 8.6 लाख ठग लिए। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि चिकित्सक की शिकायत पर हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र स्थित बैंक खातों से संबंधित पतों पर छापा मारा। मोबाइल नंबरों की सीडीआर और आईपीडीआर खंगाली गई। इसी बीच मोबाइल नंबरों की लोकेशन राजस्थान के डीघ जिले के मेवात इलाके में मिली। स्थानीय सूत्रों की मदद से 28 फरवरी की रात एसएचओ साइबर सेल, पूर्वी दिल्ली के नेतृत्व में एसआई तलविंदर सिंह की टीम ने डीघ जिला निवासी 39 वर्षीय महफूज और 26 वर्षीय आमिर खान को गिरफ्तार कर लिया। अभी तक जांच में पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों की पहचान की है। जालसाजी और सेक्सटॉर्शन का शिकार बने पीड़ितों में दिल्ली के साथ ही बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में रहने वाले लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से बुजुर्ग चिकित्सक के अलावा 25 अन्य पीड़ितों की पहचान की है। इनके रिकॉर्ड अश्लील वीडियो भी मिले हैं।

# डीयू में ईसी की बैठक आज, कई प्रस्तावों पर मुहर लगने की उम्मीद



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में आज कार्यकारी समिति (ईसी) की बैठक होगी, जिसमें कई प्रस्तावों पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से दो एमफिल के पाठ्यक्रमों के विस्तार, परीक्षा में विशेष अवसर देने और अंतिम वर्ष के छात्रों को 10 अतिरिक्त अंक देने के प्रस्ताव पर सहमति बन सकती है। डीयू ने ईसी के एजेंडे को संबंधित सदस्यों को भेज दिया था, जिस पर शुक्रवार को बैठक में चर्चा होगी। इसके अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा अपने सभी कॉलेज परिसरों और उत्तर पश्चिम दिल्ली के मुखर्जी नगर में बनने वाले कन्या छात्रावास में वाईफाई नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए 67.71 करोड़ रुपये की आवंटित निधि को रिपोर्ट किया जाएगा। वाईफाई (वायरलेस फिडेलिटी) की सुविधा उत्तर और दक्षिण दोनों परिसरों के लगभग 90 कॉलेज और ढाका छात्रावास परिसर में उपलब्ध कराई जाएगी। विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (हेफा) से लिए गए 938.33 करोड़ रुपये के ऋण कोष से इस काम के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। हेफा ने इस ऋण कोष से 261.33 करोड़ रुपये वाईफाई नेटवर्क स्थापित करने और प्रौद्योगिकी संकाय के लिए एक भवन के निर्माण का काम शुरू करने के लिए स्वीकृत किए हैं। हेफा केनरा बैंक और शिक्षा मंत्रालय का एक संयुक्त उपक्रम है। यह कंपनी भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे और अनुसंधान सुविधाओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ज्ञात है कि डीयू अपने यहां तीन इमारतें फैकल्टी के लिए और दो हॉस्टल भी बना रहा है।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। छावला के पपरावत गांव में बुधवार शाम मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान सतीश उर्फ साका और सोनू के रूप में हुई। आरोपियों से दो पिस्तौल, कारतूस और एक बाइक बरामद हुई। दोनों कुख्यात गैंगस्टर मेनपाल के सहयोगी हैं, जिस पर 7 लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने छावला इलाके में एक शख्स से सोने की चेन और मोबाइल लूटा था। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम को सौंपी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान की। पता चला कि बदमाश पपरावत गांव आने वाले हैं। पुलिस ने इनको पकड़ने के लिए जाल बिछाया। कुछ देर बाद सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही बाइक दिखाई दी। पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो सतीश के पैर में गोली लगी और वह बाइक के साथ गिर गया। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# मटियाला में कमलजीत सहरावत ने किया जनसंपर्क



प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली की पूर्व मेयर रही कमलजीत सहरावत को बीजेपी ने इस बार पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। वह लगातार संसदीय क्षेत्र में लोगों से मिलकर समर्थन जुटा रही है और लोग भी बढ़ चढ़कर उनसे मिल रही हैं। साथ ही उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में मटियाला विधानसभा में वह बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता कृष्ण सहरावत के साथ लोगों से मिलने पहुंची। वहां पर मौजूद लोगों से मुलाकात की और मोदी जी को तीसरी बार भारी बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने के लिए कहा। जिस तरीके से विकास की रफ्तार मोदी सरकार में लगातार है, उससे देश आने वाले समय में विश्व की तीसरा आर्थिक संपन्न देश बन जाएगा। कृष्ण सहरावत ने कहा कमलजीत सहरावत रिकॉर्ड मतों से पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से चुनाव जीतेंगी।

# द्रमुक सांसद ए.राजा को नसीहत दी पूर्व मंत्री डॉ.नरेंद्र नाथ ने

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ.नरेंद्र नाथ नें द्रमुक सांसद ए.रजा को कड़ी फटकार लगते हुए उन्हें नसीहत दी है। डॉ.नरेंद्र नाथ ने कहा डीएमके सांसद ने एक बयान में कथित रूप से कहा कि, भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा यह एक उपमहाद्वीप है। डॉ.नरेंद्र नें कहा इस बयान की घोर निंदा करते है। भारत एक राष्ट्र है और हमेशा रहेगा। डॉ.नरेंद्र ने कहा रत तरह तरह के फूलों का गुलदस्ता है उसमें हमेशा भारत एक राष्ट्र की खुशबू आती है। भारत राष्ट्र के बारे में सोच समझकर बयान देना ही एक अच्छे भारतवासी की पहचान है जो सोच समझकर बयान नही करता वो इस भारत राष्ट्र का नागरिक कहलाने का हक नही रखता। जिसको भारत एक राष्ट्र नजर नही आता वो भारत छोड़कर जा सकता है। भारत एक उपमहादीप नही है भारत एक महान राष्ट्र है और हमेशा रहेगा।

# केंद्र की भाजपा सरकार के आदेश पर अगर आरके पुरम की झुग्गियां तोड़ी जाती हैं तो मैं बुल्डोजर के आगे लेटा मिलूंगा : सोमनाथ भारती

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली लोकसभा के अंतर्गत आरके पुरम स्थित झुग्गी बस्तियों को खाली करने का नोटिस जारी करने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। आप का कहना है कि अरविंद केजरीवाल गरीबों के साथ खड़े हैं और भाजपा को झुग्गीवालों के साथ अन्याय नहीं करने देंगे। नई दिल्ली से आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसी ने आरके पुरम सेक्टर-12 की झुग्गियों में रह रहे लोगों को नोटिस जारी कर 7 दिन में जगह खाली करने का निर्देश दिया है। अगर ये झुग्गियां तोड़ी जाती हैं तो मैं बुल्डोजर के आगे लेटा मिलूंगा। मुझे मारने के बाद ही ये झुग्गियां तोड़ पाएंगे। भाजपा झुग्गियां उजाडकर लोगों को बेघर कर रही है, लेकिन आम आदमी पार्टी ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि वैसे तो चुनाव के दौरान भाजपा जहां झुग्गी-वहीं मकान देने का वादा करती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही उसके वादे जुमले साबित होते हैं। अब भाजपा दिल्ली को झुग्गी मुक्त बनाना चाहती है, लेकिन इस बार जनता देश को भाजपा मुक्त करने जा रही है।

नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी एवं विधायक सोमनाथ भारती ने कहा कि बीजेपी गरीबों की दुश्मन बनी हुई है। बीजेपी ने इस देश में केवल बड़े पूंजीपतियों के अलावा किसी भी वर्ग का भला नहीं किया है। वो सिर्फ चुनावी जुमले करती रही है। चुनाव में समय में वो जहां झुग्गी वहीं मकान का नारा देती है, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं तो वो सभी वादे चुनावी जुमले साबित होते हैं। उन्होंने यही काम कालकाजी, तुगलकाबाद और सुंदर नगर में भी किया। ये सबसे भयावह होता है कि बीजेपी इन झुग्गियों को उजाड़ने और वहां के लोगों को बेघर करने का कार्य सर्दियों में ही करती है। इन्हें वहां रहने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं का कोई ख्याल नहीं है कि उनपर क्या गुजरेगी। नियम के अनुसार आप किसी को पुनर्वास करने से पहले उसे वहां से निकाल नहीं सकते है। नियम है कि पहले 5 किलोमीटर के दायरे के अंदर उनका पुनर्वास करना होता है। बीजेपी का डंडा केवल गरीबों के ऊपर चलता है, जिनके पास जबान नहीं होती है। इनके साथ केवल सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी खड़ी होती है।

आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि बीजेपी ने फिर से इन झुग्गियों में रहने वाले गरीबों पर कहर ढाने की रणनीति बनाई है। दिल्ली के सेक्टर 12 आरके पुरम में रह रहे गरीब बस्ती के लोगों को 7 दिन में अपनी झुग्गी खाली करने का नोटिस दिया गया है। ये तुगलकी फरमान पीएमओ के सलाहकार तरुण कपूर की तरफ से जारी किया गया है। लेकिन सलाहकार तो केवल एक अधिकारी होता है, ये आदेश तो बीजेपी और प्रधानमंत्री कार्यालय से आ रहा है। उन्होंने एमसीडी, डीडीए, रेलवे और पीडब्ल्यूडी के साथ एक मीटिंग करके कहा कि दिल्ली को झुग्गियों से मुक्त करना है। ये लोग चीजों से मुक्त करने के पैटर्न पर चल रहे हैं। बीजेपी के जिस तरह के कारनामे हैं, इसे देखकर देश के लोग अब देश को भाजपा मुक्त कराएंगे। बीजेपी ने बड़े पूंजीवादी तबके से साथ खड़े होने का फैसला किया और उनका 13 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। केंद्र ने जब पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया तब भाजपा को कोई चिंता नहीं हुई, लेकिन जब सीएम अरविंद केजरीवाल गरीबों के लिए स्की लाते हैं, तो उसको चिंता हो जाती है। नई दिल्ली से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि मंदिर मार्ग स्थित कालीबाड़ी की झुग्गियां सरकार द्वारा नोटिफाइड हैं। उन्हें भी वहां से हटाने की कोशिश की जा रही है। नियम के अनुसार नोटिफाइड बस्तियों को हटाने से पहले लोगों का वहां से 5 किलोमीटर के दायरे में पुनर्वास कराना जरूरी है। कोई गरीब हो या अमीर हो पेट और परिवार सबका है। गरीब और अमीर दोनों के बच्चे होते हैं और वो स्कूल जाते हैं। परिवार जहां रहता है वहां आस-पास ही उनकी दुनिया बस जाती है। ऐसे में किसी व्यक्ति को अचानक 40 किलोमीटर दूर नरेला शिफ्ट करने लग जाएं, जहां उनका कुछ नहीं है, कोई सुविधाएं नहीं हैं। बीजेपी क्या इन लोगों को जंगल में भेजना चाहती है। आम आदमी पार्टी की मांग है कि कालीबाड़ी मंदिर मार्ग की नोटिफाइड झुग्गियां में रह रहे लोगों को नरेला न भेजकर, कानून के अनुसार उनका 5 किलोमीटर के दायरे में ही पुनर्वास किया जाए। ताकि वहां रह रहे परिवारों के जो बच्चे केजरीवाल सरकार के स्कूलों में पढ़ने जा रहे हैं और जो लोग वहां आस पास काम करके अपना गुजारा कर रहे हों उन्हें तकलीफ न हो, उन्हें उजाड़ा न जाए।

उन्होंने कहा कि बीजेपी को ये समझ लेना चाहिए कि आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक हर जगह झुग्गी के इन गरीब लोगों के साथ है। बीजेपी को लगता है कि दिल्ली में इन गरीबों की कोई जरूरत नहीं है,

# इनामी बदमाश को जेल भेजा



नोएडा। फेज-2 पुलिस ने गुरुवार को चेकिंग के दौरान गैंगस्टर मामले में वांछित बदमाश को भंगेल से गिरफ्तार किया। आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी की पहचान दीपक यादव निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई। उसके पास से एक अवैध चाकू को बरामद हुआ। दीपक के खिलाफ पहले से चार केस दर्ज हैं। वह कई बार जेल भी जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# आईपी यूनिवर्सिटी में किसान बिरादरी के साथ विकसित भारत@2047 पर ग्रामीण संयोजन सत्र का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आईपी यूनिवर्सिटी में किसान बिरादरी के साथ विकसित भारत@2047 पर एक ग्रामीण संयोजन सत्र का आयोजन किया गया। द्वारका कैम्पस में आयोजित इस सत्र में दिल्ली के आस-पास के तकरीबन 50 से ज्यादा ग्राम प्रमुखों ने भाग लिया। यूनिवर्सिटी के विकसित भारत@2047 सेल के निदेशक प्रो. अनुज कुमार बख्श ने बताया कि इस सत्र के आयोजन का मकसद इन गावों को भी शहरी विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

इस सत्र को सम्बोधित करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि गावों के विकास के बगैर देश का विकास अधूरा रह जाएगा। विकसित देश अमेरिका का उदाहरण देते हुए उन्होंने जनकारी दी कि वहाँ गाँव और शहर में एक जैसी सुविधाएँ हैं। इजराइल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहाँ पानी की सीमित उपलब्धता के बावजूद कृषि के लिए सिंचाई की बेहतरीन व्यवस्था विकसित की गई है।

उन्होंने कहा कि गावों के विकास के लिए कृषि के अतिरिक्त अन्य विकल्पों पर भी काम करने की जरूरत है। वहाँ कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योग लगाए जा सकते हैं।विकसित देशों के तर्ज.पर ग्रामीण पर्यटन को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने कृषि में नवीनतम तकनीक, उन्नत बीज, ऑर्गैनिक खाद, इत्यादि के प्रयोग के लिए किसानों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मॉडल गाँव बना कर ही शहर और गाँव के बीच के अंतर को कम किया जा सकता है। इस अवसर पधारे किसान नेता चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने दिल्ली के सभी 360 गावों को मॉडल गाँव के रूप में विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश के विकास के सफर में गावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने किसानों को हानिकारक कीटनाशक की जगह ऑर्गैनिक खाद के प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसानों को ऑर्गैनिक एवं पेशेवर कृषि करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने में यूनिवर्सिटी काफी मददगार साबित हो सकती है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के विकसित भारत सेल की त्रैमासिक पत्रिका के प्रथम अंक का लोकार्पण भी किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024



# प्रधानमंत्री के उद्घाटन व शिलान्यास से बिहार के पर्यटन स्थलों की बदल जाएगी तस्वीर : मंत्री डॉ प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता




वैशाली ।आज बिहार के लिए बेहद खास दिन है जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की बिहार से जुड़ी पर्यटन की कुल पांच योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया । इन सभी योजनाओं से बिहार के पर्यटन स्थलों की तस्वीर बदल जाएगी

बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री प्रेम कुमार ने वैशाली में कहा ।उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में सुल्तानगंज से बाबाधाम के रास्ते में कांवरियों की सुविधा हेतु पूरी विकास की योजनाएं, मंदार और अंग परिपथ की योजनाओं, जैन सर्किट में वैशाली और गांधी सर्किट में भितिहरवा आश्रम की विकास योजनाओं का उद्घाटन के साथ सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रथम चरण में प्रसाद योजना अन्तर्गत कुल रु 12.26 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया है ।सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर देवघर के रास्ते में श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा एवं सहुलियत प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम 1.0 के अंतर्गत 41.31 करोड़ रुपये से कांवरिया परिपथ के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसके आलोक में इस परियोजना के अंतर्गत लोकार्पण किया गया।

स्वदेश दर्शन स्कीम-1 के तहत मंदार और अंग परिपथ पर 40.42 करोड़ रुपये से विकास कार्य संपन्न हुआ है। बांका जिले के मंदार पहाड़ी की तलहटी में आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण किया गया है। इससे बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है ।और मंदार पर्वत की तलहटी में सबलपुर गांव के बाबू वीरो सिंह द्वारा स्थापित बहुत पुराना अवंतिका नाथ मंदिर है। यहां पर पहाड़ी के पूर्वी भाग में स्थित लगभग 10 एकड़ में फैले कामधेनु मंदिर के सौंदर्गीकरण का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से हुआ । जैन सर्किट में शामिल वैशाली में पर्यटको को मार्गीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्वदेश दर्शन के तहत कार्य किया गया है।

वैशाली के इस मार्गीय सुविधा केन्द्र में पर्यटको के लिए विश्राम कक्ष, पीने का पानी तथा शौचालय आदि सुविधाओं का निर्माण किया गया है। पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के मनोरंजन हेतु निकट के पुष्करणी सरोवर में साउंड एवं लाइट शो का निर्माण किया गया है। स्वदेश दर्शन अन्तर्गत गाँधी परिपथ का विकास कार्य 16.37 करोड़ रुपये से कराया गया है। सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, ।

इन सभी योजनाओं से बिहार के पर्यटन स्थलों की तस्वीर बदल जाएगी ।पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक राज्य स्कीम मद से लगभग 408.00 करोड़ रुपये की नई योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कीर्तिमान स्थापित किया है। गया जी धाम में उच्च स्तरीय सुविधाओं से युक्त धर्मशाला निर्माण की आधारशिला रखी गयी है माँ जानकी जन्म स्थली पुनौराधाम के विकास कार्य (राशि 72.47 करोड़ रुपये) शीघ्र शुरू होने बाला है ।

इस अवसर पर विधायक लखिन्द्र पासवान , अवधेश सिंह, प्रतिमा सिंह ,एबम प्रेम सिंह कुशवाहा ने अपने विचार रखे ।प्रभारी जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह एबम एम डी पर्यटन विभाग नन्द किशोर ने आगत अतिथियों का स्वागत किया । जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह जिलायोजना पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजनी कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

## महाशिवरात्रि पर बाबा पातालेश्वर नाथ से निकलेगी भव्य शोभायात्रा और गाड़ी हाकेंगे नित्यानंद राय

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर महादेव के नाम से प्रसिद्ध बाबा पतालेश्वर नाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। विगत वर्षो की तरह इस बार भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भगवान भोलेनाथ के बैल गाड़ी को हाकेंगे और शिव बारात निकलेंगे। बाबा पतालेश्वर नाथ मंदिर से हाथी-घोड़े, भूत-बैताल और बाजे-गाजे के साथ शोभा निकालने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शोभा यात्रा में आध्यामिक झांकियां शामिल होंगी। मंदिर न्यास समिति के सचिव अनिलचंद्र कुशवाहा ने जानकारी दिया है कि भव्य शिवबारात निकालने की तैयारी पूरी है ।सुबह आठ बजे मंदिर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय पहुंचेंगे। भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद शिव बारात निकलेगी। भगवान शिव की मूर्ति बैलगाड़ी पर रखकर मंत्री श्री नित्यानंद राय गाड़ी हांकेंगे व बारात लेकर निकलेंगे। उनके पीछे-पीछे श्रद्धालुओ की भीड़ के साथ बड़ी संख्या में झांकिया होंगी। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर समिति की बैठक कई बार हुई है ।शोभा यात्रा में सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भूत बैताल बने युवा और बच्चे नजर आएंगे। 75 से अधिकआकर्षक झांकिया शामिल होंगी।दर्जनों बैंड और आर्केष्ट्रा पार्टी शामिल होंगे। शोभा यात्रा बाबा मंदिर से निकलने के बाद महावीर चौक होते हुए थाना चौक ,गुदरी बाजार , राजेन्द्र चौक, यादव चौक, अनवरपुर चौक, डाकबंगला रोड होते हुए अक्षयवट स्टेडिमय पहुंचेगी। अक्षयवट स्टेडिमय में पुरस्कार वितरण समारोह का अयोजन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य बीमा कार्यशाला का आयोजन



भगवानपुर ।स्वास्थ्य बीमा कार्यशाला सह अभिकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पटना मंडल के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अशोक भास्कर पांडे ने अभिकताओं आम कर्मियों से अपील करते हुए कहा की आज आम जनता की मांग स्वास्थ्य बीमा है ।जरूरत है लोगो को जागरूक करने का ।विहार में स्वास्थ्य का बहुत बड़ा बाजार है केवल लोगो को जागरूक कर अधिक से अधिक स्वास्थ्य बीमा देने का आग्रह किया ।उन्होंने कंपनी की नई पॉलिसी 'युवान' की जानकारी ग्राहकों को देने की बात की ।अभिकताओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने सर्वेक्षको से कहा की दावा भुगतान के लिय अपने सर्वे को समय जमा कर दावा के भुगतान में अहम भूमिका निभाय ।समारोह मे वरीय शाखा प्रबंधक श्री संतोष कुमार, सहायक प्रबंधक राजेश रौशन, उत्पल कुमार ,अजय कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपनी भागीदारी निभाई ।

### आप का जिले के सभी पंचायतों में संगठन विस्तार : मनोज

महुआ। महुआ विधानसभा क्षेत्र के सिंघाड़ा दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 12 के सिंघाड़ा बुजुर्ग में आम आदमी पार्टी के सिंघाड़ा दक्षिणी पंचायत के एक बैठक का आयोजन सुरेश राय के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता आनंद कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि वैशाली जिला प्रभारी मनोज कुमार साह ने भी भाग लिया। इस मौके पर जिला मनोज कुमार साह ने कार्यकताओं को संगठन विस्तार हेतु मार्गदर्शन दिए एवं सभी वार्डो में अतिशीघ्र कार्यकर्ता बनाने और बैठक निर्धारित करने का निर्देश दिए , एवं पार्टी के पैंपलेट को पढ़कर सभी को सुनाया ।कार्यक्रम में महुआ विधानसभा प्रभारी जयप्रकाश सिंह उपस्थित थें ।उन्होंने कहा कि बिहार में राजनीतिक उथल पुथल का विकल्प आम आदमी पार्टी ही है ।आने वाले समय में आम आदमी पार्टी दिल्ली ,पंजाब की तरह बिहार को भी काम की राजनीति का उपहार देकर बिहार का विकास करेगी ।जिला प्रभारी ने पार्टी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ ग्रामीण आनंद कुमार सिंह , संतोष कुमार सिंह , बालेश्वर साह,शशि भारती,चंदन साह,शुशील कुमार, सुरेश प्रसाद साह,राजेश सहनी , राजेश साह, जददू सहनी,बच्चा बाबू साह , अनिल कुमार सहनी , दीपक कुमार सहनी को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

बांका। बांका के सर्वोदय नगर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर इकाई द्ववारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया कल कार्यक्रम स्थल पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को आज समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया, गरिमा कुमारी को प्रथम, सुंदरम कुमार को द्वितीय, ललन कुमार को तृतीय तथा शारदा सोनम व सपना कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें नीतिका कुमारी, रंजीता कुमारी, अमीषा कुमारी तथा अंकुश कुमार को सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया गया। इस विशेष चित्र प्रदर्शनी में ' हमारा संकल्प विकसित भारत' की थीम पर लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया था । जिसके माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा किए गए कार्य को चित्रों, सूचना तथा ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

## प्रदर्शनी का आयोजन: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने लगाई पोस्टर की प्रदर्शनी



मधेपुरा। प्रतिनिधि नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन द्वारा आकांक्षी कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार को जिले के कन्या मध्य विद्यालय चौसा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में छात्राओं द्वारा मॉडल व पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई और मानव श्रृंखला के माध्यम से बच्चों ने लैंगिक समानता दिखाने का प्रयास किया। जिसका नेतृत्व बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने की ।इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने, लैंगिक समानता, समानाधिकार विषयों के बारे में मॉडल, स्लोगन व पोस्टर को दिखाया गया। प्रदर्शनी में शामिल किये गए मुख्य विषय महिलाओं के अधिकार रहे, जिनका चित्रों एवं स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रधानाध्यापक विजय पासवान ने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है और समाज में परिवर्तन करने में बेटियाँ सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने का कार्य बेटियाँ ही करेंगी। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड अमरनाथ ठाकुर,गांधी फेलो सुभम प्रजापति,रोहित रॉय ने कहा कि छात्राओं द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। आगे भी इसी प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से संदेश दिया जाना चाहिये । बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के लिए विशेष दिन है। ऐसे आयोजन महिलाओं को जागरूक करने में विशेष भूमिका निभाते हैं। देश को आजाद कराने व समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है।

विद्यालय की शिक्षिका विंदु कुमारी, प्रतिभा गुप्ता, रेहाना खातून,शुभम कुमारी ने कहा कि महिला नारी शक्ति वह शक्ति है जो कि अपने साहस, परिश्रम, दूरदर्शिता व सहनशीलता से असंभव को भी संभव बनाने का दम रखती है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हकीम उद्दीन,अमीम आलम,विभा कुमारी, विंदुला कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार,उमेश प्रसाद यादव,संजीवानंद, विद्यालय बाल संसद की प्रधानमंत्री काजल कुमारी, मंत्री निक्की कुमारी, नीतू कुमारी, नैना कुमारी, श्रुति शर्मा, अचला शर्मा समेत दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## वैशाली जिले को अपराध मुक्त बनाना और जाम से निजात दिलाना विशेष प्राथमिकता : एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। वैशाली के नए अधीक्षक हरीकिशोर राय ने कहा है कि वैशाली के लोगों का पुलिस पर विश्वास बढ़ाना और जिले को अपराध मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। आरक्षी अधीक्षक हरिकिशोर राय पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकार वार्ता कर रहे थे ।आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि वैशाली जिले में अपराधी घटनाओं के साथ-साथ यातायात की गंभीर समस्या भी है। उनका प्रयास रहेगा की यातायात जाम की समस्या से लोगों को निजात मिले ।इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि किसी भी घटना के बाद उसके अनुसंधान का बड़ा महत्व होता है समय सीमा के अंदर निष्पक्ष अनुसंधान कराया जाएगा अनुसंधान में तेजी लाया जाएगा। अभी घटना के बाद उसके अनुसंधान में कभी कभी100 दिनों से भी अधिक का समय लग जाता है जिसे घटाकर अधिकतम 75 दिन में अनुसंधान पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। वैसे नए नियम के अनुसार 60 दिनों के अंदर ही अनुसंधान कार्य पूरा करना है।

## लोकतंत्र में महिलाओं के महत्व पर आयोजित परिचर्चा में स्काउट गाइड और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता




महुआ। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में लगातार कई दिनों से जिलाधिकारी वैशाली के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को लोकतंत्र में महिलाओं का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन करते हुए क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुक किया गया। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा और उच्च माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर महुआ में भी स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लोकतंत्र में महिलाओं का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमे विधालय के दर्जनों स्काउट गाइड ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस परिचर्चा में ज्योति कुमारी, आर्यन राज,मनीषा कुमारी, आदित्य कुमार, अभिजीत कुमार,देव कुमार, पूजा कुमारी आदि ने भाग लिया। वही लोकतंत्र में महिलाओं की मजबूत भागीदारी के लिए बिहार सरकार द्वारा सभी विद्यालयों में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज सभी विद्यालयों में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्याओं में अभिभावकों ने हिस्सा लेकर लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया ।इस विषय पर प्रकाश डालते हुए आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर की शिक्षिका संगीता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र का मंदिर तभी सुरक्षित रहेगा जब सभी महिला मतदाता सजग होकर अपने मत का इस्तेमाल करेगी और सरकार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी ।उन्होंने कहा -जब तक महिलाएं सक्रिय एवं पूरी सूझबूझ के साथ मतदान में हिस्सा नहीं लगी तब तक लोकतंत्र की मजबूती संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं के अपने वोट के महत्व को समझाया और आने वाले चुनाव में जलपान से पहले मतदान का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सुधा कुमारी, सारिका कुमारी, रंजीता कुमारी, सुमन लता, आशा कुमारी सजना परवीन, विनीता कुमारी, इसके अलावा काफी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

### सरोकार मंच द्वारा स्कूली बच्चियों को किया गया जागरूक

रक्सौल। सरोकार मंच द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रक्सौल के मिश्रा कालोनी स्थित सी वी आर नेशनल एकेडमी स्कूल के बच्चियों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक किया गया ।साथ ही महिला हत्या हिंसा के विरुद्ध महिला हेल्पलाइन 1090 और चाइल्ड लाइन 1098 पर तुरंत सूचना देने की जानकारी दी गई ।समाज में होने वाले महिला हिंसा हत्या के खिलाफ एक जुट होकर आवाज उठाने का अपील किया गया। महिला सशक्तिकरण करने में अपना योगदान देकर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया गया। अपने घरों में महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने पर बल दिया गया। मंच के सदस्य रंजन किशोर मिश्र, पिंकी कुमारी ने स्कूल में पढ़ने वाली स्कूली बच्चों को घरेलू हिंसा का विरोध करने और उसकी शिकायत, महिला आयोग में करने तथा 18 से कम उम्र में होने वाले बाल विवाह के खिलाफ भी जोरदार ढंग से विरोध कर करने के बारे में बताया और जागरूक किया गया।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य हेतु सशस्त्र सीमा बल एवं बिहार पुलिस अलंकरण से नवाजा गया

पटना ।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य हेतु सशस्त्र सीमा बल के 07 कार्मिकों एवं बिहार पुलिस के 03 कार्मिकों को मिला महानिदेशक अलंकरण से गुरुवार को नवाजा गया। सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना के अधीन कार्यरत 16वीं वाहिनी एस.एस.बी., जमुई द्वारा स्थानीय पुलिस, जमुई के सहयोग से चरकापत्थर थाना क्षेत्र के कहुआ एवं काठावर जंगली क्षेत्र से संयुक्त अभियान के दौरान एक हार्ड कोर नक्सली सुनील मरांडी (क्षेत्रीय कमांडर) को 01 9एमएम कार्बाइन तथा 02 बम के साथ गिरफ्तार किया गया था।


बिहार सरकार

### भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या- 123 वर्ष 2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण-विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 16.03..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.03..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :-

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Visitor Room in Residence No.- 25M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | 11.06 | 22,200=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 2 | Renovation of Roofing Work (West Side) of 6A Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 13.48 | 27,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3. | Renovation of Roofing Work (East Side) of 6A Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 13.49 | 27,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 4. | Renovation of Cement Board Partition, Granite, R.O. and Water Purifier in 6A and 6B at Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 11.90 | 23,800=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 5. | Renovation of Duco Painting and Other Work in 6A and 6B at Circular Road (Office of Bihar Vikash Mission), Patna for the year 2023-24. | 14.80 | 29,600=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 6. | Renovation of Main Building Painting, Grill Work in Residence No.- 18A at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 14.43 | 28,900=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 7. | Renovation of Out House, Staff Qtr., Campus Toilet, Bathroom in Residence No.- 18A at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 14.93 | 29,900=00 | 2,500=00 | 15 दिन |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR- 019135(BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

### भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या- 203 वर्ष 2023-24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **16.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन-पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ-ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :- रू0 0 से रू0 50,000 तक- रू0 250/-, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक- रू0 500/-, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक- रू0 750/-, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक- रू0 1,250/-, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक- रू0 2,500/- एवं अग्रधन की राशि- 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :-

| Sl No. | Name of Work/Specification | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Renovation of Room No.- 150C of Parliamentary Affairs Deptt. Bihar in Ground Floor, Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Sri Naveen I.A.S. Joint Secretary) | | | |
| 02- | Renovation of Room No.- 150C of Parliamentary Affairs Deptt. Bihar in Ground Floor, Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Furniture Work) (Sri Naveen I.A.S. Joint Secretary) | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 019138 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, भवन निर्माण विभाग, पटना**
अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0-73 वर्ष 2023-24

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या-1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक-16.03.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा वर्णित कार्य का अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ अथवा स्वयं स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेवसाइट https://state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Operation and Maintenance of 02 No. 08 Passenger (G+3) Lift/Elevator installed at Bihar Niwas, New Delhi (Make - Otis) | 01 Year |
| 2 | Operation and Maintenance of VRF Air conditioning system ( Heating and cooling ) in Samwad Bhawan ,4KG Deshratan Marg ,Patna | 01 Year |
| 3 | Quotation for SITC of 08 Passenger (544 KG) (G+2) at Bihar State Legal Authority, Patna.(Make : -kone) | 01 Year |
| 4 | Operation & Maintenance of 10 Passenger MRL (680 KG) (G+2) LifU Elevator installed at 7 Circular Road Patna (Make. Kone). | 01 Year |

PR. No. 019113 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

### भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, पटना।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-74, वर्ष-2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या- 1 पटना, भवन निर्माण विभाग
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 19.03.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 20.03.2024 03:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.03.2024 (03:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या-1, भ0 नि0 वि0, पटना, विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना एवं विद्युत कार्य अवर प्रमण्डल संख्या-2, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 79, 80, 81, 84, 85, 86, 87 & 88 Computer Room East Side Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna | 14,16,893.00 | 28500.00 | 2500 | 30 Days |
| 2 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 65, 65A & 65B Corridor West Side Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna | 13,25,359.00 | 26600.00 | 2500 | 30 Days |
| 3 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 40, 41, 42 & 45 West Side at Vikash Bhawan, Patna | 10,67,068.00 | 21500.00 | 2500 | 30 Days |
| 4 | S/R with addition and alteration to E.I in room No - 71, 72, 73, 74, 76, & 77 East Side Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna | 13,28,384.00 | 26600.00 | 2500 | 30 Days |
| 5 | S/R with addition and alteration to E. I in Corridor East Education Department at Vikash Bhawan, Patna | 13,35,119.00 | 26800.00 | 2500 | 30 Days |

PR. No. 019117 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## एक नई लक्ष्मण-रेखा

मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह बात भी सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्रों के बारे में संविधान में सीमा का पुनर्लेखन कर दिया है। उसने संविधान के अनुच्छेद 105(2) की नई व्याख्या कर दी है, जिसके तहत संसद के अंदर का कथित भ्रष्ट आचरण अब न्यायिक जांच-परख के दायरे में आ जाएगा। अपने ताजा फैसले के जरिए उसने पीवी नरसिम्हा राव बनाम स्टेटइ (यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड) में 1998 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। वह मामला जन-प्रतिनिधियों के कथित रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने और मत डालने से संबंधित था। 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि सांसद और विधायकों पर इस तरह के मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि उन्हें संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण हासिल है। अब कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के आचरण से संसदीय पवित्रता भंग होती है, इसलिए इसे संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण नहीं मिल सकता। मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह तथ्य भी अपनी जगह सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। अगर शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। संविधान में जिस तरह संसदीय विशेषाधिकार का प्रावधान किया गया है, उसी तरह का संरक्षण न्यायपालिका को भी दिया गया है। अनुच्छेद 121 के तहत सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के जजों के आचरण पर संसद में बहस नहीं हो सकती। अब यह सवाल उठेगा कि आखिर न्यायपालिका को यह संरक्षण क्यों मिले रहना चाहिए? कुछ वर्ष पूर्व एक प्रधान न्यायाधीश पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर यौन उत्पीड का आरोप लगा था। उस कांड की सामान्य आपराधिक न्याय प्रक्रिया के तहत जांच नहीं हुई, क्योंकि संबंधित जज को न्यायिक संरक्षण प्राप्त था। उस मामले पर संसद में भी चर्चा नहीं हो सकती थी। कोर्ट की मंशा यह है कि जन प्रतिनिधियों के भ्रष्ट आचरण पर रोक लगाई जाए। लोग इससे सहमत होंगे। लेकिन उनकी ऐसी ही आकांक्षा जजों के बारे में भी है।

## भाजपा की पहली सूची का क्या संदेश?

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। पहले इक्का दुक्का पार्टियां ऐसा करती थीं लेकिन अब यह परंपरा बन गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 30 से ज्यादा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली में अपने कोटे की चार सीटों के साथ साथ हरियाणा और गुजरात की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने एक साथ 195 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। एक अनुमान के मुताबिक भाजपा देश की 543 में से साढ़े चार सौ से कुछ ज्यादा लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बाकी सीटें उसकी सहयोगी पार्टियों के खाते में जाएंगी। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भाजपा ने एक झटके में अपनी करीब 40 फीसदी सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए। भाजपा की पहली सूची कई मायनों में बहुत दिलचस्प है। जैसे भाजपा के सूत्रों के हवाले से ही दो महीने से खबर आ रही थी कि पार्टी पहले उन सीटों पर उम्मीदवार घोषित करेगी, जहां वह पिछली बार हारी थी या दो-तीन बार से नहीं जीत रही है या पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी। इसे मध्य प्रदेश मॉडल कहा गया था। भाजपा ने पिछले साल के अंत में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव में सबसे पहले कमजोर और हारी हुई सीटों पर अपने दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बना कर उतार दिया था। कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़े थे। उसी तर्ज पर लोकसभा चुनाव की पहली सूची आने की चर्चा थी। लेकिन सूची आई तो वह इसके बिल्कुल उलट थी। पार्टी ने उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वह पारंपरिक रूप से बहुत मजबूत है और पिछली बार भारी अंतर से जीती थी। कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जहां कांटे की टक्कर थी लेकिन ज्यादातर सीटें ऐसी हैं, जिन पर पार्टी आसानी से जीती थी। इस तरह भाजपा ने मुश्किल सीटों पर घोषणा नहीं की। साथ ही जहां अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत फाइनल नहीं हुई है वहां के उम्मीदवारों का ऐलान भी नहीं हुआ और जिन राज्यों या जिन सीटों पर विपक्षी गठबंधन के मजबूती से लड▶ का अनुमान है उन सीटों पर भी घोषणा रोक दी गई। भाजपा की इस बदली हुई रणनीति का मकसद यह दिख रहा है कि वह विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में सीट बंटवारा होने और उनके उम्मीदवार आने का इंतजार कर रही है। विपक्षी उम्मीदवारों को देखने के बाद उनके सामाजिक समीकरण और उम्मीदवारों के राजनीतिक कद के हिसाब से भाजपा अपने प्रत्याशी तय करेगी। तभी ऐसा लग रहा है कि नजदीकी मुकाबले की संभावना वाली सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा थोड़े समय और रूकी रह सकती है। इससे यह जाहिर होता है कि चुनाव जितना आसान बताया जा रहा है उतना आसान नहीं है और भाजपा को इसका अंदाजा है। इसलिए वह मुश्किल सीटों पर ज्यादा दिमाग खपा रही है। भाजपा की पहली सूची की एक खास बात यह है कि पार्टी ने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में लगभग पूरा ही बदलाव कर दिया। दिल्ली की सात में से पांच सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसमें चार पर नए उम्मीदवार उतारे गए हैं। भाजपा ने नई दिल्ली सीट पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिमी दिल्ली में दिवंगत साहेब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को, दक्षिण दिल्ली में रमेश विधूड़ी की जगह रामवीर सिंह वधूड़ी को और चांदनी चौक मे डॉक्टर हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाया है। मौजूदा सांसदों में सिर्फ मनोज तिवारी टिकट पाने में कामयाब हुए हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में सिर्फ दो लोग- विजय बघेल और संतोष पांडे को रिपीट किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि स्पीकर बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह टिकट नहीं हासिल कर सके तो दुर्ग से सांसद रहीं सरोज पांडेय को इस बार कोरबा से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के दिग्गज और आठ बार विधायक रहे ब्रजमोहन अग्रवाल इस बार रायपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। उधर मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है तो ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से लड़ेंगे। सबसे दिलचस्प मामला केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का है, जिनको पिछले साल विधानसभा की टिकट मिली थी और वे हार गए थे। लेकिन इस बार फिर उनको लोकसभा की टिकट मिल गई है। ऐसा लग रहा है कि आदिवासी सीटों पर या तो भाजपा के पास नए उम्मीदवार नहीं हैं या वह वह प्रयोग करने से बचना चाह रही है। कुल मिला कर भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची अपने असर वाले राज्यों में पार्टी का आत्मविश्वास दिखाने वाली है। तभी उसने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में बड़ा बदलाव कर दिया तो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में ज्यादातर सांसदों को वापस टिकट दे दिया। उत्तर प्रदेश में घोषित 51 नामों में 47 इस समय सांसद हैं। जिस अंदाज में भाजपा की सूची तैयार हुई है उसे देख कर लग रहा है कि वह हिंदी पट्टी के उत्तरी राज्यों में अपने प्रदर्शन को लेकर बहुत आश्वस्त है। तभी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि राज्यों में उसने एक झटके में ज्यादातर उम्मीदवार घोषित कर दिए। गुजरात के भी ज्यादातर प्रत्याशियों की घोषणा हो गई। लेकिन बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा सावधानी बरत रही है। यह माना जा रहा है कि असली लड़ाई इन राज्यों में होने वाली है। इन राज्यों में विपक्षी पार्टियों की स्थिति मजबूत है। बिहार और महाराष्ट्र में विपक्ष का गठबंधन भी बहुत मजबूत है। विपक्षी पार्टियों ने इन चार राज्यों के हवाले भाजपा की सीटें कम करने का संकल्प जाहिर किया है। इसलिए भाजपा भी सावधानी बरत रही है। अगर उम्मीदवारों की बात करें तो कुछ बातें बहुत चौंकाने वाली हैं। जैसे भाजपा ने उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से कृपाशंकर सिंह को उम्मीदवार बनाया, जो पहले कांग्रेस में थे और मुंबई में राजनीति करते थे। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगे थे। फिर भी भाजपा ने उनको टिकट दे दी। इसी तरह पश्चिम बंगाल में आसनसोल सीट पर भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट देने का मामला है। उनकी बैकग्राउंड और रेपुटेशन चेक किए बगैर उनको टिकट दी गई। घोषणा के 24 घंटे के अंदर ही उनको नाम वापस लेना पड़ा। झारखंड की हजारीबाग सीट पर जयंत सिन्हा की जगह मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाना भी हैरान करने वाला फैसला है। पार्टी अभी तक झारखंड की 11 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है

## भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं शिव

**महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। ह्यमहाशिवरात्रिह्न पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 8 मार्च को संध्याकाल 9 बजकर 57 मिनट पर होगी, जिसका समापन 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव जी की पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से 9 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के चार प्रहर मुहूर्त हैं। रात्रि प्रथम प्रहर पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से रात 9 बजकर 28 मिनट तक है, रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा का समय रात 9 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च की सुबह 12 बजकर 31 मिनट तक, रात्रि तृतीय प्रहर पूजा का समय 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 3 बजकर 34 मिनट तक और रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा का समय 9 मार्च प्रातः 03.34 से 06.37 बजे तक है जबकि व्रत पारण समय 9 मार्च की सुबह 6 बजकर 37 मिनट से दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में भगवान शिव को कालों का काल और देवों का देव अर्थात महादेव कहा गया है।**





**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं**

देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। ह्यमहाशिवरात्रिह्न पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 8 मार्च को संध्याकाल 9 बजकर 57 मिनट पर होगी, जिसका समापन 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा।

भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में की जाती है, इसलिए महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव जी की पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से 9 बजकर 28 मिनट तक है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के चार प्रहर मुहूर्त हैं। रात्रि प्रथम प्रहर पूजा का समय शाम 6 बजकर 25 मिनट से रात 9 बजकर 28 मिनट तक है, रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा का समय रात 9 बजकर 28 मिनट से 9 मार्च की सुबह 12 बजकर 31 मिनट तक, रात्रि तृतीय प्रहर पूजा का समय 12 बजकर 31 मिनट से प्रातः 3 बजकर 34 मिनट तक और रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा का समय 9 मार्च प्रातः 03.34 से 06.37 बजे तक है जबकि व्रत पारण समय 9 मार्च की सुबह 6 बजकर 37 मिनट से दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में भगवान शिव को ह्यकालों का कालह्न और ह्यदेवों का देवह्न अर्थात ह्यमहादेवह्न कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं।

सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?

इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ह्यह्यजिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से ह्यसगुण ईश्वर और निर्गुण ब्रह्म कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।

शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे नीलकंठ के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव चन्द्रशेखर भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है। बैल (नंदी) को भगवान शिव का वाहन माना गया है और ऐसी मान्यता है कि स्वयं अमंगल रूप होने पर भी भगवान शिव अपने भक्तों को मंगल, श्री और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं।

## शिव परमात्मा की याद का सबसे बड़ा अवसर है महाशिवरात्रि!

**इस कारण महाशिवरात्रि को बहुत पवित्र पर्व माना जाता है। इस दिन सच्ची भक्ति और निष्ठा के साथ व्रत करने वालों से महादेव अवश्य प्रसन्न होते हैं और उनकी समस्त मनोकामना पूरी करते हैं। महाशिवरात्रि का यह पावन दिन हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने के लिए उत्तम माना जाता है, साथ ही इस बार की महाशिवरात्रि में शुक्र प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है। प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और अपने भक्तों व साधकों से खुश होते हैं। महाशिवरात्रि की चतुर्दशी की शुरूआत 8 मार्च को 9 बजकर 57 मिनट पर होगी और तिथि का समापन शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, महाशिवरात्रि 8 मार्च को ही मनाई जा रही है। महाशिवरात्रि का पूजन निशिता काल में किया जाता है। निशिता काल 8 मार्च को रात 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 9 मार्च को रात 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। प्रथम पहर पूजन समय 8 मार्च को शाम 6 बजकर 25 मिनट से शुरू होगा और समापन रात 9 बजकर 28 मिनट को होगा। जबकि दूसरा पहर पूजन समय 8 मार्च को रात 9 बजकर 28 मिनट से शुरू होगा और समापन 9 मार्च को रात 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। तीसरे पहर पूजन समय उसी रात 12 बजकर 31 मिनट से शुरू होगा और समापन सुबह 3 बजकर 34 मिनट पर होगा। वही चौथा पहर पूजन समय सुबह 3 बजकर 34 मिनट से लेकर सुबह 6 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। हम सृष्टि की रचना की प्रक्रिया का चिंतन करे तो कहा जाता है**





**डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जा रही है। महाशिवरात्रि चतुर्दशी के दिन ही मनाई जाती है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस कारण महाशिवरात्रि को बहुत पवित्र पर्व माना जाता है। इस दिन सच्ची भक्ति और निष्ठा के साथ व्रत करने वालों से महादेव अवश्य प्रसन्न होते हैं और उनकी समस्त मनोकामना पूरी करते हैं। महाशिवरात्रि का यह पावन दिन हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने के लिए उत्तम माना जाता है, साथ ही इस बार की महाशिवरात्रि में शुक्र प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है। प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और अपने भक्तों व साधकों से खुश होते हैं। महाशिवरात्रि की चतुर्दशी की शुरूआत 8 मार्च को 9 बजकर 57 मिनट पर होगी और तिथि का समापन शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, महाशिवरात्रि 8 मार्च को ही मनाई जा रही है। महाशिवरात्रि का पूजन निशिता काल में किया जाता है। निशिता काल 8 मार्च को रात 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 9 मार्च को रात 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। प्रथम पहर पूजन समय 8 मार्च को शाम 6 बजकर 25 मिनट से शुरू होगा और समापन रात 9 बजकर 28 मिनट को होगा। जबकि दूसरा पहर पूजन समय 8 मार्च को रात 9 बजकर 28 मिनट से शुरू होगा और समापन 9 मार्च को रात 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। तीसरे पहर पूजन समय उसी रात 12 बजकर 31 मिनट से शुरू होगा और समापन सुबह 3 बजकर 34 मिनट पर होगा।

वही चौथा पहर पूजन समय सुबह 3 बजकर 34 मिनट से लेकर सुबह 6 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। हम सृष्टि की रचना की प्रक्रिया का चिंतन करे तो कहा जाता है कि सृष्टि के आरम्भ में ईश्वर की आत्मा पानी पर डोलती थी और आदिकाल में परमात्मा ने ही आदम व हवा को बनाया जिनके द्वारा स्वर्ग की रचना की गई। चाहे शिव पुराण हो या मनुस्मृति या फिर अन्य धार्मिक ग्रन्थ हर एक में परमात्मा के वजूद को तेजस्वी रूप माना गया है। जिज्ञासा होती है कि अगर परमात्मा है तो वह कहां है,क्या किसी ने परमात्मा से साक्षात किया है या फिर किसी को परमात्मा की कोई अनूठी अनुभूति हुई है। साथ ही यह भी सवाल उठता है कि आत्माये शरीर धारण करने से पहले कहा रहती है और शरीर छोडने पर कहा चली जाती है। इन सवालो का जवाब भी सहज ही उपलब्ध है। सृष्टि चक्र में तीन लोक होते है पहला स्थूल वतन,दूसरा सूक्ष्म वतन और तीसरा मूल वतन अर्थात परमधाम। स्थूल वतन जिसमें हम निवास करते है पांच तत्वों से मिलकर बना है। जिसमें आकाश पृथ्वी,वायु,अग्नि औरजल शामिल है। इसी स्थूल वतन को कर्म क्षेत्र भी कहा गया है। जहां जीवन मरण है और अपने अपने कर्म के अनुसार जीव फल भोगता है। इसके बाद सूक्ष्म वतन सूर्य, चांद और तारों के पार है जिसे ब्रहमपुरी,विष्णुपुरी और शंकरपुरी भी कहा जाता है। सूक्ष्म वतन के बाद मूल वतन है जिसे परमधाम कहा जाता है। यही वह स्थान है जहां परमात्मा निवास करते है। यह वह धाम है जहां सर्व आत्माओ का मूल धाम है। यानि आत्माओं का आवागमन इसी धाम से स्थूल लोक के लिए होता है। आत्माओं का जन्म होता है और परमात्मा का अवतरण होता है। यही आत्मा और परमात्मा में मुख्य अन्तर है। सबसे बडा अन्तर यह भी है कि आत्मा देह धारण करती है जबकि परमात्मा देह से परे है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। वहीं ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को भोलेनाथ दिव्य ज्योर्तिलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। शिवपुराण में उल्लेखित एक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था और भोलेनाथ ने वैराग्य जीवन त्याग कर गृहस्थ जीवन अपनाया था। इस दिन विधिवत आदिदेव महादेव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व कष्टों का निवारण होता है। अमावस्या से एक दिन पूर्व, हर चंद्र माह के चौदहवें दिन को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों के अलावा फरवरी-मार्च माह में महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इन सभी में से महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व सबसे ज्यादा है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध कुछ ऐसी स्थिति में होता है कि मनुष्य में ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में सहायता करती है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए ही, इस परंपरा में हमने इस पूरी रात चलने वाले उत्सव की स्थापना की। इस उत्सव का एक सबसे मुख्य पहलू ये पक्का करना है कि प्राकृतिक ऊजाओं के प्रवाह को अपनी दिशा मिल सके। इसलिए आप अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखते हुए जागते रहते हैं। आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बहुत महत्वपूर्ण है। पारिवारिक परिस्थितियों में जी रहे लोगों तथा महत्वाकांक्षियों के लिए भी यह उत्सव बहुत महत्व रखता है। जो लोग परिवार के बीच गृहस्थ हैं, वे महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं से घिरे लोगों को यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण लगता है क्योंकि शिव ने अपने सभी शत्रुओं पर विजय पा ली थी। साधुओं के लिए यह दिन इसलिए महत्व रखता है क्योंकि वे इस दिन कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। वे एक पर्वत की तरह बिल्कुल स्थिर हो गए थे। यौगिक परंपरा में शिव को एक देव के रूप में नहीं पूजा जाता,, वे आदि गुरु माने जाते हैं जिन्होंने ज्ञान का शुभारंभ किया। ध्यान की अनेक सहस्त्राब्दियों के बाद, एक दिन वे पूरी तरह से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि था। उनके भीतर की प्रत्येक हलचल शांत हो गई और यही वजह है कि साधु इस रात को स्थिरता से भरी रात के रूप में देखते हैं।

यौगिक परंपरा के अनुसार इस दिन और रात का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इस दिन आध्यात्मिक जिज्ञासु के सामने असीम संभावनाएँ प्रस्तुत होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से गुजरते हुए, उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ वे ये प्रमाणित कर रहे हैं झ कि आप जिसे जीवन के रूप में जानते हैं, जिसे आप पदार्थ और अस्तित्व के तौर पर जानते हैं, जिसे ब्रह्माण्ड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं

## सामूहिक शक्ति का प्रतीक है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**मनोज कुमार श्रीवास्तव**

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सामुहिक कारवाई की शक्ति का प्रतीक है ।यह एक ऐसा दिन है जब पूरे विश्व में व्यक्ति, समुदाय और संगठन लैंगिक समानता और महिलाओं में अधिकारों की वकालत करने के लिए एकजुट होते हैं ।अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर दुनिया भर में महिलाओं को समावेशन को बढ़ावा देने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सामुहिक कारवाई की शक्ति का उपयोग करें ।प्रभावशाली पहलों में निवेश कर,समावेशिता को बढ़ावा देकर निरन्तर सुधार के लिए प्रतिबद्ध होकर, संगठन महिलाओं के जीवन में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। महिलाओं के लिए अपने अनुभव, चुनौतियों और जीत को साझा करने के लिए मंच बनाकर,संगठन टीम के सदस्यों के बीच सहानुभूति, समझ और एकजुटता को बढ़ावा दे सकते हैं ।चाहे यह आंतरिक समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, अभियानों या पैनल चचाओं के माध्यम से हो,महिलाओं की कहानियों को ऊपर उठाना बाधाओं को तोड़ने और प्रेरक परिवर्तन की कुंजी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक विश्वस्तरीय आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है जिसमें हर पल विभिन्न विषय दुनिया भर के महिलाओं के सामने आने वाले मौजूदा मुद्दों और चुनौतियों को दशार्ते हैं ।ये विषय अक्सर लैंगिक समानता,महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, आर्थिक न्याय, प्रजनन अधिकार और बहुत कुछ पर केंद्रित होते हैं। वर्ष 2024 की अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है जो कि महिलाओं में समावेशिता को बढ़ावा दिये जाने पर केंद्रित है ।हरेक साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए ऐतिहासिक और चल रहे संघर्ष की याद दिलाता है ।इस दिन की शुरूआत 20 वीं सदी की शुरूआत में हुई ।पहला राष्ट्रीय महिला दिवस 1909 में सोसलिस्ट पार्टी ऑफ अमेरिका द्वारा आयोजित किया गया था ।इसके बाद 1910 में कोपेनहेगन में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ जो क्लारा जेटकिन (जर्मनी में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए महिला कार्यालय की नेता) नामक एक महिला ने वकालत करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय विचार का प्रभाव रखा।1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता के सिद्धांत की पुश करने वाला पहला अंतराष्ट्रीय समझौता बन गया ।बाद में 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष के दौरान संयुक्त राष्ट्र ने अपना पहला आधिकारिक अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रगति पर विचार करने,बदलाव का आह्वान करने और सामान्य महिलाओं के साहस और दृढ़ संकल्प के कार्यो का जश्न मनाने का समय है जिन्होंने अपने देशों और समुदायों के इतिहास में असाधारण भूमिका निभाई है ।यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जो महिलाओं की उपलब्धियों,संघर्षों और लैंगिक समानता के लिए चल रही लड़ाई का जश्न मनाता है। महिलाओं के मताधिकार और श्रम अधिकारों के लिए तब से यह एक वैश्विक आंदोलन के रूप में विकसित हुआ जो रैलियों, मार्चों और लैंगिक समानता,प्रजनन अधिकारियों और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और हिंसा की समाप्ति करने वाले द्वारा चिन्हित है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता की दिशा में हुई प्रगति और दुनिया भर में सभी महिलाओं के लिए पूर्ण अधिकार और सशक्तिकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक निरन्तर कार्य की याद दिलाता है। हर साल 8 मार्च को मनाये जानेवाले अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास 20 वीं सदी से जुड़ा है। इसकी शुरूआत अमेरिकी समाजवादी और श्रमिक आंदोलनों से हुई थी ।उस समय की महिलाएँ अपने अधिकारों जैसे काम के घण्टे कम करने,बेहतर वेतन और वोट देने के अधिकार की मांग के लिए लड़ रही थी। इस दिवस पर यह तय किया जाता है कि हमे एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो ।इस दिन हम यह सिख पाते हैं की महिलाओं को कैसे और क्यों सम्मान किया जाना चाहिए। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों का सम्मान और उनकी उपलब्धियों को देखने के लिए मनाया जाता है ।इस दिन अपने अस्तित्व के निर्माण करने वाली हर उस नारी का सम्मान किया जाता है जिसने समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है ।यह दिवस समाज के उत्थान में महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधे मिलाकर चल सके ।इस दिन नारी के संघर्षों को सम्मानित किया जाता है ।यह दिन नारी शक्ति को नमन करके समाज को जोड़ने का कार्य करता। यह दिवस हमें यह बताता है मानव को बिना किसी भेदभाव के महिलाओं का सम्मान करना चाहिए क्योंकि महिलाओं से ही सृष्टि का श्रृंगार होता है ।समाज को समृद्धि की ओर ले जाने में महिलाओं का मुख्य योगदान होता है और इसे किसी को भी नहीं भूलना चाहिए ।महिलाएं समाज निर्माण के साथ-साथ परिवार निर्माण में भी अहम भूमिका निभाती हैं। भारत में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार के अधीन एक अलग मंत्रालय है जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के नाम से जाना जाता है ।जबतक हम महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता नहीं बदलेंगे,दुनिया में एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना मुश्किल होगा।अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत न्यूयार्क शहर में 1908 में कई महान अशांति की दौरान हुई थी।अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के 100 वें वर्ष में यानी 2011 में संयुक्त राज्य अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मार्च महीने को महिलाओं का इतिहास माह घोषित किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि आज, शिवालयों मे जलाभिषेक को उमड़ेगी शिवभक्तों की भीड़

अमरोहा।महाशिवरात्रि पर्व आज उत्साह संग मनाया जाएगा। जिलेभर के शिवालयों में जलाभिषेक से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।शिवालयों को भव्य रूप से सजाया गया है। अधिकांश कांवड़िये भी अपनी मंजिल पर पहुंच चुके हैं। तड़के से जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का जुटना शुरू होगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे।अमरोहा-बिजनौर व दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गुरुवार को भी एक के बाद एक कांवड़ियों के कई जत्थे हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। शाम तक अधिकांश कांवड़िए अपने गंतव्य पर पहुंच गए। दिनभर ट्रैफिक पुलिस कांवड़ियों को सुरक्षित आगे निकालने में लगी रही। कांवड़ सेवा शिविरों के आसपास भी विशेष निगरानी बरती गई। इसी के साथ ही शिवालयों में जलाभिषेक की तैयारियां भी पूरी कर ली गईं।

### पुलिस प्रशासन संग ग्राम प्रधान प्रमोद नागर ने शिवभक्तों पर की पुष्प वर्षा

हसनपुर।रहरा मार्ग पर स्थित द्रोण पब्लिक स्कूल के सामने शिव सेवा समिति की तरफ से श्री शिव भक्त शिविर में रोड़ पर समस्त शिव भक्तो व प्रमोद नागर ग्राम प्रधान के साथ थाना प्रभारी रहरा रमेश सहरावत के साथ थाना पुलिस कर्मियों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की।इस दौरान शिविर के मुख्य सेवक प्रमोद नागर ने बताया की समिति द्वारा 17वा भण्डारा आयोजित किया गया है। जिसमें पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग मिला है। साथ ही ग्राम प्रधान प्रमोद नागर ने बताया कि वह शिव भगवान की कृपा से पिछले 17 सालों से लगातार कावड़ियों की सेवा कर रहे है। आज पुष्प वर्षा करने वालों मे इंस्पेक्टर रहरा रमेश सहरावत,जल्लोपुर चौकी इंचार्ज पुष्पेंद्र राठी, कांस्टेबल रवि बालियान, कांस्टेबल आकाश मलिक, मा.संजय सिंह, लखन नागर, अनुज नागर, परमा ठाकुर, भानू प्रताप सिंह, अमरीश नागर अनुज शर्मा, नितिन, विरपाल सिंह, लवकुश, रिंकू, बबलू शर्मा, बबली ठाकुर, भोला, सुखपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### छह दिन से लापता युवक का शव गेहूं के खेत में मिला

बांदा (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव में छह दिन से लापता एक युवक का क्षत-विक्षत शव पुलिस ने गेहूं के खेत से बरामद किया है।ओरन पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि तेंदुरा गांव का रहने वाला युवक लखन सिंह (27) पिछली 29 फरवरी की दोपहर बाद से लापता था, इस आशय की गुमशुदगी परिजनों ने थाने में दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर कुछ ग्रामीण खेतों की तरफ गए और दुर्गंध आने पर शव देखा, जिसकी पहचान लखन सिंह के रूप में हुई। शव क्षत-विक्षत था, ऐसा प्रतीत होता है कि शव चार-पांच दिन पुराना है।पुलिस ने कहा कि फिलहाल मौत के कारणों का अभी पता नहीं चला है। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### गवाह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर (उप्र)।मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने 10 साल पहले अदालत परिसर के बाहर एक गवाह की कर दी गयी हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को तीन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार त्यागी ने यहां बताया कि 11 जुलाई 2013 को हत्या के एक मामले में गवाही देने के लिये अदालत जा रहे देवेन्द्र नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।त्यागी ने बताया कि इस मामले में सागर मलिक, ओम सिंह और राजवीर सिंह नामक व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजुला भालोठिया ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अदालत ने उनपर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया।

### पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक आर के विश्वकर्मा बने मुख्य सूचना आयुक्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक आर के विश्वकर्मा को राज्य का नया मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि राज्य सरकार ने विश्वकर्मा को मुख्य सूचना आयुक्त बनाया है।उन्होंने बताया कि इसके अलावा 10 अन्य लोगों को सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है जिनमें पूर्व आईएएस अधिकारी शकुन्लता गौतम, पत्रकार मोहम्मद नदीम, पद्म नारायण द्विवेदी, दिलीप कुमार अग्निहोत्री, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, स्वतंत्र प्रकाश और राकेश कुमार शामिल हैं।उन्होंने बताया कि मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन साल का होगा। जौनपुर जिले के रहने वाले 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी -का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था।

# भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन आयोजित

## मोदी सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान से जीने का हक ::चेतन स्वरूप मौर्य

प्रात: किरण संवाददाता



रामपुर/सैदनगर। भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा चमरौआ विधानसभा के सैदनगर मंडल में बेनजीर गांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह उर्फ बंटी सैनी के आवास पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लोकसभा प्रभारी मुंशीराम कश्यप मौजूद रहे । इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाअध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने केंद्र की मोदी सरकार की जनहित कार्य एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से विचार व्यक्त किए इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि नरेंद्र मोदी सरकार ने विश्व में अपनी अलग ही पहचान एवं छवि बनाई है पूरी दुनिया आज भारत का लोहा मानती है अबू धाबी दुबई में भी वहां का पहला मंदिर बहुत ही भव्य स्वरूप में बनाया गया है यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विश्व में बढ़ती साख का नतीजा है।

मोदी सरकार ने हर वर्ग का विकास किया है एवं सभी को लाभ पहुंचाया है देश का विकास मोदी की गारंटी है तथा सभी पदाधिकारीयो का फूल मालाओं से एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया । इस मौके पर जिला महामंत्री दुर्गेशबाबू गंगवार, जिला उपाध्यक्ष राजीव गंगवार, चंद्र प्रकाश शर्मा, सुनील लोधी, टेकचंद गंगवार ,जिला पंचायत सदस्य हीरालाल पप्पू, सभापति डॉ रामपाल मौर्य, रामस्वरूप प्रधान, दौलतराम ,गौरव, फिरासत, रहमतजान, पंकज चौधरी विस्तारक ,श्री राम गुड्डू आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# बसपा ने अमरोहा से मुजाहिद हुसैन को बनाया प्रत्याशी, फिर लगाया बाहरी पर दांव

प्रात: किरण संवाददाता




अमरोहा। बसपा ने गुरुवार को अमरोहा लोकसभा सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी। गाजियाबाद के डासना की चैयरमेन के पति मुजाहिद अली उर्फ बाबू को प्रत्याशी घोषित किया है। वेस्ट यूपी प्रभारी शमशुद्दीन राईनी ने उनके नाम की घोषणा जोया स्थित एक बैंकट हाल में कार्यकताओं के बीच की।पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शमशुद्दीन राईनी ने कहा पार्टी सुप्रीमो बहन जी का संदेश लेकर आप लोगो के बीच आया हूं।

बहन जी ने मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई को अमरोहा लोकसभा से इरढ पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से भाईचारा बनाने की अपील करते हुए कहा कि आप भाईचारा बनाकर सर्व समाज को एक साथ लेकर चलें, यही भाईचारा 2024 में भारतीय जनता पार्टी को हराने का काम करेगा।उन्होने कार्यकताओं से लोकसभा प्रत्याशी को लड़ाने के लिए जी जान से जुट जाने की अपील की।समीक्षा बैठक में नगीना से सांसद ग्रीशचन्द जाटव, जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, गजरौला चेयरमैन हरपाल सिंह, नवेद अयाज, फुरकान अहमद पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नौगावां सादात, जाफर मलिक, जितेश कुमार, फिरोज मंसूरी, मुमताज मलिक, फरहान खान, रामौतार सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, कामिल पाशा,अजब सिंह, केपी सिंह सिंघानिया, नौशाद चौधरी, देवेंद्र पाल सिंह, फुरकान सैफी आदि रहे।

### टिकट होने पर लोगों ने किया विरोध

अमरोहा।गुरुवार को कुछ लोगों ने मुजाहिद हुसैन को बाहरी बताते हुए विरोध प्रर्दशन भी किया। और विरोध जताया। साथ ही उन्होंने डा. मेराजुद्दीन को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की। यह अलग बात है कि जिनको वह प्रत्याशी बनाने की मांग कर रहे है वह भी अमरोहा के निवासी नही है।

### गाजियाबाद जिले के निवासी है मुजाहिद

**हुसैनः** अमरोहा। अमरोहा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी बनाए गए मुजाहिद हुसैन गाजियाबाद के डासना के रहने वाले है। वर्तमान में उनकी पत्नी बसपा से डासना से नगर पंचायत की चैयरपर्सन है। हालांकि मुजाहिद हुसैन का नाम अमरोहा के लोगों के लिए भले ही चौकाने वाला हो सकता लेकिन वह पुराने बसपाई बताए जाते है। पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए अमरोहा से प्रत्याशी बनाया है।

# योगी गोरखपुर में करेंगे सीबीजी प्लांट का लोकार्पण

प्रात: किरण संवाददाता



गोरखपुर। देवाधिदेव महादेव की आराधना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर वह बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। सीएम 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सीबीजी प्लांट समेत इन सभी विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास का समारोह धुरियापार की बंद चीनी मिल परिसर में शुक्रवार को दोपहर बाद होगा। धुरियापार की बंद पड़ी चीनी मिल के 50 एकड़ परिसर में बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने की जिम्मेदारी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड को मिली है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तत्कालीन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 18 सितंबर 2019 को किया था। पहले चरण में सीबीजी और दूसरे में एथेनाल का उत्पादन होगा।

इस कॉम्प्लेक्स में पहले चरण में सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। इंडियन ऑयल ने सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का निर्माण धुरियापार चीनी मिल परिसर में 18 एकड़ भूमि पर 165 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से किया है। इस प्लांट के निर्माण में 95 प्रतिशत स्थानीय सामग्री का उपयोग किया गया है। निर्माण पूर्ण होने के बाद यहां अक्टूबर 2023 से सीबीजी उत्पादन का ट्रायल किया जा रहा था। अब शुक्रवार को सीएम योगी इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे।

**प्रतिदिन 20 एमटी सीबीजी का होगा उत्पादनः** निर्धारित क्षमता पर प्लांट प्रतिदिन 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग करेगा। बायोगैस प्लांट प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन करेगा। इस प्लांट की अन्य महत्वपूर्ण विशेषताओ में से एक विशेषता यह है कि यह प्रदूषण के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है तथा दूसरी विशेषता यह है कि इसमें लिक्विड डिस्चार्ज शून्य है। यहां उत्पादित बायोगैस को इस क्षेत्र के आसपास के स्थानीय इंडियन आयल पेट्रोल पंपों के माध्यम से बेचा जा सकेगा। इससे गोरखपुर के आसपास के सीएनजी चालित वाहनों को ईंधन उपलब्ध कराया जायेगा।

**प्लांट के लिए जरूरी पराली से बढ़ेगी किसानों की आयः** प्लांट के लिए जरूरी 70000 मीट्रिक टन पराली गोरखपुर के आसपास के 30-35 हजार किसानों के माध्यम से उनके खेतों से एकत्रित की जायेगी। पराली एकत्रण का यह कार्य न केवल किसानों की आय में वृद्धि करने में सहायक होगा, साथ ही पराली जलाने की समस्या से भी निजात मिलेगा।

# अमरमणि को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से नहीं मिली राहत

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी कीसंपत्तियां कुर्क किए जाने के बस्ती जिला के सेशन कोर्ट के आदेश मामले में राहत नहीं दी है। इलाहाबाद ने आज की सुनवाई में बस्ती सेशन कोर्ट के आदेश पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई है। गौरतलब है कि बस्ती की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अमरमणि त्रिपाठी को फरार घोषित कर पुलिस महानिदेशक और प्रमुख सचिव गृह से उनकी संपत्तियों को जल्द से जल्द कुर्क किए जाने का आदेश दिया है। बस्ती की सेशन कोर्ट ने संपत्तियों को कुर्क किए जाने के आदेश पर अमल नहीं किए जाने पर नाराजगी भी जताई है। बस्ती की स्पेशल कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही अमरमणि त्रिपाठी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट इस मामले पर 15 मार्च को अगली सुनवाई करेगी।

त्रिपाठी की इस याचिका पर आज हाईकोर्ट में जस्टिस संजय कुमार सिंह की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान त्रिपाठी द्वारा दाखिल किए गए रिकार्ड और यूपी सरकार के हलफनामे में तारीखों पर अंतर देखने को मिला। इस पर हाईकोर्ट ने बस्ती की स्पेशल कोर्ट से आर्डर शीट के रिकॉर्ड सील बंद लिफाफे में पेश करने को कहा है।

उच्च न्यायालय में 15 मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। हालांकि आज की सुनवाई में अदालत ने स्पेशल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाए जाने की अमरमणि त्रिपाठी की मांग को मंजूर नहीं किया। हाईकोर्ट ने इस मामले में आज कोई भी अंतरिम आदेश पारित नहीं किया है। मामला व्यापारी के बेटे के अपहरण से जुड़ा है। छह दिसंबर 2001 को बस्ती के व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था। पुलिस ने व्यापारी के बेटे को लखनऊ में अमरमणि त्रिपाठी के घर से बरामद किया था। इस मामले में अमरमणि समेत नौ लोगों को आरोपी बनाया गया था। त्रिपाठी जेल से छूटने के बाद भी इस मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

निचली अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर संपत्तियां कुर्क करने का आदेश दिया। अमरमणि की ओर से हाईकोर्ट में दाखिल अर्जी में निचली अदालत के कुर्की के आदेश पर रोक लगाए जाने और कोर्ट में सरेंडर करने पर उन्हें उसी दिन जमानत पर रिहा किए जाने की गुहार लगाई गई थी।

# बलात्कार के बाद आत्महत्या करने वाली लड़की के पिता ने भी की खुदकुशी

हमीरपुर (उप्र)। कानपुर में कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार के बाद दो लड़कियों के आत्महत्या कर लेने के सप्ताह भर बाद उनमें से एक के पिता ने यहां खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीक्षा शर्मा ने बताया, ह्यसिसोलर थाना क्षेत्र के एक गांव में 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बुधवार को अज्ञात परिस्थितियों में एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। इस घटना के संबंध में परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों के अनुसार दुष्कर्म मामले के आरोपी के परिजनों द्वारा समझौते के लिए धमकी दिये जाने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि एसपी ने इस आरोप पर कुछ भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

कानपुर के घाटमपुर इलाके में 16 और 14 साल की नाबालिग लड़कियों को 29 फरवरी को एक पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ पाया गया था।

घाटमपुर इलाके के एक गांव में ईंट भट्टे के पास एक खेत में दो लड़कियों के शव एक पेड़ से लटके पाए गए थे। उनके परिजनों का आरोप था कि इन नाबालिगों के साथ कुछ दिन पहले बलात्कार किया गया था। ये लड़कियां इसी ईंट-भट्टे में काम करती थीं।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित परिवारों का आरोप है कि 16 और 14 वर्ष की इन लड़कियों के साथ कुछ दिनों पहले ठेकेदार रामरूप निषाद, उसके बेटे और भतीजे द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और आरोपियों ने उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो भी बनाया था जिसकी वजह से इन लड़कियों ने बुधवार को पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस ने ठेकेदार रामरूप निषाद (48), उसके बेटे राजू (18) और भतीजे संजय (19) को गिरफ्तार कर लिया था। ये तीनों हमीरपुर जिले के रहने वाले हैं। उसने बताया था कि दोनों नाबालिग लड़कियां लापता हो गई थीं और कई घंटों बाद इनके शव पेड़ से लटकते मिले। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में दो बच्चियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में ह्यजंगल राजह्न है, और कानून नाम की चीज नहीं बची है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्यकानपुर में सामूहिक बलात्कार की पीड़ित दो नाबालिग बच्चियों ने आत्महत्या कर ली। अब उन बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है। आरोप है कि पीड़ित परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था।

उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में पीड़ित बच्चियां-महिलाएं अगर न्याय मांगती हैं तो उनके परिवारों को बर्बाद कर देना नियम बन चुका है। उन्नाव, हाथरस से लेकर कानपुर तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ, उनके परिवार बर्बाद कर दिए गए। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि इस जंगलराज में महिला होना मात्र अपराध हो गया है, जहां कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, ह्यआखिर प्रदेश की करोड़ों महिलाएं क्या करें, कहां जाएं?

# आयकर निरीक्षक के घर में तीन लोगों की हत्या करने के जुर्म में आठ लोगों को सुनायी गयी फांसी की सजा

बरेली (उप्र)। बरेली जिले की एक अदालत ने सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले घर में घुसकर डकैती के दौरान आयकर विभाग के निरीक्षक की मां, भाई और भाभी की हत्या करने के मामले में बृहस्पतिवार को नौ अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उनमें से आठ को फांसी तथा एक को आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) दिगम्बर पटेल ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (त्वरित अदालत) रवि कुमार दिवाकर ने छैमार हसीन गैंग के नौ लोगों को दोषी मानते हुए उनमें से आठ को फांसी तथा एक को उम्रकैद की सजा सुनायी है। पटेल के मुताबिक आयकर विभाग के निरीक्षक रविकान्त मिश्रा ने बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि 21 अप्रैल 2014 को वह अपने घर से अपने तैनाती स्थल के लिये रवाना हुए थे और दो दिन बाद जब उन्होंने अपने परिजन से सम्पर्क करने की कोशिश की तब उनकी उनसे बात नहीं हो सकी।

मिश्रा का कहना था कि अनहोनी का शक होने पर वह यहां अपने घर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था, गलियारे की खिड़की खुली थी और उसकी ग्रिल भी निकली हुई थी। पटेल ने बताया कि मुकदमे के मुताबिक छत का दरवाजा खुला था तथा मिश्रा ने जब पास के एक निमार्णाधीन मकान की छत से अपने घर के अंदर जाकर देखा तो उनकी मां पुष्पा (70) का शव सीढ़ियों के पास पड़ा था, जबकि बेडरूम में उसके भाई योगेश और भाभी प्रिया के शव पड़े थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। पटेल ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध डकैती, हत्या और आपराधिक षडयंत्र के आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की थी । उनके मुताबिक तफ्तीश के दौरान शेरगढ़ कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद, बिथरी चैनपुर डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, सम्भल निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस, बिथरी चैनपुर डेरा उमरिया निवासी जुल्फाम और फहीम, गिरोह द्वारा चोरी किये गये माल को खरीदने वाला सरार्फा कारोबारी शाहजहांपुर कोतवाली निवासी राजू वर्मा समेत नौ आरोपियों की संलिप्तता पाये जाने पर अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

पटेल ने बताया कि घटना में शामिल सरार्फा कारोबारी रवि वर्मा को उम्र कैद हुई है जबकि बाकी आठ दोषी लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विवेचना में पाया था कि अभियुक्त रात में पड़ोस के निमार्णाधीन मकान के रास्ते मिश्रा के घर में घुसे थे और लूट के दौरान जाग गयी उनकी बुजुर्ग मां के सिर पर ईंट से प्रहार करके उनकी हत्या कर दी थी।

# इंडिया गठबंधन और पीडीए परिवार देश में परिवर्तन लाएगा: अखिलेश



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) परिवार देश में परिवर्तन लाने का काम करेंगे।यहां एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आए यादव ने संवाददाताओं से कहा, जो लोग (भाजपा) 400 पार की बात कर रहे हैं, उन्हें इंडिया गठबंधन और पीडीए परिवार मिलकर 400 सीटों पर हराने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि वे लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन आय दोगुनी नहीं हुई, बल्कि किसानों का लाभ छीन लिया गया।उन्होंने कहा कि इसी तरह, नौजवान प्रयागराज में आरओ (समीक्षा अधिकारी), एआरओ (सहायक समीक्षा अधिकारी) परीक्षा में पेपर लीक होने के खिलाफ धरने पर बैठा था। उन्होंने कहा कि यह कैसी सरकार है जिसमें हर प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक हो रहा है।

सपा प्रमुख ने कहा, यह सरकार के पेपर लीक नहीं हो रहे, बल्कि इनके वोट लीक हो रहे हैं। करीब 60 लाख बच्चों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी। एक छात्र के परिवार में यदि तीन लोग भी हों तो एक करोड़ अस्सी लाख मतदाता होते हैं। यदि हम इन्हें 80 लोकसभा सीटों से भाग दे दें तो हर लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के दो लाख 25 हजार वोट लीक हो गये हैं। सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे नेताओं के बारे में उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना दिखाने वाली भाजपा नई राजनीति में विधायकों और मंत्रियों को तोड़ने के लिए पैकेज दे रही है।

उत्तर प्रदेश में अनेक मदरसों को बंद किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ये (भाजपा के लोग) केवल मदरसे ही बंद नहीं कर रहे, बल्कि संस्कृत विद्यालय भी बंद कर रहे हैं। भाजपा केवल एक समाज की दुश्मन नहीं है, बल्कि देश की भी दुश्मन है।

# हिंडन को प्रदूषित करने पर एनजीटी नाराज, प्राधिकरण व प्रशासन को दी सलाह

नोएडा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी (एनजीटी) के सदस्य जस्टिस डा. अफरोज अहमद ने हिंडन नदी की दुर्दशा पर चिंता जताई। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण व प्रशासन को सलाह दी कि हिंडन नदी) के दोनों छोरों पर वृक्षारोपण किया जाए जिससे न सिर्फ नदी का सौंदर्यकरण होगा बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एनसीआर के लिए हिंडन नदी एक महत्वपूर्ण नदी है। डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में नोएडा प्राधिकरण के सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा लोकेश एम, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। डॉ. अफरोज अहमद ने कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए नियमों का पालन करने एवं करवाने के साथ-साथ जन-जागरूकता एवं जनता का सहयोग की बहुत आवश्यकता हैं। ईमानदारी के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के साथ जीविका, विकास और पर्यावरण के बीच सन्तुलन बनाकर पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। विकास और पर्यावरण को साथ लेकर चलना जरूरी है। वैज्ञानिकों तरीकों से प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है। जनता के सहयोग से ही प्रदूषण मुक्त भारत बनाया जा सकता है। पर्यावरण से सम्बन्धित अधिकारियों को बढ़ते प्रदूषण की ओर ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण कन्ट्रोल करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाये, समय-समय निरीक्षण व जांच की जाए। पर्यावरण संरक्षण सम्बंधित सभी अधिकारियों में आपसी समन्वय होना चाहिए साथ ही पर्यावरण सम्बन्धित उद्योगपतियों, व्यापारी, व्यवसायी, ट्रांसपोटरों, बिल्डरों एवं निर्माण आदि करने वाली एजेंसियों सहित अन्य संस्थानों से प्रदूषण की रोकथाम के लिए सम्पर्क कर पर्यावरण संरक्षण करने में सहयोग प्राप्त करें।

### मोबाइल नेटवर्क गायब करने वाले गैंग का पदार्फाश, 6 बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में मोबाइल फोन से नेटवर्क गायब होने के राज का खुलासा हुआ है। चौंका देने वाली बात यह है कि इसका खुलासा नोएड की थाना सेक्टी 39 पुलिस ने किया है। पुलिस का दावा है कि मोबाइल टावरों में रिसीवर यूनिट बैटरी व अन्य सामान चोरी करने वाले गैंग के 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो फारचूनर समेत दो कार, चोरी का सामान व उपकरण बरामद किए गए हैं। यह गैंग अभी तक 500 से अधिक टावरों से कीमती सामान चोरी कर बेच चुके हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार को थाना सेक्टर 39 पुलिस ने बुधवार को सलारपुर अंडरपास के पास से 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आसिफ, अन्नान, आदिल, इरफान अलवी, कमल मौर्या और फरदीन के रूप में हुई है। इनके कब्जे से 8 रेडियो रिसीवर यूनिट, वॉयर कटर, प्लास, छोटे-बड़े पेचकश, हथौड़ा तथा एक फॉर्च्यूनर व स्विफ्ट कार बरामद हुई है। पकड़ा गया गिरोह राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली-एनसीआर में कई जगह मोबाइल टॉवरों से कीमती सामान चोरी कर चुका है।

# कांग्रेस हमेशा दलितों को गुमराह करती रही : जेपी नड्डा



आगरा। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को आगरा में अनुसूचित जाति महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा दलितों को गुमराह करती रही। कांग्रेस के नारे हमेशा खण्डित करने वाले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के विचार सबको समाहित करने वाले रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की हमेशा उपेक्षा की। यह इतिहास में दर्ज है कि मुंबई से संविधान सभा के चुनाव में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को हराया था। उन्हें संविधान सभा में आने के लिए बंगाल जाना पड़ा और वे वहां से चुनकर आए। उन्होंने कहा कि पंचतीर्थ की याद कांग्रेस को क्यों नहीं आई? संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की कांग्रेस द्वारा उपेक्षा की गई, उनका उपहास किया गया, उनके योगदान को हमेशा कम आंका गया। यही कांग्रेस का चरित्र है, यही कांग्रेस का इतिहास है। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में बाबा साहब का चित्र संसद में लगाने के लिए जगह नहीं मिली। केन्द्र में जनता दल की सरकार आने के बाद बाबा साहब का चित्र लगा। नेहरू ने खुद को भारत रत्न दे दिया। इंदिरा ने खुद कुर्सी पर रहकर भारत रत्न ले लिया, लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हमारे दलित भाइयों को,अनुसूचित जाति के भाइयों को कभी भी मानवता और इंसानियत की दृष्टि से नहीं देखा। जब उन्होंने देखा तो वोटबैंक की राजनीति को ध्यान में रखकर देखा। वोट लेने का उपक्रम समझा। समाज से अलग रखकर किस तरह से उनका प्रयोग किया जा सकता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद वहां अनुसूचित जाति के भाइयों को अब आरक्षण मिल रहा है और वो सरकारी नौकरियों में आ सकते हैं। आज मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति की दृष्टि से सामाजिक न्याय मंत्रालय का 90 प्रतिशत बजट बढ़ा दिया गया है।जेपी नड्डा ने कहा कि जब हम सत्ता में भी नहीं थे,तब भी हमने एकात्म मानववाद की दृष्टि से ये कहा था कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का भला नहीं होगा,तब तक देश तरक्की नहीं करेगा। लबें समय तक कांग्रेस पार्टी ने इस देश का शासन चलाया है। समाज में दलित,शोषित,वंचित,पीड़ित जिसको लोगों ने वोटबैंक की राजनीति से देखने का उपकरण समझा।

भाजपा और भारतीय जनसंघ ने कहा था कि जब तक हम अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा नहीं करेंगे, बराबरी का हाथ नहीं बढ़ाएंगे, तब तक समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। जब भाजपा ने अंत्योदय का कार्यक्रम चलाया। उस समय कांग्रेस बोलती थी कि ये अंत्योदय क्या होता है? उन्होंने कहा कि उसी समय हमने कहा था कि जब अंत का उदय होगा, तभी भारत का उदय होगा, तभी भारतीय समाज आगे बढ़ेगा। लेकिन भाजपा वैचारिक पार्टी है। मोदी ने उसी को आगे बढ़ाते हुए कहा-सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास। जब सबकी चिंता होगी, सबके प्रयास से चिंता होगी, जब सबका विश्वास मिल पाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024





# कभी किसी निर्देशक की हाथ की कठपुतली नहीं रहा

अभिनेता रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर का ट्रेलर मुंबई में सोमवार को लांच हुआ। इस फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर की भूमिका निभाई है। अभिनय के अलावा रणदीप हुड्डा ने फिल्म के लेखन और निर्देशन में अलावा फिल्म के निर्माण में भी सहभागी हैं। फिल्म के ट्रेलर लांच के दौरान अभिनेता रणदीप हुड्डा ने इस बात का खुलासा किया कि कभी वह किसी निर्देशक के हाथ की कठपुतली नहीं रहे हैं। अभिनेता रणदीप हुड्डा पहली बार फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के जरिए लेखन और निर्देशन में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पहले इस फिल्म का निर्देशन महेश मांजरेकर कर रहे थे। लेकिन रणदीप हुड्डा की वजह से महेश मांजरेकर ने फिल्म छोड़ी थी और फिल्म के निर्देशन की कमान खुद रणदीप हुड्डा ने संभाल ली। फिल्म के ट्रेलर लांच के दौरान रणदीप हुड्डा ने कहा, मैं ऐसा एक्टर कभी नहीं था कि जो निर्देशक बोले वहीं करूं। मेरी आदत है कि निर्देशक से हर सीन के बारे में बहुत डिस्कस करता हूं और फिल्म में पूरी तरह से शामिल रहता हूं। मैं निर्देशक की हाथ की कठपुतली कभी नहीं रहा। फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के बारे में बात करते हुए रणदीप हुड्डा ने कहा, मैं ठान लिया था कि हर हाल में इस फिल्म को बनाऊंगा। इस फिल्म को बनाने में मैंने बहुत संघर्ष किया। लेकिन वह संघर्ष वीर सावरकर जी के संघर्ष के सामने बहुत छोटा है। जब इस फिल्म की तैयारी चल रही थी तो लोग पूछ रहे थे कि वीर सावरकर पर फिल्म क्यों? मेरा जवाब होता था कि क्यों नहीं? जब गांधी और नेहरू पर फिल्म बन सकती है तो वीर सावरकर पर फिल्म क्यों नहीं बन सकती है?

# अपनी असफलताओं पर रोहित रॉय ने की बात

अभिनेता रोहित रॉय टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। पिछले दिनों वे वेब सीरीज कर्मा कालिंग में नजर आए थे। इस शो में दर्शकों ने उनके किरदार को काफी पसंद किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वे अपने करियर के उतार-चढ़ाव और टेलीविजन इंडस्ट्री के बारे में खुलकर बातें करते दिखाई दिए। रोहित रॉय ने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन शो स्वाभिमान से किया था। इस शो की वजह से वे रातों-रात स्टार बन गए थे। रोहित बीते दिनों को याद करते हुए कहते हैं, मेरा पहला शो काफी हिट रहा। लोग मुझे ऋषभ मल्होत्रा के नाम से बुलाने लगे थे। सफलता मेरे दिमाग पर चढ़ गया था। मुझे लगने लगा था कि जो भी हूं मैं ही हूं। सच कहूं तो मुझ में अहंकार भर गया था। मेरा अहंकार ही मेरी असफलता का कारण बना।









# को-स्टार से ज्यादा फीस ले चुकी हैं ये अभिनेत्रियां

**हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में किसी जमाने में अभिनेताओं का ज्यादा तरजीह दी जाती थी, लेकिन अब वक्त के साथ यह ट्रेंड भी बदल चुका है। इन दिनों कई अभिनेत्रियां अपनी एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड पर राज करती हैं। आज हम आपको ऐसी ही कुछ अदाकाराओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने फिल्म में काम करने के लिए हीरो से ज्यादा फीस वसूल की।**

### माधुरी दीक्षित

माधुरी दीक्षित 90 के दशक से लेकर अब तक अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हम आपके हैं कौन के लिए उन्होंने सलमान खान से ज्यादा फीस चार्ज की थी। बताया जाता है कि उस समय उन्हें इस फिल्म के लिए दो करोड़ रुपये दिए गए थे।

### कंगना रणौत

कंगना रणौत बॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी अदाकारी से लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म जजमेंटल है क्या के लिए उन्होंने 27 करोड़ रुपये चार्ज किए थे, जबकि राजकुमार राव की फीस बहुत कम थी।

### श्रद्धा कपूर

इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल है। उनकी हिट फिल्मों की लिस्ट में स्त्री का नाम भी शामिल है। इस फिल्म में वे राजकुमार राव के साथ नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के लिए उन्हें सात करोड़ रुपये मिले थे। वहीं, राजकुमार को छह करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

### आलिया भट्ट

मौजूदा समय की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में आलिया भट्ट का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। वे फिल्मों के काम करने के लिए मोटी फीस वसूल करती हैं। बताया जाता है कि फिल्म राजी के लिए उन्हें 10 करोड़ रुपये फीस के रूप में मिले थे। वहीं, विक्की कौशल ने इस फिल्म के लिए चार करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

# ईद पर होगी अक्षय कुमार और अजय देवगन की भिड़ंत

अजय देवगन इन दिनों फिल्म 'शैतान' को लेकर चर्चा में हैं। इसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके जरिए अजय, आर माधवन और एक्ट्रेस ज्योतिका के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। इसी बीच एक्टर की नई फिल्म 'मैदान' की रिलीज का भी ऐलान कर दिया गया है। इसका नया पोस्टर शेयर किया गया है, जो कि काफी इमोशनल है। इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। पोस्टर शेयर करने के साथ ही जानकारी दी गई है कि इसे ईद 2024 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीज डेट सामने सामने आते हैं लोगों के बीच खलबली मच गई है। दरअसल, ईद 2024 के मौके पर अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' ही नहीं बल्कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'छोटे मियां बड़े मियां' भी रिलीज हो रही है। इसकी रिलीज डेट 9 अप्रैल तय की गई है। इसके जरिए अक्षय और टाइगर पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं और ये एक्शन से भरपूर है।







# कैटरीना-दीपिका के बाद अब वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनीं आलिया भट्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनय के साथ-साथ उन्होंने प्रोडक्शन में भी कदम रखा है। आलिया आगामी वेब सीरीज पोचर से कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ी हैं। इसके अलावा आलिया निर्देशक संजय भंसाली की लव एंड वॉर को लेकर भी चर्चा में चल रही हैं।

अब आलिया स्पाई यूनिवर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। हाल ही में, यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा कि आलिया भट्ट वाईआरएफ जासूसी जगत की एक फिल्म का निर्देशन कर रही हैं, जिसकी शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होगी। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक फेंचाइजी है, जिसमें अलग-अलग फिल्मों के किरदार एक-दूसरे से मिलते नजर आएंगे। सलमान खान की टाइगर , ऋतिक रोशन की वॉर और शाहरुख खान की पठान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं। फिक्की फेम्स के सीईओ अक्षय विधवानी ने इस खबर की पुष्टि की है। अक्षय ने कहा, इस इंडस्ट्री का एक रहस्य साझा करूंगा, जो कि आलिया भट्ट एक स्पाई यूनिवर्स फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका शूटिंग शेड्यूल इस साल के अंत में शुरू होगा। इस फिल्म की शूटिंग विदेश में भी होगी।

उन्होंने आगे कहा, स्पाई यूनिवर्स में बहुत सारी चीजें आने वाली हैं। हम इसके तहत अधिक से अधिक फिल्में बनते देखेंगे। अभी के लिए, मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि आलिया भट्ट एक स्पाई यूनिवर्स फिल्म का नेतृत्व कर रही हैं।

# श्रेयस तलपड़े ने वेलकम 3 की कहानी से उठाया पर्दा

इस साल बॉक्स ऑफिस पर कई दमदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहें हैं। इन्हीं में से एक फिल्म वेलकम टू द जंगल है, जो सुपरहिट फिल्म वेलकम का तीसरा पार्ट है। फिल्म की लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर जबर्दस्त उत्साह है। फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे श्रेयस तलपड़े ने वेलकम टू द जंगल की कहानी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में एक साक्षात्कार में श्रेयस ने बताया कि फिल्म में इतने लोगों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव होगा। फिल्म की कहानी बहुत ही मजेदार और दिलचस्प है, जो कॉमेडी से भरपूर है। इसमें कुछ पागलपन भरे हिस्से भी है, जो दर्शकों को खूब पसंद आएंगे। खासकर तुषार कपूर के साथ फिल्माया गया उनका सीन। गौरतलब है कि इससे पहले श्रेयस और तुषार कपूर जबर्दस्त केमिस्ट्री दर्शकों को रोहित शेट्टी की गोलमाल फैंचाइजी में देखने को मिली थी, जिसे खूब पसंद किया गया था। वहीं, अरशद और संजय दत्त की मुन्नाभाई कैमेस्ट्री को कौन भूल सकता है। ये जोड़ी भी फिल्म में धमाल मचाती नजर आएगी। वेलकम टू जंगल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, सुनील शेट्टी और लारा दत्ता जैसे कई जबर्दस्त कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेलकम 3 के बाद हेरा फेरी 4 और आवारा पागल दीवाना 2 भी बनने वाली है, इन फिल्मों से एक बार दर्शकों के लिए कॉमेडी का पुराना दौर लाने की तैयारी है।



# लोग मुझे सस्ता रणबीर कपूर कहकर चिढ़ाते हैं, मगर नहीं लगता बुरा

**एक्टर विभव रॉय को लोग रणबीर कपूर के नाम से चिढ़ाते हैं क्योंकि उनकी शक्ल अभिनेता से काफी मिलती-जुलती है। हालांकि, वह इस बात का जरा भी बुरा नहीं मानते हैं। रणबीर कपूर और 'पद्मावत' में उनके को-स्टार रहे रणवीर सिंह के लिए उनके दिल में सॉफ्ट कॉर्नर है। अभिनेता का मानना है कि वो एक्टिंग के क्षेत्र में कुछ नहीं कर पाएगा। इन दिनों वह 'शैतानी रस्में' में नजर आ रहे हैं।**

लोगों को लगता है कि मेरा लुक थोड़ा बहुत रणबीर कपूर से मिलता है। इसी वजह से कुछ मेरी नल्ला रणबीर, सस्ता रणबीर, टीवी का रणबीर कहकर मौज लेते हैं। फिर भी मैं खुश हूं कि जो जिस नजरिए से देखता है, बेहतर है। वह बहुत बेहतरीन कलाकार हैं। रणवीर और रणबीर दोनों के लिए मेरे दिल में सॉफ्ट कॉर्नर है। मैंने 'एनिमल' देखी है। मैं फिल्म की मेसेजिंग में नहीं जाऊंगा, लेकिन रणबीर की एक्टिंग के बारे में कहूं तो वो काबिल-ए-तारीफ है। मेरे कास्टिंग डायरेक्टर्स हमेशा कहते हैं कि जब तुम किसी का ऑडिशन लो तो अच्छे और खराब एक्टर को मत कास्ट करो, एक ऐसे एक्टर को कास्ट करो, जो देखने लायक हो।

### रणवीर सिंह काम को लेकर गंभीर हैं

मैंने रणवीर सिंह के साथ 'पद्मावत' में काम किया है। वह अपने किरदार में घुस जाते हैं। वह बहुत प्रिपेयर्ड एक्टर हैं। वह जितना फनी दिखते हैं, उससे ज्यादा काम को लेकर गंभीर हैं। वह हर किसी चीज को पकड़कर रखते हैं। अभिनय और कलाकारी को बारीकी से देखते हैं। उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे मंझे हुए कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। ओमपुरी सर का तरीका है कि चीजों को बहुत गंभीरता से मत लो। रणवीर सिंह का है कि जितना हो बेहतर करो। दोनों अपनी जगह माहिर हैं। आर्ट का न कोई तरीका और न ही कोई सिलेबस है कि रट लिया और काम चल गया। इसमें खुद का मेथेड बनाना पड़ता है। इसी वजह से तो कला है, नहीं तो हर कोई इसे नहीं सीख जाएगा।

### ओमपुरी सर से सीखा समर्पण

ओमपुरी सर के साथ मैंने फिल्म लश्टम-पश्टम की है। उनके साथ कुछ सीन शूट करने रह गए थे कि उससे पहले ही वह हम सबको अलविदा कहकर चले गए थे। इसकी वजह से कहानी काफी उल्टी-पुल्टी हो गई। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया। मैंने उनसे समर्पण और स्वच्छंदता सीखी क्योंकि मैं थोड़ा सा सेरिब्रल एक्टर हूं। मुझे सीन मिलेगा तो मैं उसे कई बार पढ़ूंगा, मन में छवि बनाऊंगा, लेकिन वो कहते थे, 'हौव्वा मत बनाया कर, एक्टिंग कर रहे हैं, चांद पर थोड़ी ना जा रहे हैं।' मैं सर से कहता था कि आपका तजुर्बा है, आपकी मसल मेमोरी है, हमारी मसल मेमोरी बननी है। इन द मोमेंट जाकर स्टिंग्स को ट्रस्ट करके एक्टिंग करना मैंने उनसे सीखा है। वह बहुत ज्यादा 'ऑफ द कफ' वाले एक्टर हैं। डायलॉग कुछ लिखा हो, वह कुछ भी बोल देंगे। ऐसा तब होगा, जब आपकी भाषा पर पकड़ हो। अगर भाषा पर पकड़ नहीं है और आप रिएक्ट नहीं कर पाए तो गए।

### ...तो ज़िंदगी खोखली होती चली जाएगी

विभव रॉय बताते हैं कि नौकरी छोड़ते वक्त डर लगा था और आज भी लगता है। यह डर हमेशा रहेगा पर उसको हटाकर आप वर्तमान मे जीने की कोशिश करेंगे तो बेहतर होगा। अगर आप सिर्फ पैसे के लिए काम करेंगे तो आपकी जिंदगी खोखली होती जाएगी। भगवान की दया से मेरी फैमिली का सपोर्ट हमेशा रहा इसलिए लोगों को लगता है कि मेरे लिए यह कहना आसान है। मगर भगवान चाहे कुछ भी दे दे, लेकिन वो इंसान को कम ही लगता है। मुझे भी बहुत चाहिए। मेरी आकांक्षाएं, तमन्नाएं बहुत हैं, लेकिन अपनी शर्तो पर।



व्यापार

सेंसेक्स
74119.39 पर बंद
निफ्टी
22493.50 पर बंद

सोना
65,405
चांदी
74,077

## संक्षिप्त समाचार

### सहारा के निवेशकों का रिफंड चुनाव से पहले मिलेगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सहारा के करोड़ों निवेशकों का फंसा पैसा इस लोकसभा चुनाव से पहले मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। अब तक सहारा के निवेशकों ने करीब 80000 करोड़ रुपये का क्लेम किया है। सेबी के पास रखे 25000 करोड़ सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिले 5000 करोड़ रुपये निवेशकों को दिए जा चुके हैं। बता दें सहारा समूह में कुल 9.88 करोड़ निवेशकों के 86,673 करोड़ रुपए फंसे हैं। इतनी बड़ी रकम को देखते हुए अब निवेशकों को अपना पैसा पाने के लिए कुछ और इंतजार करना पड़ेगा।सहारा रिफंड पोर्टल पर दी गई जानकारी के मुताबिक सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए अब निवेशक 19999 रुपये (मूलधन) तक का क्लेम कर सकते हैं। सहारा समूह की सहकारी समितियों के वास्तविक सदस्यों/जमाकर्ताओं की उनकी वैध जमा राशि के भुगतान और शिकायतों का समाधान करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सहकारिता मंत्रालय द्वारा एक आवेदन दायर किया गया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 5000 करोड़ रुपये सहारा-सेबी रिफंड खाते से सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। इन नंबरों पर करें संपर्क- पोर्टल पर कहा गया है कि जमाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सभी चार समितियों से संबंधित सभी क्लेम एक ही क्लेम अप्लीकेशन फार्म से करें। केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दायर किए गए क्लेम पर ही विचार होगा। क्लेम करने के लिए कोई शुल्क नहीं है।

### नीलामी में करीब 21 लाख रुपये में बिकी एक शर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लंदन में एक शर्ट 20,000 पाउंड यानी 25,000 डॉलर में नीलाम हुई। अगर भारतीय रुपये में देखा जाए तो इसकी कीमत करीब 20,69,491 रुपये बैठती है। आखिर इस शर्ट में क्या खास है इसे टीवी के इतिहास में सबसे मशहूर वेट शर्ट यानी गीली कमीज माना जाता है। इसे अभिनेता कॉलिन फर्थ ने बीबीसी के 1995 में आए शो प्राइड एंड प्रीजूडिस में पहना था। इसमें फर्थ में मिस्टर डार्सी की भूमिका निभाई थी। नीलामी से पहले इसकी अनुमानित कीमत सात हजार से 10 हजार पाउंड मानी जा रही थी। मंगलवार को हुई इस नीलामी में 60 से अधिक फिल्म और टीवी कॉस्ट्यूम्स की बिक्री की गई। यह नीलामी केरी टेलर ने की थी। प्राइड एंड प्रीजूडिस को जेन ऑस्टन ने लिखा था लेकिन उसमें वेट शर्ट का सीन नहीं था। लेकिन यह टीवी के इतिहास में सबसे मशहूर मोमेंट्स में से एक बन गया। इसमें मिस्टर डार्सी अपनी प्राइवेट लेक में स्विम करने जाते हैं। इसे ग्रेटर मैनचेस्टर में स्टॉकपोर्ट के करीब लाइम पार्क में फिल्माया गया था। स्विम करने के बाद वह गीली शर्ट में लेक से बाहर आते हैं और अपनी प्रेमिका एलिजाबेथ बेनेट के पास दौड़कर जाते हैं। फिल्म में एलिजाबेथ बेनेट की भूमिका ब्रिटिश-अमेरिकन अभिनेत्री जेनिफर ऐल ने निभाई थी। यह सीन दर्शकों के दिमाग में छा गया और इस सीन की वजह से फर्थ दुनियाभर में सेक्स सिंबल बन गए।

**क्या-क्या है नीलामी में:** करीब 30 साल बाद यह शर्ट अपनी अनुमानित कीमत से दोगुनी कीमत पर बिक गई। अगर इसमें 5,000 पाउंड का बायर्स प्रीमियम भी जोड़ दिया जाए तो इसकी कीमत 25,000 पाउंड यानी 26,36,263 रुपये बैठती है। यह पूरी राशि चैरिटी में जाएगी। इसमें मडोना, ड्र्यू बैरीमोर, मेरिल स्ट्रीप, डेप और हीथ लेजर के कॉस्ट्यूम को भी नीलामी के लिए रखा गया था।

# ग्राहकों को कार्ड नेटवर्क चुनने का विकल्प दें बैंक, आरबीआई का नए सर्कुलर में निर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप डेबिट या क्रेडिट कार्ड ग्राहक हैं तो अब अपनी पसंद के नेटवर्क को चुन सकेंगे। बैंकों को यह सुविधा देनी ही होगी।

आरबीआई ने आदेश में कहा, क्रेडिट-डेबिट कार्ड जारी करते समय बैंक ग्राहकों को कोई भी नेटवर्क चुनने का विकल्प देंगे।बैंक किसी एक कार्ड नेटवर्क को चुनने के लिए ग्राहक को बाध्य नहीं कर सकते हैं। इस नियम को छह महीने के भीतर लागू करना होगा।

आरबीआई ने बुधवार को सर्कुलर में कहा, कार्ड जारी करने वाली कंपनियां कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। जिनके पास अभी कार्ड हैं, ऐसे ग्राहकों को कार्ड के नवीनीकरण के समय नेटवर्क चुनने का विकल्प देना होगा। केंद्रीय बैंक ने कहा, समीक्षा में पता चला है कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद व्यवस्थाएं ग्राहकों को विकल्प देने के लिहाज से सही नहीं हैं।

बैंक बाजार के सीईओ आदिल शेट्टी ने कहा, आरबीआई के इस फैसले से नया कार्ड लेते समय या नवीनीकरणके दौरान ग्राहकों को अधिक विकल्प मिलेगा।इससे उपभोक्ता अनुभव बेहतर होगा।

### 10 लाख से कम कार्ड वाले नेटवर्क नियम से बाहर

यह निर्देश उन क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होगा जिनके सक्रिय कार्डों की संख्या 10 लाख या उससे कम है। इसके अलावा खुद के अधिकृत कार्ड नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले संस्थानों को इस निर्देशों से बाहर रखा गया है। वीजा और मास्टर सहित अन्य नेटवर्क देते हैं सेवा अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डायनर्स क्लब इंटरनेशनल, मास्टरकार्ड, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड जैसे नेटवर्क फिलहाल, कार्ड की सुविधा देते हैं। कार्ड जारीकर्ताओं और नेटवर्क को नवीनीकरण और नए समझौते करते समय आरबीआई के नए दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

### मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के राइट्स इश्यू के लिए 2.34 गुना सब्सक्राइब हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (बीएसई : 540078), ब्लो मोल्डिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग और कस्टमाइज्ड मोल्डिंग की एक सबसे बड़ी निर्माता, ने राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जिसके लिए 2.34 गुना सब्सक्राइब हुआ है.10 प्रत्येक सम भाव पर अभिदान के लिए कुल 15,09,075 इम्टिी शेयर्स ऑफर किए गए थे. कंपनी को 35,30,321 इम्टिी शेयर्स के लिए बिड्स प्राप्त होने से शानदार प्रतिसाद दिखाई दिया, जो मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड की ग्रोथ ट्रांजेक्ट्री में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है.राइट्स इश्यू का भाव 144 प्रति राइट इम्टिी शेयर था जिसमें से इश्यू भाव का 50 प्रतिशत आवेदन पर (यानी 72) देय था. राइट्स अधिकार अनुपात प्रत्येक 8 पूर्ण चुकता इम्टिी शेयर्स के लिए 1 इम्टिी शेयर था.मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के चेयरमैन, श्री जगदीश देढिया ने कहा, हम हमारे राइट्स इश्यू को मिले प्रतिसाद के लिए आभारी है. यह शानदार प्रतिसाद हमारी कंपनी की जोरदार बिजनेस व्यूहनीति और हमारी टीम के दृढ़ समर्पण के प्रति बाजार की मान्यता को प्रदर्शित करता है. हम हमारे प्रति दर्शाए गए विश्वास और भरोसे के लिए अत्यधिक आभारी हैं.यह उपलब्धि उत्कृष्टता, प्रतिभाशालिता और प्रगति बरकरार रखने के प्रति हमारे दृढ़ समर्पण को रेखांकित करती है. हम आगे आने वाली संभावनाओं की उत्सुकता पूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं और विवेकपूर्वक इन संसाधनों का उपयोग करने और उद्योग के अंदर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए तैयार हैं. टिकाऊ ग्रोथ को तेज करने और इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिज्ञा दृढ़ बनी हुई है।

## रिलायंस इंफ्रा के 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति बेचने पर रोक

*दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रहीं अनिल अंबानी की कई कंपनियां*

*शंघाई इलेक्ट्रिक की आदेश के खिलाफ अपील के जवाब में आया फैसला*

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की ज्यादातर कंपनियां इस समय दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। अब अनिल अंबानी की एक और कंपनी को झटका लगा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को 1100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बेचने, अलग करने, स्थानांतरित करने या उस पर कब्ज़ा करने से रोक दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला अनिल अंबानी की फर्म के खिलाफ चीनी कंपनी शंघाई इलेक्ट्रिक ग्रुप कंपनी लिमिटेड को दिए गए मध्यस्थता के संबंध में है। अदालत ने पिछले फैसले को पलट दिया था, जिसमें शंघाई इलेक्ट्रिक की याचिका खारिज कर दी गई थी और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनी संपत्ति





पर किसी भी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि, किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को पहले से गिरवी रखी गई संपत्तियां इस प्रतिबंध से मुक्त हैं।

यह फैसला शंघाई इलेक्ट्रिक की आदेश के खिलाफ अपील के जवाब में आया है, जिसमें मध्यस्थता को सुरक्षित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था जिसकी राशि करीब 146 मिलियन डॉलर थी। दिसंबर 2022 में, मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने शंघाई इलेक्ट्रिक को आर इंफ्रा के खिलाफ 122.23 मिलियन डॉलर का पुरस्कार दिया, जिसमें ब्याज, कानूनी लागत और खर्च शामिल हैं। सिंगापुर इंटरनेशनल कमर्शियल कोर्ट ने जनवरी 2023 में उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें अंबानी की फर्म को पूरी राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।

यह विवाद शंघाई इलेक्ट्रिक और रिलायन्स इंफ्रा प्रोजेक्ट्स (यूके) के बीच उपकरण आपूर्ति और सेवाओं के लिए 2008 के अनुबंध से उत्पन्न हुआ है, जो रिलायंस इंफ्रा की एक सहायक कंपनी है। शंघाई इलेक्ट्रिक के मुताबिक, रिलायन्स यूके को अनुबंध के तहत 9,461 करोड़ रुपये का भुगतान करना था, जिसमें 2019 तक 995 करोड़ रुपये देय थे।

## नए शिखर पर सोना, चांदी अब 72000 के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट के इतिहास रचने के बाद सर्राफा बाजार ने भी एक नया इतिहास रचा है। आज गोरखपुर, दिल्ली , मुंबई , लखनऊ , जयपुर , इंदौर , कोलकाता , जयपुर और पटना समेत सभी शहरों में सोना 65000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार खुला। आज यानी गुरुवार को 24 कैरेट सोने का औसत हाजिर भाव 65049 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, चांदी की चमक भी आज तेज हो गई है। चांदी का भाव आज 411 रुपये प्रति किलो चढ़कर 72121 रुपये पर खुला।

आईबीजेए के नए रेट जारी- आईबीजेए के नए रेट के मुताबिक अब सोना अपने 5 मार्च 2024 के ऑल टाईम हाई को तोड़कर आज 7 मार्च को नया ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। सर्राफा मार्केटों में 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब 554 रुपये बढ़कर 64789 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जबकि, बिना जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के 22 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 509 रुपये प्रति 10 ग्राम उछल कर 59584 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।

18 कैरेट सोने की कीमत में 417 रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है।अब यह 48786 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत में भी



325 रुपये की तेजी दर्ज की गई है। आज यह 38053 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला।

सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में सोना-चांदी 1000 से 2000 रुपये महंगा मिल रहा हो।

## डेयर स्टायलिंग और ट्रीटमेंट क्लब चेन की को-फाउंडर हैं अनंत अंबानी की साली

### तब्बू और आलिया भट्ट भी हैं कस्टमर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंबानी परिवार की छोटी बहू राधिका मर्चेंट आजकल सुर्खियों में हैं। हाल में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की जामनगर में प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों को बुलाया गया था। अनंत अंबानी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे हैं जबकि राधिका मर्चेंट का संबंध भी कारोबारी परिवार से है। उनके पिता वीरेन मर्चेंट एनकोर फार्मास्यूटिकल्स के सीईओ हैं। राधिका की बड़ी बहन अंजली मर्चेंट मजीठिया भी सफल कारोबारी हैं। अंजलि कई कंपनियां चलाती हैं। साथ ही वह एनकोर हेल्थकेयर में डायरेक्टर भी हैं। उनकी मां इस कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। अंजलि का जन्म साल 1989 में मुंबई में जन्म हुआ था। उन्होंने मुंबई के कैथेड्रल और जॉन कॉनन स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के बबसन कॉलेज - उद्यमिता और रणनीतिक प्रबंधन में बीएससी की और फिर लंदन स्कूल ऑफ बिजनस से एमबीए किया। साल 2010 में उन्होंने अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया में भी एक सेमेस्टर की पढ़ाई की। इस दौरान उन्होंने कनाडा, स्पेन, घाना, जापान और चीन समेत 12 देशों की यात्रा की और विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम किया।

**अंजलि का बिजनसः** अंजलि मर्चेंट ने अपने करियर की शुरुआत 2006 में एडवरटाइजिंग कंपनी पब्लिसिस में इंटर्न के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने 2009 में मार्क में भी इंटर्नशिप की थी। साल 2012 में वह अपने पिता वीरेन मर्चेंट की कंपनी एनकॉर हेल्थकेयर के साथ जुड़ी और मार्केटिंग मैनेजर का पद संभाला। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अंजलि ने 2017 में बेयर में भी इंटर्नशिप की थी। 2021 में उन्हें एनकोर हेल्थकेयर और माइलॉन मेटल्स में डायरेक्टर बनाया गया।

## वित्त वर्ष 2025 में 6.8 फीसदी रहेगी भारत की जीडीपी विकास दर, रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का अनुमान





**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को अनुमान जताया है कि भारत की अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 6.8 फीसदी रह जाएगी, जो कि मौजूदा वित्त वर्ष में 7.6 फीसदी है। एजेंसी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरों और राजकोषीय दबाव के कारण मांग घटने से वृद्धि में गिरावट आएगी। हालांकि, एजेंसी ने यह भी कहा कि आर्थिक विकास दर में गिरावट रहने के बावजूद भारत तेजी से विकास करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। क्रिसिल ने कहा कि सरकार के खर्च की प्रकृति से निवेश चक्र और ग्रामीण आय को कुछ मदद मिलेगी। इसके मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 में दरों में 0.50 से 0.75 फीसदी अंक की कटौती करेगा। लेकिन कटौती धीरे-धीरे होगी और जून से पहले नहीं होगी। जोशी ने कहा कि आरबीआई को दरों में कटौती करने से पहले मौद्रिक नीति के रुख को निकासी से तटस्थ में बदलना होगा।

एजेंसी ने कहा कि महंगाई में कमी आ रही है और बेहतर कृषि उत्पादन, खाद्य महंगाई पर नियंत्रण और तेल व कमोडिटी की कीमतों में नरमी से वित्त वर्ष 2025 में भी यह गिरावट जारी रहेगी। एजेंसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमीश मेहता ने कहा, अगले सात वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 5,000 अरब डॉलर (पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के आंकड़े को पार करेगी और 7,000 अरब डॉलर (सात ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के करीब पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुमानित 6.7 फीसदी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 7,000 अरब डॉलर पर बंद होगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2031 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और उच्च मध्यम आय वाला देश होगा। जिससे घरेलू खपत में मदद मिलेगी। वहीं, जोशी ने कहा कि इस दशक के अंत तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,500 डॉलर के स्तर को पार कर जाएगी।

## डिब्बे बनाने के लिए रेल मंत्रालय से मिला 957 करोड़ रुपये का ऑर्डर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेल कंपनी जूपिटर वैगन्स के शेयरों में बुलेट ट्रेन सी तेजी आई है। जूपिटर वैगन्स के शेयर गुरुवार को 9 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 396.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी को रेल मंत्रालय की तरफ से 957 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर वैगन्स बनाने और उनकी सप्लाई के लिए है। इन डिब्बों (वैगन्स) का इस्तेमाल सामान की ढुलाई में किया जाता है। जूपिटर वैगन्स के शेयर बुधवार को 361.90 रुपये पर बंद हुए थे।

**2237 डिब्बे बनाएगी कंपनी:** जूपिटर वैगन्स ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी को 2237 वैगन्स बनाने और उनकी सप्लाई करने के लिए ऑर्डर मिला है। इन हाई साइडेड ओपन वैगन्स का इस्तेमाल कोयला, ओर जैसे बल्क मैटीरियल्स की ढुलाई में किया जाता है। इन डिब्बों को साइड-ओपनिंग मैकेनिज्म के साथ डिजाइन किया जाता है ताकि सामान को चढ़ाने और उतारने में आसानी हो। कोलकाता बेस्ड कंपनी जूपिटर वैगन्स रेलवे फ्रेट वैगन्स, पैसेंजर कोच, वैगन कंपोनेंट्स, स्टील क्रॉसिंग्स और कास्टिंग बनाती है। इंडियन रेलवे समेत कई प्राइवेट कंपनियां इसकी क्लाइंट लिस्ट में हैं।

**4 साल में 5000 प्रतिशत चढ़ गए जूपिटर वैगन्स के शेयरः** जूपिटर वैगन्स के शेयरों में पिछले 4 साल में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर 4 साल में 5000 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। जूपिटर वैगन्स के शेयर 27 मार्च 2020 को 7.32 रुपये पर थे। रेल कंपनी के शेयर 7 मार्च 2024 को 396.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 270 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। जूपिटर वैगन्स के शेयर 8 मार्च 2023 को 102.27 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 7 मार्च 2024 को 396.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 433.95 रुपये है। वहीं, जूपिटर वैगन्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 85.37 रुपये है।

## नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' का चौथा संस्करण मनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), बिजली मंत्रालय ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन (टाटा पावर-डीडीएल) लिमिटेड के सहयोग से 4 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' का चौथा संस्करण मनाया। इस पहल का उद्देश्य सभी सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए एक दिन लाइनमैन दिवस के रूप में समर्पित करने और उसका जश्न मनाने की राष्ट्रव्यापी परंपरा कायम कर इंडियन पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों - लाइनमैन का सम्मान करना है। इस प्रयास ने पावर सेक्टर में फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए मनोबल बढ़ाने का महत्वपूर्ण काम किया है, जिससे उन्हें उचित पहचान और सराहना मिली। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के 40 से अधिक सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के 150 से ज्यादा लाइनमैन और लाइनवुमेन ने राष्ट्रीय राजधानी का दौरा किया।लाइनमैन दिवस समारोह का थीम सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान था जो पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों के समर्पण, सेवा और बलिदान को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान लाइनमैन को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने और सेफ्टी की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तथा पावर इंडस्ट्री के अंतर्गत सामूहिक शिक्षा को बढ़ावा देने का भी अवसर मिला। इस मौके पर विभिन्न सुरक्षा उपकरणों और टूल्स की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी, जिससे मेहमानों को लागू की गई सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में अधिक जानने और साझा करने का मौका मिला। इसके अलावा कार्यक्रम में दिखाए गए वीडियो में विभिन्न ट्रांसको और डिस्कॉम्स द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और घटनाओं की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस सहयोगात्मक प्रयास ने लाइनमैन को अपने साथियों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और प्रभावी सेफ्टी प्रोटोकॉल को सुदृढ़ करने में सशक्त बनाया, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला।





# यशस्वी जायसवाल ने बनाए सबसे तेज 1000 टेस्ट रन, गावस्कर और पुजारा के रिकॉर्ड तोड़े



**धर्मशाला (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में 42 गेंदों पर एक चौके और 3 छक्कों की मदद से 33 रन बनाते हुए सुनील गावस्कर, चेतेश्वर पुजारा के रिकॉर्ड्स को तोड़ दिया है। जायसवाल सबसे कम टेस्ट मैचों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। इसी के साथ ही वह सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीयों में भी शामिल हो गए हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में 218 रन पर ढेर करने के बाद जायसवाल ने पांचवें टेस्ट के पहले दिन के तीसरे सत्र में 1000 रन पूरे करते हुए सबसे कम मैचों में 1000 टेस्ट रन पूरे किए। उन्होंने मात्र 9 टेस्ट में यह कमाल किया है जबकि गावस्कर और पुजारा ने इसके लिए 11 टेस्ट खेले हैं। वहीं जायसवाल सबसे तेज 1000 टेस्ट रन के मामले में 16 इनिंग्स के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। पहले स्थान पर विनोद कांबली हैं जिन्होंने 14 इनिंग्स में 1000 टेस्ट रन बनाए हैं। वहीं पुजारा ने 18, मयंक अग्रवाल ने 19 और गावस्कर ने 21 इनिंग्स खेली थी।

### 1000 टेस्ट रन के लिए सबसे कम मैच

7 - डॉन ब्रैडमैन
9 - एवर्टन वीक्स
9 - हर्बर्ट सटक्लिफ
9 - जॉर्ज हेडली
9- यशस्वी जयसवाल

भारतीय रिकॉर्ड पहले सुनील गावस्कर और चेतेश्वर पुजारा (प्रत्येक 11 मैच) के नाम था।

### सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय (पारी के हिसाब से)

14- विनोद कांबली
16- यशस्वी जयसवाल
18- चेतेश्वर पुजारा
19 - मयंक अग्रवाल
21 - सुनील गावस्कर

गौर हो कि भारत ने कुलदीप यादव (5/72) और रविचंद्रन अश्विन (4/51) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड को पहली पारी में 218 रन पर ढेर कर दिया। इंग्लैंड की तरफ से जैक क्रॉली एक मात्र सफल बल्लेबाज साबित हुए जिन्होंने 108 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी के खिलाफ तेजस्विन शंकर, उठाए सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को 'अलोकप्रिय राय% माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स% पर लिखा, 'अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

इस राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ने कहा, '...जब सरकारी नौकरी की बात हो तो अनुचित साधनों का सहारा लेने के लिए प्रोत्साहन वास्तव में बहुत अधिक है और आपको राष्ट्रीय स्तर पर आयु समूह स्तर पर एक बार पदक जीतना है। हमें प्रदर्शन में निरंतरता को पुरस्कृत करने की आवश्यकता है। हालाकि उन्होंने उम्मीदवारों द्वारा अपनाए जाने वाले अनुचित साधनों की सटीक प्रकृति के बारे में कुछ नहीं कहा। सरकार ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारना और खेल को एक आकर्षक तथा व्यावहारिक करियर विकल्प में बदलना है। तेजस्विन ने कहा कि खेलो इंडिया एक 'शानदार' पहल है लेकिन नौकरी के अवसर देना उसके लक्ष्य के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया जागरूकता बढ़ाने, प्रतिभा की खोज करने, रुचि विकसित करने, खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने आदि का एक शानदार अवसर है, यानी सच्चा जमीनी स्तर का विकास जो एक स्वागत योग्य कदम है। नौकरियां इसमें फिट नहीं होती...। तेजस्विन ने कहा, 'असली गुंजाइश राष्ट्रीय स्कूल, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों, खेलो इंडिया, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप, केवीएस राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अंडर 14-16 राज्य स्तर आदि का आयोजन करने वाली संस्थाओं के बीच तालमेल बैठाने में है... इससे प्रत्येक प्रदर्शन को उचित रूप से पहचानकर प्रतिभा को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

पिछले महीने खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक की ऊंची कूद स्पर्धा में क्वालीफाई करने के इरादे से महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए यूरोप में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए वित्तीय सहायता के शंकर के अनुरोध को मंजूरी दे दी थी। एक व्यक्ति को जवाब देते हुए तेजस्विन ने कहा, 'दुनिया भर में एक प्रतिशत से भी कम लोगों के पास वास्तव में पेशेवर खिलाड़ियों के रूप में करियर है और वे खेल से जीवनयापन करने के लिए पर्याप्त कमाई करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला बचाने उतरेगा न्यूजीलैंड, विलियमसन और साउथी पर नजरें



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** शीर्ष बल्लेबाज केन विलियमसन और कप्तान टिम साउथी शुक्रवार से क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे जिसे जीतकर मेजबान टीम श्रृंखला ड्रॉ करवाना चाहेगी। विलियमसन और साउथी का न्यूजीलैंड क्रिकेट में योगदान अतुल्नीय है। साउथी 16 जबकि विलियमसन 14 वर्ष से टीम का हिस्सा हैं। विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

विलियमसन के नाम टेस्ट क्रिकेट में 8,675 रन हैं जो कि देश के अगले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रोस टेलर से लगभग हजार रन अधिक हैं। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार से अधिक रन हैं। साउथी के नाम 378 टेस्ट विकेट हैं और वह न्यूजीलैंड की सर्वकालिक सूची में रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। वनडे में उनके नाम 221 विकेट हैं जिससे वह डेनियल विटोरी और काइल मिल्स के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

इस सत्र की शुरुआत में वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले किसी भी देश के पहले गेंदबाज बने। साउथी इसके साथ ही तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे और न्यूजीलैंड के दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। विलियमसन बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट की पहली पारी में दूसरी गेंद पर शून्य पर रन आउट हो गए और दूसरी पारी में नौ रन बनाए। इस मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीता।

इससे पहले उन्होंने अपने पिछले आठ टेस्ट मैचों में से सात में शतक बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक और इस सत्र की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की प्रत्येक पारी में शतक भी शामिल है। साउथी फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 138 रन देकर दो विकेट चटकाए और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोनों टेस्ट में उन्हें केवल एक-एक विकेट मिला।

35 साल के साउथी अपने करियर के अंतिम चरण की ओर बढ़ रहे हैं। उन्हें नई पीढ़ी के गेंदबाजों से चुनौती मिल रही है जिसमें विल ओरोर्के भी शामिल हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पदार्पण मैच में 93 रन देकर नौ विकेट चटकाए जो न्यूजीलैंड की ओर से किसी गेंदबाज का अपने पहले मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बेन सियर्स भी हेगले ओवर में पदार्पण के लिए तैयार हैं।

न्यूजीलैंड को उम्मीद है कि विलियमसन और साउथी दोनों शुक्रवार से शुरू हो रहे टेस्ट में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और टीम 2017 के बाद से घरेलू मैदान पर पहली बार श्रृंखला गंवाने से बच जाएगी। न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में दो पारियों में 179 और 196 रन बनाए और उन्हें ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा जिन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। हेगले ओवल में शुरुआत में गेंदबाजों को उछाल और बाद में टर्न मिलने की संभावना है। न्यूजीलैंड को यह तय करना होगा कि लगातार तीसरे मैच में टीम चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी या नहीं।

## टीम इंडिया के स्पिनर्स का चला जादू



- **8 रन बनाने में इंग्लैंड के 5 विकेट गिरे**
- **इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर ढेर**
- **रोहित की 18वीं फिफ्टी, यशस्वी अर्धशतक बनाकर आउट, 135/1**
- **कुलदीप यादव 5 तो अश्विन ने 4 विकेट लिए**

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड की पारी 218 रनों पर सिमट गई है। एक समय टीम बड़े स्कोर की तरफ बढ़ते दिख रही थी। लेकिन फिर भारतीय स्पिनर्स का जादू देखने को मिला। भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड ने बेहतरीन शुरुआत की। सलाममी बल्लेबाज जैक क्राउली ने अर्धशतक बनाया। इससे एक समय टीम का स्कोर 3 विकेट पर 175 रन था। लेकिन अगले 8 रन बनाने में इंग्लैंड ने 5 विकेट खो दिए। भारत की स्पिन गेंदबाजी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। अंत में एक समय 300 के पार जाती दिख रही इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रनों पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट की पहली पारी में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। फिलहाल, पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है और भारत एक विकेट के नुकसान के 135 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी क्रीज पर है। रोहित अपने टेस्ट करियर की 18वीं फिफ्टी पूरी कर चुके हैं।

**चैंपियंस लीग**

## एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में पहुंचा




**सैन सेबेस्टियन (स्पेन) (एजेंसी)।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामिंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किये जिससे उनकी टीम कुल 4-1 के अंतर से जीत दर्ज करने में सफल रही।

पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले गए मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल की मदद से लाजियो को 3-0 से हराकर चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

केन इस सत्र में बायर्न म्यूनिख की तरफ से 33 गोल कर चुके हैं। बायर्न म्यूनिख रोम में खेले गए पहले दौर के मैच में 1-0 से हार गया था। इस तरह से उसने 3-1 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह बनाई।

# कार्तिक 2024 सत्र के बाद आईपीएल को कहेंगे अलविदा, अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर जल्द लेंगे फैसला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र में अंतिम बार इस लुभावनी लीग में खेलने की तैयारी रहे हैं और इस टी20 लीग के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले 38 वर्षीय कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं।

इस दौरान 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, '2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी आईपीएल होगा। वह आईपीएल के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ रुपए में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात लायंस की ओर से खेले और फिर चार सत्र तक कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में नाइट राइडर्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। आईपीएल 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने उन्हें दूसरी बार साढ़े पांच करोड़ रुपए में खरीदा था।

मुख्य रूप से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए उन्होंने आरसीबी के लिए 2022 में शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 2022 में 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन के दम पर कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम तब चैंपियन बने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई। लेकिन तब तक कार्तिक ने तेजतर्रार, तकनीक से भरपूर दृष्टिकोण के साथ एक कमेंटेटर के रूप में भी अपना नाम बना लिया था। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय करियर में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, विशेषकर यह देखते हुए कि उनका करियर दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के साथ टकराता है।

कार्तिक ने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पदार्पण के बाद 26 टेस्ट खेले जिसमें 1025 रन बनाए। उन्होंने 57 कैच लेने के अलावा छह स्टंप भी किए। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट 2018 में खेला था। वनडे में उन्होंने 2004 और 2019 के बीच 94 मैच में 1752 रन बनाए और 64 कैच तथा सात स्टंपिंग की। कार्तिक ने 2006 में सबसे छोटे प्रारूप में पदार्पण करने के बाद भारत के लिए आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला। उन्होंने 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 686 रन बनाए और 30 कैच तथा आठ स्टंपिंग की।

# 100वें टेस्ट पर भारतीय खिलाड़ियों ने अश्विन को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**सचिन से लेकर लक्ष्मण-कुंबले तक, क्रिकेट जगत ने इस तरह दी अश्विन-बेयरस्टो को 100वें टेस्ट की बधाई**

**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम के सुंदर नजारों के बीच रविचंद्रन अश्विन और जॉनी बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल कीं। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां मुकाबला इन दोनों खिलाड़ियों के लिए बेहद खास है। भारतीय टीम पहले से ही इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है और इस टेस्ट का कोई खास महत्व सीरीज के नजरिए से न हो, लेकिन अश्विन और बेयरस्टो की व्यक्तिगत यात्रा के लिए यह मैच बहुत महत्व रखता है। सोशल मीडिया पर भी इन दोनों को काफी बधाई संदेश मिल रहे हैं। सचिन तेंदुलकर से लेकर वीवीएस लक्ष्मण और अनिल कुंबले तक ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी है।




### अश्विन का रिकॉर्ड

भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य गेंदबाज अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट से पहले तक 99 टेस्ट में 507 विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा वनडे और टी20 में भी उन्होंने अच्छा योगदान दिया है। उनके टेस्ट आंकड़े 23.91 के प्रभावशाली औसत का दावा करते हैं, जिसमें 35 फाइव विकेट हॉल और आठ 10 विकेट हॉल शामिल हैं। अश्विन हाल ही में कुंबले को पीछे छोड़ते हुए घरेलू जमीन पर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।

- **जॉनी बेयरस्टो का रिकॉर्ड** – बेयरस्टो टेस्ट में 100वीं इंग्लिश कैप पाने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बन गए हैं। धर्मशाला टेस्ट से पहले बेयरस्टो ने 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के बैजबॉल में बेयरस्टो का योगदान अहम रहा है। उन्होंने इस दौरान छह शतक जड़े हैं। बैजबॉल टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक क्रिकेट खेलने के तरीके को कहा जाता है।
- **क्रिकेट जगत ने दोनों को बधाई दी** – जैसे ही अश्विन और बेयरस्टो ने 100वीं टेस्ट कैप हासिल की, महान सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट के कई दिग्गजों ने हार्दिक शुभकामनाएं भेजी हैं। 200 टेस्ट मैच खेलने वाले तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर दोनों के लिए एक खास पोस्ट किया। उन्होंने लिखा– धर्मशाला में यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि अश्विन और बेयरस्टो 100वीं बार टेस्ट की जर्सी पहन रहे हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है जो रेड बॉल के क्रिकेट के लिए उनके जुनून और दृढ़ता के बारे में बताती है। मैं आशा करता हूं कि दोनों के लिए यह मैच शानदार रहे।वहीं, अनिल कुंबले ने लिखा– अश्विन आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। भारत के लिए ऐसे ही मैच जीतते रहें। आप एक चैंपियन खिलाड़ी हैं और अभी कई और उपलब्धियां बाकी हैं। बेयरस्टो को भी 100 टेस्ट के लिए बधाई। यह एक शानदार उपलब्धि है। ऐसे ही अच्छा करते हैं। इसके अलावा प्रज्ञान ओझा, वीवीएस लक्ष्मण, साइमन डडली, वसीम जाफर, वेंकटेश प्रसाद, एस बद्रीनाथ ने भी शुभकानाएं दी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में भाजपा ने 8 जिलाध्यक्ष बदले, वसुंधरा राजे गुट के नेताओं की एंट्री



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने 8 जिला अध्यक्ष बदल दिए है। खास बात यह है कि पूर्व सीएम वसुंधर राजे के गुट के नेताओं को एंट्री मिली है। जबकि ओम बिरला के गुट के नेताओं को भी एडजस्ट किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आदेश जारी कर दिए है। भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में 8 जिला अध्यक्ष बदल दिए हैं। गुरुवार सुबह जारी हुई लिस्ट में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे गुट के नेताओं को जगह दी गई है। ये बदलाव 5 मार्च को जारी गई 34 जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद किया गया है। क्योंकि कहा जा रहा था कि इन नामों में राजे गुट के नेता शामिल नहीं है। इसी के चलते 48 घंटे के अंदर झुंझुनूं, सीकर, टोंक, डूंगरपुर, कोटा शहर, कोटा देहात, बूंदी और बारां के जिलाध्यक्ष बदल दिए गए। नए आदेश के अनुसार, अब झुंझुनूं के नए बीजेपी जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी होंगे। पहले रतन सिंह तंवर को ये जिम्मेदारी दी गई थी. इसी तरह सीकर में बनवारी लाल यादव को हटाकर वसुंधरा गुट के कमल सीकवाल को बीजेपी ने नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। टोंक में अजीत मेहता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि डूंगरपुर में बंसीलाल पाटीदार को हटाकर वसुंधरा गुट के हरीश पाटीदार को बीजेपी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कोटा शहर में बिरला गुट के राकेश जैन, कोटा देहात में बिरला गुट के प्रेम गोचर और बूंदी में बिरला गुट के सुरेश अग्रवाल को बीजेपी ने नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जबकि बारां में राजे गुट के नन्दलाल सुमन को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### छत्तीसगढ़ में एक और भाजपा नेता की नक्सलियों ने ली जान, घात लगाकर हमला, जेसीबी फूंकी



**बीजापुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बुधवार को नक्सलियों ने कथित तौर पर भाजपा के एक नेता की हत्या कर दी। कैलाश नाग स्थानीय ठेकेदार थे। बताया जाता है कि जांगला थाना क्षेत्र के भुर्रीपानी गांव में एक तालाब की खुदाई चल रही थी। इसके लिए वन विभाग ने जेसीबी लगाई थी। आईजी बस्तर ने बताया कि बुधवार शाम को करीब 5 बजे नक्सली घटना स्थल पर पहुंचे और नाग की हत्या कर दी। नक्सलियों ने जेसीबी को भी आग के हवाले कर दिया। कैलाश नाग बीजापुर जिले में भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी थे। आईजी ने बताया कि कैलाश नाग की माओवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी और तालाब निर्माण के काम में लगे जेसीबी वाहन को फूंक दिया। मामले में जांगला थाना पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। इससे पहले 1 मार्च को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बीजेपी नेता की हत्या कर दी थी। नक्सलियों ने जनपद सदस्य तिरुपति कटला की उस समय हत्या कर दी थी जब वह एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। माना जा रहा है कि नक्सली इन हत्याओं के जरिए चुनावी माहौल में अपनी दहशत कायम करना चाहते हैं। बताया जाता है कि नक्सलियों ने भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाग घात लगाकर हमला किया। हत्या को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने उनकी लाश को भूरीपानी और कोकमेंटा के बीच फेंक दिया। एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कैलाश नाग जांगला के रहने वाले थे। पिछले साल से किसी भाजपा नेता की यह नौवीं हत्या है। अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने भाजपा के एक नेता की हत्या कर दी थी।

# प्रकाश आंबेडकर ने महा विकास अघाडी से महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों की मांग की

**मुंबई , एजेंसी।**
महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर एनडीए और आईएनडीआईए दोनों ही गठबंधनों में खींचतान जारी है। बुधवार को विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक दलों के नेताओं और वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रकाश आंबेडकर के बीच राज्य की 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर मुंबई के एक होटल में बैठक थी। ये बैठक करीब साढ़े तीन घंटे चली लेकिन बेनतीजा रही।



सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में प्रकाश आंबेडकर ने दो ऐसी शर्तें रख दीं, जिससे एमवीए के दो बड़े नेता टेंशन में आ गए। दरअसल, आंबेडकर ने उस बैठक में राज्य की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों की मांग कर दी। इतना ही नहीं आंबेडकर ने अकोला, अमरावती, डिंडोरी, रामटेक और मुंबई की एक सीट पर भी दावा ठोक दिया। इसके अलावा आंबेडकर ने सांगली और वर्धा सीटों पर सीट शेयरिंग से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जहां आम तौर पर कांग्रेस चुनाव लड़ती है। इससे एमवीए के घटक दलों कांग्रेस, शिव सेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद पवार) के सामने मुश्किल खड़ी हो गई है। दी, जो उद्धव ठाकरे और शरद पवार के लिए टेंशन देने वाला है। बैठक में प्रकाश आंबेडकर ने शर्त रखी कि गठबंधन के सभी सहयोगी दलों को यह लिखित रूप से देना होगा कि चुनाव बाद भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे। दरअसल, प्रकाश आंबेडकर ने यह मुद्दा इसलिए उठाया क्योंकि महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि एमवीए के कुछ घटक दल भाजपा से बातचीत कर रहे हैं। बैठक के बाद इंडिया टुडे ग्रुप से बातचीत करते हुए वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रवक्ता सिद्धार्थ मोकले ने कहा कि उनकी पार्टी दोहरे मानकों के खिलाफ है। इसीलिए प्रकाश आंबेडकर ने सहयोगी दलों के सामने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए सभी भागीदारों को भी ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाने की जरूरत है। इसबीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने महा विकास आघाडी के घटक दलों के बीच राज्य की 48 लोकसभा सीट में से किसी पर भी विवाद होने से इनकार किया है। राउत ने बैठक में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि सीट-बंटवारे के फॉर्मूले का विवरण एमवीए सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया जाएगा लेकिन, उन्होंने इस संबंध में कोई समय-सीमा बताने से इनकार कर दिया। राउत ने कहा, '' एमवीए घटक दलों के बीच 48 में से एक भी सीट पर कोई विवाद नहीं है। प्रकाश आंबेडकर से भी हमारी बहुत सकारात्मक चर्चा हुई है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तानाशाही शासन को हटाने के हमारे रुख से भी संतुष्ट हैं।'' उन्होंने बैठक में चर्चा के विवरण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि आंबेडकर ने हमें एक प्रस्ताव दिया था जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। राउत ने कहा कि बैठक में अन्य लोगों के अलावा शरद पवार, उद्धव ठाकरे, जितेंद्र आव्हाड (राकांपा-शरदचंद्र पवार) और आंबेडकर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने कहा, ''सीट-बंटवारे के फॉर्मूले का विवरण सभी एमवीए सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया जाएगा।

## मोदी लहर में गंवाया राजस्थान, अब इन तीन नेताओं से कांग्रेस को उम्मीद

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का बेशक अभी ऐलान न हुआ हो लेकिन सभी पार्टियों ने युद्धस्तर पर इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ से राजस्थान फिसल गया था। 2014 में पार्टी को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। वहीं 2019 में 24 सीटें बीजेपी की झोली में आई थीं। ऐसे में पार्टी 2024 में अपना पूरा दमखम लगाकर इस स्थिति को बेहतर बनाने की पूरी कोशिश में है। यहां बीजेपी को मात देने के लिए उसने अपने तीन धुरंधर नेताओं पर भरोसा जताया है।

पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी जोशी जैसे वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी एसएस रंधावा ने मंगलवार को घोषणा की कि पार्टी गहलोत और पायलट के साथ बातचीत कर रही है। वहीं सीपी जोशी, जो पिछली विधानसभा के अध्यक्ष थे, के नाम पर जयपुर सिटी और भीलवाड़ा लोकसभा सीट से लड़ने की चर्चा की जा रही है।

रंधावा ने यह भी बताया कि एआईसीसी महासचिव मुकुल वासनिक के नेतृत्व वाली समिति राज्य में संभावित गठबंधन के लिए अन्य दलों के साथ बातचीत कर रही है। मजबूत आधार होने के बावजूद, कांग्रेस पिछले दो चुनावों में इसे सीटों में तब्दील नहीं कर पाई थी। 2014 में मोदी लहर में पार्टी को सभी सीटों पर हार जबकि 2019 में केवल एक सीट पर जीत मिली थी। यह सीट भी गठबंधन सहयोगी आरएलपी के खाते में गई थी।

## हिमाचल संकट हल करने के लिए खरगे को भेजी रिपोर्ट

**शिमला, एजेंसी।**
राज्यसभा चुनाव में करारी हार के बाद हिमाचल में कांग्रेस की फजीहत हुई। सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पर संकट के बादल फिलहाल शांत दिखाई दे रहे हैं लेकिन, अंदरखाने सबकुछ ठीक नहीं है। कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मामले में तीन पन्नों की सीक्रेट रिपोर्ट सौंपी है। जिसमें सुक्खु के आलोचना की गई है। खबर ये भी है कि रिपोर्ट में प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को पद से हटाने की सिफारिश शामिल है।

राज्यसभा चुनाव के बाद हिमाचल प्रदेश की सरकार पर जिस तरह संकट के बादल आ गए थे, उस पर कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने एक सीक्रेट रिपोर्ट तैयार की है। हालांकि सुक्खू सरकार पर से संकट के बादल फौरी तौर पर छंट गए लेकिन, अभी लड़ाई लंबी है। पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस चीफ खरगे को सौंपी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि सुक्खू का पद चुनाव तक सेफ रखा जाए। चुनाव के बाद विचार किया जा सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तीन पन्नों की गोपनीय रिपोर्ट भेजी गई है। इसमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रति नाराजगी और आलोतना की गई है। साथ ही 6 विधायकों के बागी होने के पीछे राज्य कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह को जिम्मेदार ठहराया गया है। सीक्रेट रिपोर्ट में विक्रमादित्य सिंह की भूमिका पर भी ध्यान दिया गया है। ऐसा लिखा है कि अभी विक्रमादित्य से कहा है कि लोकसभा चुनाव तक सुक्खू की कुर्सी नहीं जाने वाली। कांग्रेस पर्यवेक्षकों द्वारा खरगे को सौंपी गई रिपोर्ट में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग का प्रमुखता से जिक्र है। जिसमें कांग्रेस के 6 विधायकों द्वारा भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग की गई थी। इसमें परिणाम यह निकला था कि कांग्रेस उम्मीदवार विधानसभा में पार्टी के 40 विधायकों के संख्याबल के बावजूद हार गए। वहीं, 25 विधायकों के संख्याबल के साथ भाजपा उम्मीदवार की जीत हुई थी। रिपोर्ट में इस प्रकरण पर सुखविंदर सिंह सुक्खू की आलोचना की गई है। यह कहा गया है कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों को एक साथ रखने में असमर्थ थे।

रिपोर्ट में विक्रमादित्य सिंह के सुक्खू सरकार के खिलाफ बागी तेवरों पर भी लिखा गया है। पर्यवेक्षकों ने पाया है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पर आए संकट में विक्रमादित्य सिंह ने अनुशासन तोड़ा है। उनके कार्यों से पार्टी नेताओं ने यह संदेह भी जताया कि आने वाले समय में उन पर भरोसा किया जाए या नहीं? उधर, 6 बागी विधायकों पर पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि क्रॉस वोटिंग के लिए उन्हें मोटी रकम दी गई।

पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी सीक्रेट रिपोर्ट में प्रदेश सरकार पर मंडरा रहे संकट को दूर करने के लिए कुछ सिफारिश भी की हैं। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले असंतुष्ट विधायकों को निगम और कई विभागों में पद देने की बात कही गई है। पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट में पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह को आड़े हाथों लिया है। इंडिया टुडे के मुताबिक, सीक्रेट रिपोर्ट में ऐसा प्रस्ताव है।

## जौनपुर में भाजपा के जिला मंत्री की गोली मारकर हत्या

### बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी के खिलाफ लड़ चुके थे चुनाव

**जौनपुर, एजेंसी।**
यूपी के जौनपुर में बीजेपी के जिला मंत्री प्रमोद यादव की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। प्रमोद 2012 में बीजेपी के टिकट पर बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जागति सिंह के खिलाफ मल्हनी सीट से यूपी विधानसभा का चुनाव लड़े थे। उस चुनाव में इस सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पारस नाथ यादव को जीत मिली थी। जबकि जागृति सिंह दूसरे नंबर पर रहीं थीं।

सुबह 10 बजे के करीब बदमाशों ने भाजपा नेता पर हमला कर उनपर गोली चला दी। प्रमोद यादव को आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात के बाद जिला पुलिस ऐक्शन में आ गई है। जौनपुर जिले में जगह-जगह चेकिंग चल रही है। भाजपा नेता को गोली मारने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जौनपुर के बक्सा थाना क्षेत्र के बोधापुर मोड़ पर यह वारदात हुई है। अज्ञात बदमाशों ने भाजपा नेता प्रमोद यादव को गोली मार दी। प्रमोद को लेकर लोग आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया लेकिन थोड़ी देर बाद ही उनकी मौत हो गई।



## यूपी में 13 हजार अवैध मदरसे बंद करने की सिफारिश, एसआईटी ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट

**लखनउ, एजेंसी।** यूपी में अवैध मदरसों की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट यूपी सरकार को सौंप दी है। एसआईटी ने करीब 13 हजार अवैध मदरसों को बंद करने की सिफारिश की है। इनमें से अधिकतर अवैध मदरसे नेपाल सीमा पर मौजूद हैं। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस रिपोर्ट के बाद बड़ी कार्रवाई की जा सकती है । दरअसल, जिन 13000 मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है। वह अधिकतर नेपाल बॉर्डर से सटे हुए जिले हैं। महाराजगंज श्रावस्ती बहराइच समेत 7 जिले ऐसे हैं जहां मदरसों की संख्या 500 से भी अधिक बताई जा रही है।

एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि इन मदरसों ने अपने आय और खर्च का ब्योरा नहीं दिया। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो एसआईटी ने आशंका जताई है कि साजिश के तहत टेरर फंडिंग के लिए जुटा गई रकम को मदरसा निर्माण के लिए भेजा गया है। एसआईटी ने यह भी बताया है कि मदरसा का कहना है कि निर्माण चंदों द्वारा किया गया है हालांकि चंदों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

आपको बता दें कि यूपी में मदरसों की फंडिंग को लेकर जांच के निर्देश दिए गए थे। इन मदरसों की जांच के लिए एसआईटी टीम बनाई थी। इस एसआईटी टीम ने जांच की। जांच में एसआईटी के सामने कई चौंकाने वाली बात सामने आई।

## पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने 44 साल बाद मानी अपनी गलती, पूर्व पीएम की फांसी पर उठाए सवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने 44 साल पहले फांसी पर लटकाए गए पूर्व पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो को मिली सजा के मामले में गलती मानी है। अदालत ने कहा कि 1979 में जुल्फिकार अली भुट्टो को सैन्य शासन में फांसी दी गई थी। उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा चल रहा था, लेकिन उनके खिलाफ ट्रायल सही से नहीं चला। बीते कई सप्ताह से इस मामले में सुनवाई चल रही थी और सोमवार को अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। चीफ जस्टिस काजी फैज इसा ने कहा, हम नहीं मानते कि जुल्फिकार अली भुट्टो के खिलाफ सही से केस चला था और न ही पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया।

जुल्फिकार अली भुट्टो को मिली सजा के फैसले पर समीक्षा याचिका 2011 में पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दायर की थी। आसिफ अली जरदारी रिश्ते में भुट्टो के दामाद हैं और अब उनकी बनाई पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के मुखिया भी हैं। जुल्फिकार



अली भुट्टो की सजा को लेकर पाकिस्तान के राजनीतिक हलकों में बहस चलती रही है कि उन्हें जल्दबाजी में फांसी की सजा दी गई थी और उनके खिलाफ सही से ट्रायल नहीं चलाया गया। इसी मामले में जरदारी ने केस दायर किया था। जिस पर सुनवाई के बाद अब 13 साल बाद फैसला आया है

इस याचिका की सुनवाई 9 सदस्यों वाली संवैधानिक बेंच ने की। अदालत में सुनवाई के दौरान एक वकील ने तो यहां तक कहा कि भुट्टो के खिलाफ हत्या का केस नहीं चला बल्कि केस की हत्या हुई थी।

## सदगुरू के साथ महाशिवरात्रि उत्सव में जगमगाया टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में गूंजा हर-हर महादेव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर ने सोमवार को अनोखी और यादगार शाम देखी। यहां शिव और शंभो के मंत्रोच्चार के साथ टाइम्स स्क्वायर की बिग स्क्रीन पर महाशिवरात्रि का वीडियो प्रसारित हुआ। सद्गुरु की झलक के साथ महाशिवरात्रि का वीडियो स्क्रीन पर जैसे ही चला, न्यूयॉर्कवासी हर हर महादेव की धुन पर जमकर थिरकने लगे।




एक्स पर वीडियो साझा करते हुए ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने पोस्ट किया, न्यूयॉर्क के टाइम्सस्क्वायर पर महाशिवरात्रि का भव्य स्वागत! दुनिया मानव क्षमता को बढ़ाने और परिवर्तन के अवसर के उत्सव के रूप में शिव की महान रात के महत्व को समझ रही है। आइए हम इसे साकार करें।

न्यूयॉर्क में महाशिवरात्रि उत्सव का आनंद लेने के बाद कई दर्शकों ने अपने अनुभव साझा किए। एक महिला मार्गेट ने कहा, जब टाइम स्क्वायर की स्क्रीन पर सद्गुरु की छवि दिखाई दी तो हवा में प्यार और उत्साह देखकर मेरे चेहरे से आंसू बह निकले। उन्होंने कहा, यह उत्सव, जुड़ाव और याद दिलाने वाली रात थी और इस आध्यात्मिक अनुभव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। टाइम्स स्क्वायर पर इस भव्य वीडियो आयोजन के 140 मिलियन से अधिक लोग साक्षी बने। सद्गुरु के साथ महाशिवरात्रि वीडियो आयोजन ने दुनिया में सबसे प्रतीक्षित वार्षिक आयोजनों में स्थान हासिल कर लिया है। इस वर्ष भी, महाशिवरात्रि पर रात भर चलने वाले समारोहों में सद्गुरु द्वारा निर्देशित उत्सवपूर्ण संगीत और मंत्रमुग्ध नृत्य प्रदर्शन होंगे। यह भव्य आयोजन 8 मार्च शाम 6 बजे से 9 मार्च सुबह 6 बजे तक दुनिया भर की 22 भाषाओं में सद्गुरु के यूट्यूब चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। जबकि, मंच पर शंकर महादेवन, गुरदास मान जैसे अन्य प्रसिद्ध कलाकारों का मनमोहक प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# बुजुर्ग ने लगवा लीं कोरोना वैक्सीन की 217 डोज, वैज्ञानिकों के उड़ गए होश

**बर्लिन/मैगडेबर्ग, एजेंसी।**
जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में रहने वाले एक 62 वर्षीय बुजुर्ग शख्स ने हैरान करने वाला दावा किया है। उसने बताया कि उसे कोरोना वायरस की 200 से अधिक वैक्सीन की डोज लगी हैं। शख्स के इस दावे के बाद वैज्ञानिकों के होश उड़ गए। फ्रेडरिक-अलेक्जेंडर-यूनिवर्सिटीएट एर्लांगेन-नूर्नबर्ग (एफएयू) और यूनिवर्सिटाट्सक्लिनिकम एर्लांगेन के शोधकर्ताओं ने अखबार की रिपोर्टों से उस व्यक्ति के बारे में पता लगाया और उसकी इम्यून रिस्पॉन्स का अध्ययन किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी - क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, इम्यूनोलॉजी एंड हाइजीन के डॉ. किलियन शॉबर ने कहा, हमें अखबार के लेखों के माध्यम से उनके मामले के बारे में पता चला। हमने फिर उनसे संपर्क किया और उन्हें एर्लांगेन में विभिन्न परीक्षणों से गुजरने के लिए कहा। वह ऐसा करने में बहुत रुचि रखते थे। प्रेस रिलीज में यह भी कहा गया है कि जर्मनी के यह व्यक्ति को 29 महीनों के निजी वजहों से 217 टीकाकरण लगाए गए।

शॉबर ने आगे बताया, हाल के सालों में शख्स के कई ब्लड टेस्ट करवाए गए हैं। उन्होंने हमें इन विश्लेषणों के परिणामों का आकलन करने की अनुमति दी। कुछ मामलों में, नमूने फ्रीज कर दिए गए थे और हम स्वयं इसकी जांच करने में सक्षम थे। इसके अलावा, जब शख्स का एक और वैक्सीनेशन किया गया, तब हम लोगों ने खुद से भी उसका ब्लड सैंपल लिया। हम इन सैंपल्स का इस्तेमाल करके यह पता लगाना चाहते थे कि इतने वैक्सीनेशन के बाद कैसे इम्यून सिस्टम काम करता है।

टेस्टिंग के बाद पता चला है कि टी-इफेक्टर कोशिकाएं अधिक संख्या में थीं जो शरीर को कोविड-19 संक्रमण से बचा सकती हैं। जब तीन टीकाकरण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के इम्यून




सिस्टम की तुलना की गई, तो 62 साल के बुजुर्ग में अधिक टी-प्रभावक कोशिकाएं मिलीं। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि ये प्रभावकारी कोशिकाएं थकी हुई नहीं थीं और उन कोशिकाओं की तरह ही प्रभावी थीं जिन्हें सामान्य संख्या में टीकाकरण प्राप्त हुआ था। लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की लेखक कैटरीना कोचर बताती हैं कि हमारे परीक्षण मामले में मेमोरी कोशिकाओं की संख्या उतनी ही अधिक थी जितनी नियंत्रण समूह में। कुल मिलाकर, हमें कमजोर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के लिए कोई संकेत नहीं मिला; बल्कि, यह इसके विपरीत था।

## बाइडेन को चुनौती देने वाले डीन फिलिप्स अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मिनेसोटा के कांग्रेसी डीन फिलिप्स ने घोषणा की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के विकल्प के रूप में खुद को स्थापित करने के प्रयास में कोई प्रगति नहीं होने पर वह डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चुनाव से हट रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिप्स का निर्णय सुपर ट्यूजडे के बाद आया, जब बााइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दर्जन से अधिक राज्यों में अपनी-अपनी पार्टी के राष्ट्रपति पद के प्राइमरी में जीत हासिल की। 55 वर्षीय फिलिप्स ने अक्टूबर 2023 में बाइडेन को चुनौती देने के लिए अपने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था उन्हें अपनी पार्टी के नेता के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उनका मानना ??था कि नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन ट्रम्प से हार जाएंगे। अपने संक्षिप्त बयान में, तीन-कार्यकाल के कांग्रेसी ने बाइडेन का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि व्हाइट हाउस में बाइडेन जैसे शालीन व ईमानदार व्यक्ति को बनाए रखने में मदद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129